रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

खण्ड 80] प्रयागराज, शनिवार, 09 मई 2026 ई० (वैशाख 19, 1948 शक संवत्) [संख्या 19

विषय-सूची

हर भाग के पन्ने अलग-अलग किये गये हैं, जिससे इनके अलग-अलग खण्ड बन सके।

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा
सम्पूर्ण गजट का मूल्य		रु0
भाग 1– विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस	233–246	3075
भाग 1–क– नियम, कार्य-विधियां, आज्ञायें, विज्ञप्तियां इत्यादि, जिनको उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया	311–312	1500
भाग 1–ख (1) औद्योगिक न्यायाधिकरणों के अभिनिर्णय भाग 1–ख (2)–श्रम न्यायालयों के अभिनिर्णय		
भाग 2–आज्ञायें, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों का उद्धरण	...	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़पत्र, खण्ड ग–निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा खण्ड घ–जिला पंचायत	...	975
भाग 4– निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश	245–686	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तर प्रदेश	...	975
भाग 6–(क) बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किये गये या प्रस्तुत किये जाने से पहले प्रकाशित किये गये (ख) सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट क–भारतीय संसद के ऐक्ट	...	975
भाग 7–(क) बिल, जो राज्य की धारा सभाओं में प्रस्तुत किये जाने के पहले प्रकाशित किये गये (ख) सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट भाग 7–क–उत्तर प्रदेशीय धारा सभाओं के ऐक्ट भाग 7–ख–इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	...	975
भाग 8–नगरपालिका परिषद्, नगर पंचायत, सरकारी कागज-पत्र, दबाई हुई रूई की गाठों का विवरण-पत्र, जन्म-मरण के आँकड़े, रोगग्रस्त होने वालों और मरने वालों के आँकड़े, फसल और ऋतु सम्बन्धी रिपोर्ट, बाजार भाव, सूचना, विज्ञापन इत्यादि	869-886	975
स्टोर्स–पर्चेज विभाग का क्रोड़ पत्र	...	1425

भाग 1

विज्ञप्ति-अवकाश, नियुक्ति, स्थान-नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस।

गृह (पुलिस सेवायें) विभाग

अनुभाग-2

05 जून, 2024 ई0

सं0 297डी0जी0/छः पु0से0-2-2024—वर्तमान में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात भारतीय पुलिस सेवा (उत्तर प्रदेश संवर्ग) के निम्नलिखित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित तिथि से पुलिस महानिरीक्षक वेतनमान (पे-मैट्रिक्स लेवल-14 रु0 1,44,200—2,18,200) के पद पर प्रोफार्मा प्रोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है—

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	बैच	प्रोफार्मा प्रोन्नति की तिथि
1	2	3	4
1	श्री मोहित गुप्ता	आईपीएस-आरआर-2006	01.01.2024
2	डा0 मनोज कुमार	आईपीएस-आरआर-2006	01.01.2024

आज्ञा से,
योगेश कुमार,
विशेष सचिव।

अनुभाग-1

11 जून, 2024 ई0

सं0 858/छः पु0से0-1-2024—चयन वर्ष 2022-2023 (दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 जून, 2023 तक) में प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति कोटे में अवधारित रिक्तियों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अधीन गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 09 अगस्त, 2023 को सम्पन्न बैठक में सम्यक विचारोपरान्त की गयी संस्तुति मा0 आयोग पंत्र संख्या-09(II)/04/पी/सेवा-1(2)/2023-2024 दिनांक 18 अगस्त, 2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी।

2— चयन वर्ष 2022-2023 (दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 जून, 2023 तक) में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष विभागीय चयन समिति की उक्त संस्तुति के अनुक्रम में कार्यालय आदेश संख्या-1524/छः पु0-से0-1-2023, दिनांक 28 अगस्त, 2023 द्वारा पुलिस सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत श्री अभितोष त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पुलिस उपाधीक्षक, सांधारण वेतनमान (वेतनमान रु0 15,600—39,100 ग्रेड-पे रु0 5,400, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल 10 रु0 56,100—1,77,500) में प्रोन्नत किये जाने के आदेश निर्गत किये गये।

3— अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन के पत्र संख्या-डी0जी0-दो/ब-61ए-2022-2023, दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 द्वारा अवगत कराया गया है कि वरिष्ठता सूची के क्रमांक-100 एवं पात्रता सूची के क्रमांक-91 पर अंकित पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 श्री अभितोष त्रिपाठी को पुलिस अधीक्षक (अधिष्ठान) अभिसूचना मुख्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस

दिनांक 27 जुलाई, 2023 द्वारा निर्गत किया गया है तथा उक्त विभागीय कार्यवाही प्रचलित है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर मुख्यालय के पत्र दिनांक 04 सितम्बर, 2023 द्वारा पुलिस अधीक्षक, प्रशासन यू0पी0-112 मुख्यालय लखनऊ को उक्त विभागीय कार्यवाही पूर्ण होने के उपरांत तथा मुख्यालय से अग्रिम आदेश प्रेषित किये जाने तक पुलिस निरीक्षक श्री अभितोष त्रिपाठी को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति संबंधी कार्यभार ग्रहण न कराया जाय, के संबंध में निर्देशित किया गया। श्री अभितोष त्रिपाठी को पुलिस अधीक्षक (अधिष्ठान) अभिसूचना मुख्यालय के दण्डादेश दिनांक 19 सितम्बर, 2023 द्वारा उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम 4 (1) (ख) (दो) के अंतर्गत एक माह के वेतन के समतुल्य धनराशि के अर्थ-दण्ड से दण्डित किया गया है। उक्त के क्रम में शासन के पत्र दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा श्री अभितोष त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक, नाग0पु0 के संबंध में नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही किये जाने का अनुरोध सचिव, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से किया गया।

4—उक्त के क्रम में उपसचिव, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्र संख्या-09(ix)/04/पी/सेवा-1 (2)/2023-24, दिनांक 21 मार्च, 2024 (प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के पत्र दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा की गई अपेक्षा के क्रम में उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में दिनांक 14 मार्च, 2024 को विभागीय चयन समिति की पुर्नविचार बैठक आहूत की गयी। उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में दिनांक 14 मार्च, 2024 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की पुर्नविचार बैठक मे श्री अभितोष त्रिपाठी की पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर की गयी संस्तुति को निरस्त किये जाने के संबंध में निम्नवत निर्णय लिया गया है—

क्र0 सं0	नाम	ज्येष्ठता क्रमांक	अभ्युक्ति/चयन समिति की संस्तुति
1	2	3	4
1	श्री अभितोष त्रिपाठी	100	दिनांक 09 अगस्त, 2023 को सम्पन्न चयन समिति की बैठक मे तत्समय शासन/विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों पर सम्यक विचारोपरान्त संमिति द्वारा श्री अभितोष त्रिपाठी को प्रश्नगत पद पर प्रोन्नति हेतु उपयुक्त पाते हुए तद् नुसार संस्तुति की गई थीं। सम्प्रति शासन के उपरिसंदर्भित पत्रों द्वारा पुलिस अधीक्षक (अधिष्ठान) अभिसूचना मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश संख्या-1-ई/ब-6-13/2023, दिनांक 19 सितम्बर, 2023 द्वारा उत्तर प्रदेश, अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियो की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम-4(1)(ख) (डो) के अंतर्गत एक माह के वेतन के समतुल्य धनराशि के अर्थ-दण्ड से दण्डित किये जाने की सूचना एवं पुनः शासन के पत्र संख्या-1853(1)छ-पु0-से0-1/2003, दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा श्री त्रिपाठी के विरूद्ध पारित उक्त दण्डादेश के दृष्टिगत पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पूर्व में की गयी संस्तुति को निरस्त किये जाने के प्रस्ताव तथा अन्य अद्यतन तथ्यों/अभिलेखो पर सम्यक विचारोपरान्त चयन समिति की पुनर्विचार बैठक दिनांक 14 मार्च, 2024 मे श्री अभितोष त्रिपाठी को प्रश्नगत पद पर प्रोन्नति हेतु उपयुक्त नही पाया गया। तद्नुसार पूर्व में की गयी इनकी संस्तुति निरस्त की जाती है।

प्रश्नगत चयन से सम्बन्धित यदि कोई याचिका अथवा प्रत्यावेदन विचाराधीन हो, तो यह चयन उक्त याचिका/विचाराधीन प्रत्यावेदन में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगा। चयन समिति की उक्त संस्तुति आयोग द्वारा अनुमोदित है।

6— अतएव मा0 आयोग द्वारा की गयी उक्त संस्तुति के क्रम में कार्यालय आदेश संख्या-1524/छः पु0-से0-1-2023, दिनांक 28 अगस्त, 2023 द्वारा श्री अभितोष त्रिपाठी, पुलिस निरीक्षक नाग0 पु0 (ज्येष्ठता क्रमांक-100) को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर की गई प्रोन्नति आदेश को निरस्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है।

सं0 858(I)/छः पु0से0-1-2024—चयन वर्ष 2022-2023 (दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 जून, 2023 तक) में प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नति कोटे में अवधारित रिक्तियों के सापेक्ष उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के अधीन गठित विभागीय चयन समिति की दिनांक 09 अगस्त, 2023 को सम्पन्न बैठक में सम्यक विचारोपरान्त की गयी संस्तुति मा0 आयोग पंत्र संख्या-09(II)/04/पी/सेवा-1(2)/2023-2024 दिनांक 18 अगस्त, 2023 द्वारा उपलब्ध करायी गयी।

2— चयन वर्ष 2022-2023 (दिनांक 01 जुलाई, 2022 से 30 जून, 2023 तक) में उपलब्ध रिक्तियों के सापेक्ष विभागीय चयन समिति की उक्त संस्तुति के अनुक्रम में कार्यालय आदेश संख्या-1524/छः पु0-से0-1-2023, दिनांक 28 अगस्त, 2023 द्वारा पुलिस सेवा में मौलिक रूप से नियुक्त एवं कार्यरत श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान, पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पुलिस उपाधीक्षक, सांधारण वेतनमान (वेतनमान रु0 15,600—39,100 ग्रेड-पे रु0 5,400, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल-10 रु0 56,100—1,77,500) में मा0 न्यायालय के अन्तिम निर्णय के अधीन प्रोन्नत किये जाने के आदेश निर्गत किये गये।

3— अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन के पत्र संख्या-डीजी-दो/ब-61ए-2022-2023, दिनांक 18 सितम्बर, 2023 द्वारा श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान के विरूद्ध पंजीकृत मु0अ0सं0-422/2019 धारा-409/411 भादवि व धारा-7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मे थाना लिंक रोक जनपद गाजियाबाद मे पंजीकृत अभियोग न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रथम जनपद-गाजियाबाद मे विचाराधीन होने की सूचना देते हुए पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान, पीएनओ-982514436 (ज्येष्ठता क्रमांक-22) को प्रान्तीय पुलिस सेवा के पदोन्नति कोटे मे पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक, साधारण वेतनमान मे प्रोन्नत आदेश को तात्कालिक प्रभाव से निर्गमन की तिथि दिनांक 28 अगस्त, 2023 से संशोधित/रिकॉल/निरस्त किये जाने की संस्तुति की गयी। उक्त के क्रम मे शासन के पत्र संख्या-1649/छः पु0से0-1-2023, दिनांक 26 सितम्बर, 2023 द्वारा श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान की निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर की गयी की संस्तुति को निरस्त किये जाने के संबंध मे कार्यवाही कराकर कृत कार्यवाही की आख्या उपलब्ध कराने का अनुरोध सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से किया गया।

4— उपसचिव, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्र संख्या-09(viii)/04/पी/सेवा-1(2)/2023-24/टीसी दिनांक 03 अप्रैल, 2024 (प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के पत्र दिनांक 26 सितम्बर, 2023 द्वारा की गई अपेक्षा के क्रम में उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में दिनांक 27 मार्च, 2024 को विभागीय चयन समिति की पुर्नविचार बैठक आहूत की गयी। उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में दिनांक 27 मार्च, 2024 को सम्पन्न विभागीय चयन समिति की पुर्नविचार बैठक मे श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान की पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर की गयी संस्तुति को निरस्त किये जाने के संबंध में निम्नवत निर्णय लिया गया है—

क्र0 सं0	नाम	ज्येष्ठता क्रमांक	अभ्युक्ति/चयन समिति की संस्तुति
1	2	3	4
1	लिफाफा बन्द, पद आरक्षित	22	शासन/विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी अद्यतन सूचना/अभिलेखों के आधार पर चयन वर्ष 2022-2023 हेतु की गयी प्रोन्नति की संस्तुति निरस्त की जाती है तथा पुनः शासन/विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी अद्यतन सूचना/अभिलेखों के आधार पर चयन समिति ने विचारोपरांत लिफाफा बंद, पद आरक्षित किया जाता है।

प्रश्नगत चयन से सम्बन्धित यदि कोई याचिका अथवा प्रत्यावेदन विचाराधीन हो, तो यह चयन उक्त याचिका/विचाराधीन प्रत्यावेदन में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होगा। चयन समिति की उक्त संस्तुति आयोग द्वारा अनुमोदित है।

6– अतएव मा0 आयोग द्वारा की गयी उक्त संस्तुति के क्रम में कार्यालय आदेश संख्या-1524/छः पु0-से0-1-2023, दिनांक 28 अगस्त, 2023 द्वारा श्रीमती लक्ष्मी सिंह चौहान, पुलिस निरीक्षक नाग0 पु0 (ज्येष्ठता क्रमांक-22) को पुलिस उपाधीक्षक के पद पर की गई प्रोन्नति आदेश को निरस्त किये जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है।

13 जून, 2024 ई0

सं0 1097/छः पु0से0-1-2024–याची पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 श्री अनिल कपरवान द्वारा पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत किये जाने के संबंध मे मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका 15655/2023 अनिल कपरवान बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व 05 अन्य योजित की गयी है। उक्त रिट याचिका में पारित आदेश दिनांक 19 सितम्बर, 2023 का प्रभावी अंश निम्नवत है–

1- Certified copy of the ordersheet of the Criminal revision proceeding of the Sessions Court, Ghaziabad, placed today, is taken on record.

2- Heard learned counsel for the parties.

3- Petitioner who has been considered for the promotion on the post of Deputy Superintendent of Police from the post of Inspector which petitioner is currently holding, on 01.05.2020 could not be offered promotion as there was a Criminal case pending against him. The matter was placed in a sealed cover as per procedure prescribed for.

4- Learned counsel for the petitioner submits that earlier the petitioner had approached this Court by filing a writ petition being Writ A No.15089 of 2021 which was disposed of on 24.11.2021 with a direction to consider the claim of the petitioner in the light of Government Order dated 28.05.1997. In compliance of the said order, both, the matter was examined and was ultimately rejected on the ground that the criminal case was pending in the trial court and chargesheet had been filed. Thus the representation of the petitioner to open the sealed cover, came to be rejected.

5- Petitioner has now approached this Court with today's changed circumstances as in the criminal trial he moved an application for discharge and that application came to be allowed by the trial court by judgment and order dated 07.04.2023. Copy whereof has been brought on record as Annexure-8 to the writ petition and so the matter has been recommended by the Superintendent of Police, Shamli under its

letter dated 17.04.2021 written to the Additional Director General of Police (Administration), Uttar Pradesh D.G.P. Headquarters, Lucknow.

6- Learned Senior Advocate has submitted before the Court that though against the order of discharge, State has filed a revision before the Sessions Judge, Ghaziabad but in the sald revision notices have only been issued and the order of discharge has not been stayed, and to this effect pleadings have also been raised in paragraph no. 33 of the writ petition.

7- In view of the above, this petition stands disposed of with direction to the respondents-competent authority to consider the petitioner's claim afresh in the light of the Government Order dated 28.05.1997

9- It is expected that as soon as the D.P.C. is constituted, the respondent-competent authority shall take immediate decision but in any case within the next sixty days' time of presentation of certified copy of this order.

2– मा0 न्यायालय के उक्त आदेश दिनांक 19 सितम्बर, 2023 के अनुक्रम मे अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन के पत्र दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 द्वारा याची पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 श्री अनिल कपरवान का पुलिस उपाधीक्षक साधारण वेतनमान ग्रेड पे-5,400/- में बन्द लिफाफे को खोले जाने के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। उक्त के क्रम में शासन के पत्र दिनांक 21 दिसम्बर, 2023 द्वारा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा मा0 आयोग से की गई।

3– उप सचिव, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्र दिनांक 07 मई, 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं पुलिस निरीक्षक (प्रतिसार/कंपनी कमाण्डर) से पुलिस उपाधीक्षक के पदों पर पदोन्नति द्वारा नियमित चयन हेतु दिनांक 24 अप्रैल, 2020 को सम्पन्न चयन समिति की बैठक में चयन समिति द्वारा श्री अनिल कपरवान पुलिस निरीक्षक वरिष्ठता (क्रमांक-36) चयन वर्ष 2019-20 के लिए प्रोन्नति पर विचार किया गया था, किन्तु विभाग द्वारा दी गयी सूचनानुसार तत्समय श्री अनिल कपरवान के विरुद्ध प्रचलित अभियोजन की कार्यवाही प्रचलित होने के दृष्टिगत श्री अनिल कपरवान की प्रोन्नति के संबंध में की गयी संस्तुति मुहर बंद लिफाफे में पद आरक्षित करते हुए रखी गयी थी।

यह भी उल्लेख किया गया है कि श्री अनिल कपरवान, पुलिस निरीक्षक के संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पत्र दिनांक 02 दिसम्बर, 2023 द्वारा अवगत कराया गया कि श्री अनिल कपरवान के विरुद्ध प्रचलित अभियोजन की कार्यवाही में कृत अपराध से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद के आदेश दिनांक 07 अप्रैल, 2023 द्वारा उन्मोचित किया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि रिट याचिका संख्या-15655/2023 अनिल कपरवान बनाम उत्तर प्रदेश, राज्य में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 19 सितम्बर, 2023 द्वारा समस्त प्रतिपक्षी/समक्ष प्राधिकारी को आदेश दिया गया है कि शासनादेश दिनांक 28 मई, 1997 के आलोक में याची की प्रोन्नति/दावे के संबंध में आदेश प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर निर्णय लेने के आदेश दिये गये है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद के आदेश दिनांक 07 अप्रैल, 2023 एवं मा0 उच्च न्यायालय के उक्त आदेश दिनांक 19 सितम्बर, 2023 के आलोक में श्री अनिल कपरवान की बंद लिफाफे में रखी गयी संस्तुति को शासनादेश संख्या 13/21/89 का 1/1997, दिनांक 28 मई, 1997 के नियम 7 के अनुसार याची का बंद लिफाफा खोला गया, जिसमें चयन समिति ने श्री अनिल कपरवान (योग्यता क्रमांक-36) चयन वर्ष 2019-2020 हेतु उपयुक्त पाया गया। तद्नुसार उक्त कार्मिक को प्रश्नगत पद पर प्रोन्नति किये जाने की संस्तुति की जाती है। उक्त संस्तुति पुनरीक्षण याचिका संख्या-340/2023 राम अवतार शर्मा बनाम अनिल कपरवान में होने वाले निर्णय के अधीन रहेगी। चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति आयोग द्वारा अनुमोदित है।

5– अतएव उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग द्वारा की गई उक्त संस्तुति के क्रम में चयन वर्ष 2019 2020 हेतु श्री अनिल कपरवान, निरीक्षक नाग0पु0 (वरिष्ठता क्रमांक-36) को उनके कनिष्ठ की तिथि से पुलिस उपाधीक्षक,

साधारण वेतनमान (वेतनमान रु0 15,600–39,100 ग्रेड पे रु0 5,400, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे लेवल 10 रु0 56,100–1,77,500) में प्रोन्नत प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदया सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है।

आज्ञा से,
राकेश कुमार मालपाणी,
विशेष सचिव।

02 जुलाई, 2024 ई0

सं0 1011/छः पु0से0-1-2024–अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या– डीजी-दो/ब-61/2022-23 दिनांक 30 अप्रैल, 2024 द्वारा उत्तर प्रदेश, सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2023 में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर चयनित/संस्तुत निम्नलिखित 05 चयनित अभ्यर्थियों के पूर्ववृत्त/चरित्र सत्यापन/विभागीय सत्यापन आदि की कार्यवाही पूर्ण कराकर सम्बन्धित अभिलेख संलग्न कर उपलब्ध कराया गया है–

क्रम सं0	मेरिट क्रमांक	अनुक्रमांक	अभ्यर्थी का नाम व पिता का नाम	जन्मतिथि	पत्र व्यवहार का पता	स्थायी पता
1	2	3	4	5	6	7
			(श्री/श्रीमती/सर्वश्री)–			
1.	01	107357	स्मृति राणा पुत्री श्री एस0पी0 राणा	15.08.1995	सत्येन्द्र पाल राणा 4370, बी 5 वसन्त कुंज नई दिल्ली साउथ वेस्ट दिल्ली, 110070	सत्येन्द्र पाल राणा 4370, बी5 वसन्त कुंज नई दिल्ली साउथ वेस्ट दिल्ली, 110070
2.	04	034304	अवनीश कुमार सिंह पुत्र श्री उमेश कुमार सिंह	22.07.1998	उमेश कुमार सिंह, बी-129, सेक्टर 11, विजयनगर, गाजियाबाद उ0प्र0 201009	उमेश कुमार सिंह, बी-129, सेक्टर 11, विजयनगर, गाजियाबाद उ0प्र0 201009
3.	14	015796	शशांक श्रीवास्तव पुत्र श्री दिलीप श्रीवास्तव	06.11.1990	दिलीप श्रीवास्तव, जे-222 नियर ओल्ड बॉबी किराना स्टोर आथ दुकान के पास दर्पण कालोनी ग्वालियर मध्य प्रदेश 474011	दिलीप श्रीवास्तव, 174/3 बिहाइण्ड गामा आटा चक्की ठाठीपुर बजरिया, ग्वालियर मध्य प्रदेश 474011
4.	15	530585	गौरव उपाध्याय पुत्र श्री ब्रह्म प्रकाश उपाध्याय	23.07.1991	गौरव उपाध्याय, ई-29, पालिका मिलन नई दिल्ली 110021	गौरव उपाध्याय, ई-29, पालिका मिलन नई दिल्ली 110021
5.	28	427909	मुकेश सिंह पुत्र श्री विश्वनाथ सिंह	20.05.1996	विश्वनाथ सिंह टापर पुरवा प्रतापपुर लखीमपुर खीरी उ0प्र0 261506	विश्वनाथ सिंह टापर पुरवा प्रतापपुर लखीमपुर खीरी उ0प्र0 261506

2– उल्लेखनीय है कि अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन उत्तर प्रदेश, के पत्र संख्या-डीजी-दो/ब-61/2022-23 दिनांक 12 मार्च, 2024 द्वारा उक्त प्रस्तर-2 में उल्लिखित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराते हुए कार्मिक अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-4/2021/1/4/2011-का-4-2021 दिनांक 29 अप्रैल, 2021 में दी गयी व्यवस्था के अनुक्रम में उक्त 05 अभ्यर्थियों के औपबन्धिक नियुक्ति-पत्र निर्गत किये जाने हेतु संस्तुति सहित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। तद्क्रम में शासन के कार्यालय आदेश संख्या-644/छः पु0से0-1-2024 दिनांक 14 मार्च, 2024 द्वारा उक्त प्रस्तर-2 में अकित 05 अभ्यर्थियों को पुलिस उपाधीक्षक के साधारण वेतनमान रु0 15,600–39,100 ग्रेड पे रु0 5,400/- (7-वें वेतन आयोग में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल-10, रु0 56,100–1,77,500) में अन्य शर्तों के साथ निम्न शर्त के अधीन औपबन्धिक नियुक्ति -पत्र निर्गत किया गया–

''उपरोक्त अभ्यर्थियों द्वारा यदि अपने स्वः सत्यापन या घोषणा-पत्र में कोई गलत सूचना दी गयी है तो औपबंधिक नियुक्ति तत्काल निरस्त कर दी जायेगी और परिणाम स्वरूप अन्य आपराधिक/विधिक कार्यवाही भी की जायेगी।''

3– अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के उक्त पत्र दिनांक 30 अप्रैल, 2024 द्वारा प्रस्तर 1 में उल्लिखित 05 अभ्यर्थियों के चरित्र/पूर्ववृत्त सत्यापन/विभागीय सत्यापन में कोई प्रतिकूल तथ्य अंकित नहीं है, की सूचना प्राप्त हुई है।

4– अतः सम्यक विचारोपरान्त शासन के उक्त आदेश दिनाक 14 मार्च, 2024 के प्रस्तर 3, 4, 5 एवं 6 में उल्लिखित शर्तों के अधीन रखते हुए उक्त 05 अभ्यर्थियों को औपबन्धिक रूप से नियुक्त की तिथि से अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रदान करते हुए औपबन्धन समाप्त किया जाता है।

आज्ञा से,
ए0वी0 राजामौलि,
सचिव।

अनुभाग-2

कार्यालय-ज्ञाप

22 जुलाई, 2024 ई0

सं0 996/छः पु0से0-2/2024–भारतीय पुलिस सेवा (उत्तर प्रदेश, संवर्ग) के निम्नलिखित अधिकारी वर्ष-2025 में अधिवर्षता पूर्ण कर विभिन्न तिथियों को सेवानिवृत्त होंगे–

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	बैच	जन्मतिथि	सेवानिवृत्ति की तिथि
1	2	3	4	5
	सर्वश्री–			
1.	श्री शशिकान्त	आईपीएस-एसपीएस-0	02.01.1965	31 जनवरी, 2025
2.	श्री राम अभिलाष त्रिपाठी,	आईपीएस-एसपीएस-2013	03.01.1965	31 जनवरी, 2025
3.	श्री अविनाश चन्द्र	आईपीएस-आरआर-1990	07.01.1965	31 जनवरी, 2025
4.	डॉ0 धर्म वीर सिंह	आईपीएस-एसपीएस-0	08.01.1965	31 जनवरी, 2025
5.	श्री लाल साहब यादव	आईपीएस-एसपीएस-0	10.01.1965	31 जनवरी, 2025

1	2	3	4	5
	सर्वश्री–			
6.	श्री भजनी राम मीणा	आईपीएस-आरआर-1997	12.01.1965	31 जनवरी, 2025
7.	डॉ0 भीम प्रिय अशोक	आईपीएस-एसपीएस-0	31.01.1965	31 जनवरी, 2025
8.	श्री अजय कुमार सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2008	05.02.1965	28 फरवरी, 2025
9.	श्री संजय सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2010	12.02.1965	28 फरवरी, 2025
10.	श्री शैलेश कुमार यादव	आईपीएस-एसपीएस-2010	28.02.1965	28 फरवरी, 2025
11.	डॉ0 राकेश सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2003	07.04,1965	30 अप्रैल, 2025
12.	श्री अजय आनंद	आईपीएस-आरआर-1992	13.04.1965	30 अप्रैल, 2025
13.	श्री राधेश्याम	आईपीएस-एसपीएस-2010	14.04.1965	30 अप्रैल, 202.5
14.	श्री योगेश सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2007	24.04.1965	30 अप्रैल, 2025
15.	डॉ0 संजय एम0 तरडे	आईपीएस-आरआर-1990	06.05.1965	31 मई, 2025
16.	डॉ0 अरविन्द चतुर्वेदी	आईपीएस-एसपीएस-2011	12.05.1965	31 मई, 2025
17.	सुश्री किरत यादव	आईपीएस-एसपीएस-2010	15.05.1965	31 मई, 2025
18.	श्री प्रशान्त कुमार-I	आईपीएस-आरआर-1990	16.05.1965	31 मई, 2025
19.	श्री पी0वी0 रामाशास्त्री	आईपीएस-आरआर-1989	18.05.1965	31 मई, 2025
20.	श्री तेज स्वरूप सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2011	22.05.1965	31 मई, 2025
21	श्री भारती सिंह	आईपीएस-एसपीएस-2007	29.05.19.65	31 मई, 2025
22.	श्री आदित्य प्रकाश वर्मा	आईपीएस-एसपीएस-2013	21.06.1965	30 जून, 2025
23.	श्री आदित्य मिश्रा	आईपीएस-आरआर-1989	30.06.1965	30 जून, 2025
24.	श्री विपिन कुमार मिश्रा	आईपीएस-एसपीएस-2007	01.07.1965	30 जून, 2025
25.	श्री राहुल राज	आईपीएस-एसपीएस-2010	01.07.1965	30 जून, 2025
26.	श्री विजय कुमार मौर्या	आईपीएस-आरआर-1990	10.07.1965	31 जुलाई, 2025
27.	डॉ0 एन0 रविन्दर	आईपीएस-आरआर-1996	06.08.1965	31 अगस्त, 2025
28.	श्री ह्रदेश कुमार	आईपीएस-एसपीएस-2011	25.08.1965	31 अगस्त, 2025
29.	डॉ0 जी0 के0 गोस्वामी	आईपीएस-आरआर-1997	06.09.1965	30 सितम्बर, 2025
30.	श्री कुलदीप नारायण	आईपीएस-एसपीएस-2010	08.09.1965	30 सितम्बर, 2025
31.	श्री कमला प्रसाद यादव	आईपीएस-एसपीएस-0	08.09.1965	30 सितम्बर, 2025
32.	श्री पंकज कुमार पाण्डेय	आईपीएस-एसपीएस-0	22.09.1965	30 सितम्बर, 2025
33.	श्री रामजी सिंह यादव	आईपीएस-एसपीएस-2010	01.10.1965	30 सितम्बर, 2025
34.	श्री अभय कुमार प्रसाद	आईपीएस-आरआर-1991	01,11.1965	31 अक्टूबर, 2025

1	2	3	4	5
	सर्वश्री–			
35.	श्री शैलेन्द्र कुमार राय	आईपीएस-एसपीएस-0	01.11.1965	31 अक्टूबर, 2025
36.	श्रीमती तिलोत्मा वर्मा	आईपीएस-आरआर-1990	02.11.1965	30 नवम्बर, 2025
37.	श्री शिवजी	आईपीएस-एसपीएस-0	14.11.1965	30 नवम्बर, 2025
38.	श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव	आईपीएस-एसपीएस-2011	19.11.1965	30 नवम्बर, 2025
39.	श्री दलजीत एस चौधरी	आईपीएस-आरआर-1990	23.11.1965	30 नवम्बर, 2025
40.	श्री प्रकाश स्वरुप पाण्डेय	आईपीएस-एसपीएस-2013	26.11.1965	30 नवम्बर, 2025

आज्ञा से,
मनोज कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव।

पदोन्नति / विज्ञप्ति
24 जुलाई, 2024 ई0

सं0 983 / छः पु0से0-2-2024–भारतीय पुलिस सेवा (उ0प्र0, संवर्ग) के निम्नांकित अधिकारी को दिनांक 01 अगस्त, 2024 अथवा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि, जो भी बाद में हो, से पुलिस महानिदेशक (वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल-16, रु0 2,05,400–2,24,400) के पद पर पदोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं–

क्रमांक	अधिकारी का नाम	बैच
1	2	3
1	श्री प्रेम चन्द मीना	आईपीएस-आरआर-1991

2– उपर्युक्त अधिकारी की तैनाती के सम्बन्ध में आदेश पृथक् से निर्गत किये जायेंगे।

आज्ञा से,
दीपक कुमार,
अपर मुख्य सचिव।

अनुभाग-1
प्रोन्नति / विज्ञप्ति
26 जुलाई, 2024 ई0

सं0 1619 / छः पु0से0-1-2024–उत्तर प्रदेश, प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक (ज्येष्ठ वेतनमान रु0 15,600–39,100 ग्रेड-पे 6,600, पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल-11 रु0 67,700–2,08,700) में कार्यरत निम्नलिखित अधिकारियों को विभागीय चयन समिति की बैठक दिनांक 23 जुलाई, 2024 में सम्यक विचारोपरान्त की गयी संस्तुति के अनुक्रम में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से वर्तमान तैनाती के स्थान पर ही अपर पुलिस अधीक्षक, (वेतनमान रुपया 15,600–39,100 ग्रेड पे-7,600) पुनरीक्षित वेतनमान मैट्रिक्स पे-लेवल-12 (रु0 78,800–2,09,200) में प्रोन्नति किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती है–

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	ज्येष्ठता क्रमांक
1	2	3
	(सर्वश्री / श्रीमती / सुश्री)–	
1.	नितिन कुमार सिंह	433
2.	सुनील कुमार सिंह	438
3	पंकज कुमार सिंह	439 (मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन)
4.	सुशील कुमार सिंह	442
5.	लाल प्रताप सिंह	443
6.	श्वेताभ पाण्डेय	444
7.	आलोक मिश्र	445
8.	मो0 अकमल खाँ	446
9.	अतुल कुमार चौबे	448
10.	राजेश कुमार सिंह	449
11.	संजीव कुमार सिन्हा	450
12.	सुमित शुक्ला	451
13	डॉ0 राजेश तिवारी	452
14.	अंशुमान मिश्रा	455
15.	प्रमोद कुमार सिंह यादव	456
16.	अब्दुल कादिर	457
17.	डा0 अनूप सिंह	458
18.	अरविन्द कुमार वर्मा	460
19.	वन्दना सिंह	461
20.	राजेश कुमार यादव	462
21.	डा0 अर्चना सिंह	463
22.	राजकुमार सिंह	464
23.	मनोज कुमार गुप्ता	466
24.	अर्चना सिंह	467
25.	पूनम सिनोही	468
26.	अतुल कुमार यादव	469
27.	सुधीर कुमार	471

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	ज्येष्ठता क्रमांक
1	2	3
	(सर्वश्री / श्रीमती / सुश्री)–	
28.	हिमांशु गौरव	472
29.	प्रभात कुमार	473
30.	नरेश कुमार	474
31.	विजय आनन्द	475
32.	सुशील प्रसाद गंगा प्रसाद	476
33.	रवि शंकर प्रसाद	478
34.	अरूण कुमार सिंह	480
35.	महेश कुमार	482
36.	रुक्मणि वर्मा	483
37.	ममता कुरील	484

2– उपर्युक्त प्रोन्नति आदेश रिक्तियों / परिणामी रिक्तियों (ऐसी रिक्तियाँ जिन पर मुहरबन्द लिफाफा, आस्थगित चयन अथवा अन्य किसी प्रकार से किसी व्यक्ति का धारणाधिकार न हो) के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर उनकी ज्येष्ठता क्रम में ही निर्गत किये जायेंगे।

3– उपर्युक्त प्रोन्नत अधिकारियों की तैनाती के आदेश पृथक् से निर्गत किये जायेंगे।

आज्ञा से,
डॉ0 संजीव गुप्ता,
सचिव।

09 अगस्त, 2024 ई0

सं0 1514 / छः पु0से0-1-2024–अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन के पत्र संख्या-डीजी-दो-ब-61ए-2022-23 / (73) दिनांक 01 जनवरी, 2024 द्वारा श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 पीएनओ-962410288 को पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक साधाराण वेतनमान (प्रोन्नति कोटा) ग्रेड पे रु0 5,400/- के पद पर प्रोन्नत किये के संबंध में प्रपत्र-3 व 4 की प्रति उपलब्ध कराते हुए परीक्षणोपरांत विचार कर निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त प्रस्ताव पर शासन के पत्र दिनांक 09 फरवरी, 2024 द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन के पत्र दिनांक 10 फरवरी, 2024 द्वारा अवगत कराया गया कि श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक नाग0पु0 के विरुद्ध किसी प्रकार की जांच / विभागीय कार्यवाही लम्बित / प्रचलित नही है।

2– उक्त के क्रम में शासन के पत्र संख्या-937 / छः पु0से0-1-2024 दिनांक 07 जून, 2024 द्वारा श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, पुलिस निरीक्षक, नाग0पु0पीएनओ-962410288 को पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक साधारण वेतनमान (प्रोन्नति कोटा) ग्रेड पे-5,400/- के पद पर प्रोन्नति किये जाने के संबंध में परीक्षणोपरांत विचार कर उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के निर्णय से अवगत कराने अपेक्षा की गयी।

3– उप सचिव, उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्र संख्या-9(X) / 04 / पी / सेवा-1(2) / 2023-24 दिनांक 03 जुलाई, 2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि चयन समिति की बैठक दिनांक 09 अगस्त, 2023 को

श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, ज्येष्ठता क्रमांक-80 चयन वर्ष 2022-23 की बन्द लिफाफे में रखी संस्तुति को खोलने के सम्बन्ध में निम्नवत संस्तुति की गयी–

उ0प्र0 सरकार के गृह (पुलिस) विभाग के अन्तर्गत प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में पुलिस निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं पुलिस निरीक्षक (प्रतिसार/कम्पनी कमाण्डर) से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, ज्येष्ठता क्रमांक 80 के सम्बन्ध में चयन समिति की बैठक दिनांक 09 अगस्त, 2023 को पदोन्नतियों की प्रदेयता सुनिश्चित करते समय समिति द्वारा चयन वर्ष 2022-23 हेतु श्री अवधेश कुमार पाण्डेय ज्येष्ठता क्रमांक 80 की संगत वर्षों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों एवं अन्य सेवाभिलेखों के सम्यक अनुशीलनोपरान्त उन्हें प्रश्नगत पद पर प्रोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया।

चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुति आयोग द्वारा अनुमोदित है।

4– उ0प्र0, लोक सेवा आयोग द्वारा उक्त संस्तुति के सम्बन्ध में यह अपेक्षा की गयी है कि मा0 आयोग द्वारा उपर्युक्त संस्तुत कार्मिक का प्रोन्नति आदेश जारी कर उसकी एक प्रति आयोग के अवलोकनार्थ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5– अतएव उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग द्वारा की गई उक्त संस्तुति के क्रम में चयन वर्ष 2022-23 हेतु श्री अवधेश कुमार पाण्डेय, निरीक्षक नागरिक पुलिस (ज्येष्ठता क्रमांक-80) को उनके कनिष्ठ की तिथि से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर नोशनल प्रोन्नति प्रदान की जाती है।

आज्ञा से,
राकेश कुमार मालपाणी,
विशेष सचिव।

विज्ञप्ति/नियुक्ति

28 अगस्त, 2024 ई0

सं0 1616/छः-पु0से0-1-2024–उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2023 के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक पद पर संस्तुत/चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश, पुलिस सेवा-संवर्ग में पुलिस उपाधीक्षक के साधारण वेतनमान रु0 15,600–39,100 ग्रेड पे रु0 5,400 (7वें वेतन आयोग में पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेवल-10, रु0 56,100–1,77,500) में अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं–

क्र0 सं0	मेरिट क्रमांक	अनुक्रमांक	अभ्यर्थी का नाम व पिता का नाम	जन्मतिथि	पत्र व्यवहार का पता	स्थायी पता
1	2	3	4	5	6	7
1	29	524074	श्री सनी पाण्डेय पुत्र श्री सुभाष चन्द्र पाण्डेय	07.07.1996	सुभाष चन्द्र पाण्डेय, लंगरीजोत, गिद्धोर, घुमडी, बलरामपुर उ0प्र0 271609	सुभाष चन्द्र पाण्डेय, लंगरीजोत, गिद्धोर, घुमडी, बलरामपुर उ0प्र0 271609

2– प्रस्तर-1 में अंकित उपर्युक्त अभ्यर्थी को डॉ0 भीमराव आम्बेडकर, पुलिस अकादमी, मुरादाबाद में आधारभूत निर्धारित प्रशिक्षण प्राप्त कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। उपर्युक्त अभ्यर्थी को डॉ0 भीमराव आम्बेडकर पुलिस अकादनी, मुरादाबाद में आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि

के लिये परिवीक्षा पर रखा जायेगा तथा परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूर्ण करने पर संगत नियमावली की व्यवस्थानुसार स्थायीकरण का आदेश पृथक से निर्गत किया जायेगा।

3– प्रान्तीय पुलिस सेवा-संवर्ग में उक्त चयनित अभ्यर्थी की पारस्परिक ज्येष्ठता का निर्धारण उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 1991 यथासंशोधित के प्राविधानों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश, लोक सेवा आयोग. प्रयागराज द्वारा तैयार की गई श्रेष्ठता सूची के आधार पर यथासमय किया जायेगा।

4– उपर्युक्त नियुक्ति इस शर्त के अधीन होगी कि यदि पुलिस सत्यापन रिपोर्ट/विभाग से प्राप्त कार्य एवं आचरण रिपोर्ट/स्वास्थ्य परीक्षण में यदि भविष्य में भी कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञान में आता हैं तो संबंधित अभ्यर्थी की नियुक्ति/अभ्यर्थन निरस्त करने की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

5– उक्त नियुक्त अभ्यर्थी से नियमानुसार संगत प्रारूप पर इण्डियन ऑफिसियल सिक्रेट्स एक्ट, 1923 के प्राविधानों को पढ़े जाने के संबंध में घोषणा, समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से संबंधित घोषणा, एक से अधिक पति/पत्नी न होने की घोषणा, दहेज न लिये जाने विषयक प्रमाण-पत्र आदि दो प्रतियों में प्राप्त करने की कार्यवाही पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा सुनिश्चित करायी जायेगी।

आज्ञा से,
दीपक कुमार,
अपर मुख्य सचिव।

पी0एस0यू0पी0–6 हिन्दी गजट–भाग 1–2026 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 09 मई, 2026 ई० (वैशाख 19, 1948 शक संवत्)

भाग 1-क

नियम, कार्य विधियां, आज्ञायें, विज्ञप्तियां इत्यादि, जिनको उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया।

जनता के प्रयोजनार्थ भूमि नियोजन की विज्ञप्ति

कार्यालय, जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर

प्रारूप–19

नियम 27 का उपनियम (1)

समुचित सरकार/कलेक्टर द्वारा घोषणा

(अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (1) के अंतगर्त)

18 अप्रैल, 2026 ई0

अधिसूचना

सं0 135/ROB-42/2026-27–चूंकि प्रारम्भिक अधिसूचना संख्या 6122/आठ–वि०भू०अ०अ०(सं०सं०) सहारनपुर दिनांक 10 फरवरी, 2025 लोक प्रयोजन, अर्थात लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश के माध्यम से जनपद मुजफ्फर नगर में डी0एफ0सी0सी0 रूट पर गाजियाबाद–सहारनपुर रेल सेक्शन सकौती–खतौली रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित सम्पार संख्या–42 टबीटा–टिटौण्डा भंगेला मार्ग पर 02 लेन रेलवे उपरिगामी सेतु एवं पहुँच मार्ग का निर्माण हेतु मुजफ्फर नगर की तहसील खतौली के ग्राम टबीटा का कुल रकबा 0.1001 हेक्टेयर भूमि के संबंध में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 {अधिनियम संख्या–30 सन 2013 (जिसे आगे उक्त अधिनियम कहा गया है।)} की धारा–11 की उपधारा (1) के अन्तगर्त जो प्रारम्भिक

अधिसूचना दिनांक 12 जनवरी, 2026 को जारी की गयी तथा स्थानीय समाचार पत्र (दैनिक भास्कर और हिन्दुस्तान) में प्रकाशित की गयी थी।

अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (2) के प्राविधानो के अनुपालन में प्रस्तुत रिपोर्ट के विचारोपरांत कलेक्टर उक्त अधिनियम की धारा–19(1) के अंतगर्त घोषणा करते है कि उनका यह समाधान हो गया है की नीचे अनुसूची "क" में वर्णित भूमि का क्षेत्रफल लोक प्रयोजन हेतु आवश्यक है तथा अनुसूची "ख" में यथा–प्रदत्त ग्राम, परगना, और जिला में कोई भूमि विस्थापित परिवार के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए चिन्हित नहीं की गयी है। (इस परियोजना हेतु भूमि अर्जन के कारण किसी परिवार का विस्थापित होना सम्भाव्य नहीं है।)

कलेक्टर अग्रेतर उक्त अधिनियम की धारा 19 की उपधारा(2) के अधीन इस आशय की घोषणा के प्रकाशन के साथ पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन योजना के सारांश के प्रकाशित करने के लिये निर्देश देते है। चूंकि जनपद मुजफ्फर नगर में डी0एफ0सी0सी0 रूट पर गाजियाबाद–सहारनपुर रेल सेक्शन सकौती–खतौली रेलवे स्टेशनों के मध्य स्थित सम्पार संख्या–42 टबीटा–टिटौण्डा भंगेला मार्ग पर 02 लेन रेलवे उपरिगामी सेतु एवं पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु भूमि अर्जन से कोई परिवार विस्थापित न होने के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हेतु किसी भूमि को चिन्हित करने और पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सारांश के प्रकाशन की कोई आवश्यकता नहीं है।

अधिसूचना–''क''

(प्रस्तावित अर्जन के अंतर्गत भूमि)

जनपद	तहसील	परगना	ग्राम	भूखण्ड संख्या	अर्जित किये जाने वाला क्षेत्रफल (हे0 में)
1	2	3	4	5	6
मुजफ्फरनगर	खतौली	खतौली	टबीटा ग्रामीण	97	0.1001
				कुल	0.1001 हे0

अधिसूचना–''ख''

(विस्थापित परिवारों के लिये व्यस्थापन क्षेत्र के रूप में चिन्हित भूमि)

जनपद	तहसील	परगना	ग्राम	भूखण्ड संख्या	अर्जित किये जाने वाला क्षेफल (हे0 में)
1	2	3	4	5	6
मुजफ्फरनगर	खतौली	खतौली	–	–	–

(इस परियोजना हेतु भूमि अर्जन के कारण किसी परिवार का विस्थापित होना संभाव्य नहीं है।)

टिप्पणी :–उक्त भूमि का स्थल नक्शा, कलेक्टर मुजफ्फरनगर के कार्यालय में देखा जा सकता है।

आज्ञा से
(कलेक्टर)
मुजफ्फरनगर।

पी0एस0यू0पी0–6 हिन्दी गजट–भाग 1-क–2026 ई0।

मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

रजिस्टर्ड नं०–ए०डी०–4
लाइसेन्स सं०–डब्ल्यू०पी०–41
(लाइसेन्स्ड टू पोस्ट बिदाउट प्रीपेमेन्ट)

सरकारी गज़ट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित

प्रयागराज, शनिवार, 09 मई, 2026 ई० (वैशाख 19, 1948 शक संवत्)

भाग-4

निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश

कार्यालय, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

विज्ञप्ति

04 नवम्बर, 2025 ई0

सं0 मा0शि0प0/परिषद्–9/891–सर्वसाधारण की जानकारी हेतु विज्ञापित एवं प्रसारित है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 (परीक्षा वर्ष 2026) की इण्टरमीडिएट (कक्षा 11 व 12) हेतु निम्नवत् पाठ्यक्रम निर्धारण किया जाता है।

विषय–हिन्दी

(कक्षा–11) **पूर्णांक 100**

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र तीन घण्टे का होगा। सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित है–

क– गद्य, पद्य, खण्ड काव्य, नाटक और कहानी।

ख– संस्कृत– गद्य, पद्य, निबन्ध, काव्य सौन्दर्य के तत्व, संस्कृत व्याकरण और अनुवाद।

खण्ड–क (अंक–50)

1– हिन्दी गद्य का विकास–हिन्दी गद्य का उद्भव एवं विकास, भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग 1×4=4 अंक

2– काव्य साहित्य का विकास–पद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास, काल विभाजन, आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियां, कवि एवं उनकी प्रमुख रचनाएं 1×4=4 अंक

3– सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम। 1×2=2 अंक
(सड़क सुरक्षा से ज्ञानात्मक बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछें जायेगें)।

4– पाठय्क्रम में निर्धारित गद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक

5– पाठय्क्रम में निर्धारित पद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक

6(क)–संकलित गद्य के पाठों के लेखकों का जीवन परिचय, कृतियाँ तथा भाषा शैली (शब्द सीमा अधिकतम 80) 3+2=5 अंक

(ख) कवि परिचय, जीवनी, कृतियाँ, साहित्यिक विशेषताएँ–(शब्द सीमा अधिकतम 80) 3+2=5 अंक

7– कहानी–चरित्र–चित्रण, कहानी के तत्व एवं तथ्यों पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 80) 5×1=5 अंक

8– नाटक–निर्धारित नाटक की विशेषताएँ एवं पात्रों के चरित्र चित्रण पर आधारित लघु उत्तरीय प्रश्न (शब्द सीमा अधिकतम 80) 5×1=5 अंक

खण्ड–ख (अंक–50)

9(क)–पठित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के संस्कृत गद्य का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद 2+5=7 अंक

(ख)–पठित पाठ्य पुस्तक के निर्धारित पाठों के संस्कृत पद्य का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद 2+5=7 अंक

10– पाठों पर आधारित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों का संस्कृत में उत्तर (कोई दो प्रश्न करना है)। 2+2=4 अंक

11–काव्य सौन्दर्य के तत्व–

(क) सभी रस–(परिभाषा, उदाहरण एवं पहचान) 1+1=2 अंक

(ख) अलंकार (1) शब्दालंकार–अनुप्रास, यमक, श्लेष (परिभाषा अथवा उदाहरण) 1+1=2 अंक

(2) अर्थालंकार–उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, सन्देह, भ्रान्तिमान, अन्वय, प्रतीप, दृष्टान्त तथा अतिशयोक्ति (परिभाषा अथवा उदाहरण)

(ग) छन्द (1) मात्रिक–चौपाई, दोहा, सोरठा, रोला, कुण्डलिया, हरिगीतिका, वरवै (लक्षण एवं उदाहरण) 1+1=2 अंक

(2) वर्णवृत्त–इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, सवैया, मत्त्गयंद, सुमुखी, सुन्दरी, बसन्ततिलका (लक्षण एवं उदाहरण)

(3) मुक्तक–मनहर (लक्षण एवं उदाहरण)

12– निबन्ध–हिन्दी में मौलिक अभिव्यक्ति दिये हुए विषय पर निबन्ध, (जनसंख्या, पर्यावरण, स्वास्थ्य शिक्षा, यातायात के नियम आदि की जानकारी हेतु इन विषयों पर भी निबन्ध पूछे जायेंगें)। 2+7=9 अंक

संस्कृत व्याकरण– (क्रम संख्या 12 एवं 13 से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे)

13– क–सन्धि–(1) स्वर सन्धि–एचोऽयवायावः एडः पदान्तादति, एङपररूपम् 1×3=3 अंक

(2) व्यंजन सन्धि–स्तोः श्चुनाश्चुः, ष्टुनाष्टुः, झलांजशझशि, खरिच, मोऽनुस्वारः तोर्लि, अनुस्वारस्ययि पर सवर्णः।

(3) विसर्ग सन्धि– विसर्जनीयस्य सः, सजुषोरूः, अतोरोरप्लुतादप्लुते, हशिच, रोरि।

ख–समास–अव्ययीभाव, कर्मधारय, बहुब्रीहि। 1+1=2 अंक

14–(क) शब्दरूप (1) संज्ञा–आत्मन्, नामन, राजन्, जगत्, सरित्। 1+1=2 अंक

(2) सर्वनाम– सर्व, इदम्, यद्।

(ख)–धातुरूप–लट्, लोट, विधिलिङ्ग, लङ, लृट–(परस्मैपदी) स्था, पा, नी, दा, कृ, चुर् 1+1=2 अंक

(ग)–प्रत्यय (1) कृत–क्त, क्त्वा, तब्यत्, अनीयर् 1+1=2 अंक

(2) तद्धित–त्व, मतुप, वतुप

(घ)–विभक्ति परिचय–अभितः परितः, समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि, येनाङ्विकारः,सहयुक्तेऽप्रधाने, नमः स्वस्तिस्वाहा, स्वधालंबषट्योगाच्च, षष्ठीशेषे, यतश्चनिर्धारणम। 1+1=2 अंक

15–हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद। 2+2=4 अंक

निर्धारित पाठ्य वस्तु (माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा निर्धारित अंश) का अध्ययन करना होगा।

खण्ड–क

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
	2–आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी	महाकवि माघ का प्रभात वर्णन
	3–श्याम सुन्दर दास	भारतीय साहित्य की विशेषताएँ
	4–सरदार पूर्ण सिंह	आचरण की सभ्यता
	5–डा0 सम्पूर्णानन्द	शिक्षा का उद्देश्य
	6–रायकृष्ण दास	आनन्द की खोज, पागल पथिक
	7–राहुल सांकृत्यायन	अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा
	8–रामबृक्ष बेनीपुरी	गेहूं बनाम गुलाब
	9– – – –	सड़क सुरक्षा
	10– – – – –	गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–कबीरदास	साखी, पदावली
	2–मलिक मुहम्मद जायसी	नागमती का वियोग वर्णन
	3–सूरदास	विनय, वात्सल्य, भ्रमरगीत
	4–तुलसीदास	भरत–महिमा, गीतावली, कवितावली, दोहावली, विनय पत्रिका।
	5–केशवदास	स्वयंवर–कथा, विश्वामित्र और जनक की भेंट
	6–कविवर बिहारी	भक्ति एवं श्रृंगार।
	7–महाकवि भूषण	शिवा–शौर्य, छत्रसाल प्रशस्ति
	8–विविधा	सेनापति, देव, घनानन्द
कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–प्रेमचन्द	बलिदान
	2–जयशंकर 'प्रसाद'	आकाश दीप
	3– भगवती चरण वर्मा	प्रायश्चित
	4–यशपाल	समय
	5–जैनेन्द्र कुमार	ध्रुवयात्रा

नाटक (सहायक पुस्तक)

क्र0 सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक– श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204–ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ।	मेरठ, आजमगढ़, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत, मऊ, अमेठी, अमरोहा, सम्भल, बागपत, गाजियाबाद, ललितपुर, गौतमबुद्धनगर, गोण्डा, हापुड़।
2	आन की मान लेखक– श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, प्रयागराज	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रूखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर, महोबा, कन्नौज, भदोही (संतरविदासनगर), चन्दौली, औरैया, कासगंज।
3	गरूड़ ध्वज लेखक– लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, प्रयागराज।	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, अम्बेडकरनगर, बलरामपुर, फिरोजाबाद, श्रावस्ती, महराजगंज।
4	सूत पुत्र लेखक– डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड, आगरा।	प्रयागराज, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी, शामली, कौशाम्बी, हाथरस।
5	राज मुकुट लेखक– श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड़, आगरा	कानपुर नगर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, चित्रकूट, कानपुर देहात, संतकबीरनगर, सोनभद्र।

नोट :–इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

खण्ड–ख

संस्कृत दिग्दर्शिका

पाठ्य वस्तु

1–वन्दना
2–प्रयागः
3–सदाचारोपदेशः
4–हिमालयः
5–गीतामृतम्
6–चरैवेति–चरैवेति
7–विश्वबन्द्याः कवयः,
8–लोभः पापस्य कारणम्।
9– चतुरश्चौर
10–सुभाषचन्द्रः।

विषय–सामान्य हिन्दी

(कक्षा–11) **पूर्णांक–100**

इस विषय में 100 अंकों का एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे का होगा। सम्पूर्ण प्रश्नपत्र दो खण्डों में विभाजित है–
क– गद्य, पद्य, खण्ड काव्य, नाटक, कहानी।
ख– संस्कृत– गद्य, पद्य, निबन्ध, काव्य सौन्दर्य के तत्व, संस्कृत एवं हिन्दी व्याकरण, पत्रलेखन।

खण्ड–क (अंक–50)

1– हिन्दी गद्य का विकास–हिन्दी गद्य का उद्भव एवं विकास, भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग 1×4=4 अंक

2– काव्य साहित्य का विकास–पद्य साहित्य का उद्भव एवं विकास, काल विभाजन, आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियां, कवि एवं उनकी रचनाएं। 1×4=4 अंक

3– सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियम। 1×2=2 अंक
(सड़क सुरक्षा से ज्ञानात्मक बोधात्मक आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेगें)।

4– पाठ्यक्रम में निर्धारित गद्यांशों पर आधारित पाँच प्रश्न। 2×5=10 अंक

5–पाठ्यक्रम में निर्धारित पद्यांशों पर आधारित पांच प्रश्न। 2×5=10 अंक

6 (क)–पाठ्यक्रम में निर्धारित लेखकों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5 अंक

(ख)–पाठ्यक्रम में निर्धारित कवियों का साहित्यिक परिचय एवं कृतियाँ। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 3+2=5 अंक

7– पाठ्यक्रम में निर्धारित कहानियों का सारांश एवं उद्देश्य पर आधारित प्रश्न। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 5×1=5 अंक

8– पाठ्यक्रम में निर्धारित नाटक की कथावस्तु एवं प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण। (शब्द सीमा अधिकतम–80) 5×1=5 अंक

खण्ड–ख (अंक–50)

9–(क)–पाठ्यक्रम में निर्धारित संस्कृत गद्य का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद। 2+5=7 अंक

(ख)–पाठ्यक्रम में निर्धारित संस्कृत पद्य का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद। 2+5=7 अंक

10–लोकोक्तियों एवं मुहावरों के अर्थ एवं वाक्य प्रयोग। 1+1=2 अंक

(क्रम संख्या 10 एवं 11 से वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे)

11–(क)–संन्धि–(दीर्घ, गुण, यण, अयादि में से किन्हीं तीन सन्धियों से संबंधित शब्दों का सन्धि विच्छेद। 1×3=3 अंक

(ख) संस्कृत शब्दों में विभक्ति की पहचान– 1+1=2 अंक

संज्ञा–आत्मन्, नामन्, राजन्, जगत्, सरित्।

सर्वनाम– सर्व इदम् यद्।

12–(क) शब्दों में सूक्ष्म अन्तर। 1+1=2 अंक

(ख) अनेकार्थी शब्द। 1+1=2 अंक

(ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (केवल दो शब्द) 1+1=2 अंक

(घ) वाक्यों में त्रुटिमार्जन (लिंग, वचन, कारक, काल एवं वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ) 1+1=2 अंक

13–काव्य सौन्दर्य के तत्व– (क) रस–श्रृंगार, करुण, हास्य, वीर एवं शान्त रस के लक्षण एवं उदाहरण 1+1=2 अंक

(ख) अलंकार–(1) शब्दालंकार–अनुप्रास, यमक, श्लेष के लक्षण अथवा उदाहरण। 02 अंक

(2) अर्थालंकार–उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान एवं सन्देह के लक्षण अथवा उदाहरण।

(ग) छन्द–मात्रिक–चौपाई, दोहा, सोरठा, कुण्डलियां के लक्षण एवं उदाहरण। 1+1=2 अंक

14–पत्र लेखन (निम्नलिखित में से किसी एक पर)– 2+4=6 अंक

(1) नियुक्ति–आवेदन–पत्र

(2) बैंक से किसी व्यवसाय के लिए ऋण प्राप्त करने का आवेदन–पत्र।

(3) अपने नगर या गाँव की सफाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रार्थना–पत्र।

15–निबन्ध (विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, कृषि, सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना, यातायात के नियम पर आधारित जनसंख्या, स्वास्थ्य शिक्षा व पर्यावरण से सम्बन्धित) 2+7=9 अंक

पाठ्य वस्तु–खण्ड–क

सामान्य हिन्दी विषय के लिए निम्नलिखित पाठ्य वस्तु का अध्ययन करना होगाः–

पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	पाठ का नाम
1	2	3
गद्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–भारतेन्दु हरिश्चन्द्र	भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है?
	2–आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी	महाकवि माघ का प्रभात वर्णन
	3–सरदार पूर्ण सिंह	आचरण की सभ्यता
	4–डा0 सम्पूर्णानन्द	शिक्षा का उद्देश्य
	5–राहुल सांकृत्यायन	अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा
	6–रामवृक्ष बेनीपुरी	गेहूँ बनाम गुलाब
	7– –	सड़क सुरक्षा
	8– –	गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण
काव्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–संत कबीरदास	साखी, पदावली
	2–सूरदास	विनय, वात्सल्य, भ्रमरगीत
	3–गोस्वामी तुलसीदास	भरत–महिमा, कवितावली, गीतावली, दोहावली, विनय पत्रिका।
	4–कविवर विहारी	भक्ति एवं श्रृंगार
	5–महाकवि भूषण	शिवा–शौर्य, छत्रसाल प्रशस्ति
कथा साहित्य हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु	1–प्रेमचन्द	बलिदान
	2–जयशंकर 'प्रसाद'	आकाश दीप
	3–यशपाल	समय
	4–भगवती चरण वर्मा	प्रायश्चित

नाटक (सहायक पुस्तक) **प्रथम प्रश्न–पत्र**

क्र0सं0	पुस्तक तथा लेखक	प्रकाशक	अनुदानित जिले
1	कुहासा और किरण लेखक– श्री विष्णु प्रभाकर	भारतीय साहित्य प्रकाशन, 204–ए वेस्ट एण्ड रोड, सदर, मेरठ	बागपत, मेरठ, मऊ, आजमगढ़, अमरोहा, सम्भल, मुरादाबाद, बलिया, रायबरेली, झांसी, सुल्तानपुर, अमेठी, लखीमपुर खीरी, बदायूँ, पीलीभीत, गौतमबुद्धनगर (नोएडा), गाजियाबाद, हापुड़, ललितपुर।
2	आन की मान लेखक–श्री हरिकृष्ण प्रेमी	कौशाम्बी प्रकाशन, दारागंज, प्रयागराज	वाराणसी, लखनऊ, इटावा, बरेली, फर्रुखाबाद, एटा, शाहजहांपुर, उन्नाव, हमीरपुर, औरैया, कासगंज, महोबा, भदोही, चन्दौली, कन्नौज।
3	गरूड़ ध्वज लेखक–श्री लक्ष्मी नारायण मिश्र	साहित्य भवन, प्रा0लि0, 93, के0पी0 कक्कड़ रोड़, प्रयागराज	आगरा, गोरखपुर, जौनपुर, फैजाबाद, बिजनौर, फतेहपुर, गोण्डा, सीतापुर, प्रतापगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, फिरोजाबाद, महराजगंज, बलरामपुर, अम्बेडकरनगर।
4	सूत पुत्र लेखक–डा0 गंगा सहाय "प्रेमी"	राम प्रसाद एण्ड सन्स, अस्पताल रोड़, आगरा	प्रयागराज, सहारनपुर, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, मैनपुरी, जालौन, हरदोई, बाराबंकी, शामली, हाथरस, कौशाम्बी।
5	राज मुकुट लेखक– श्री व्यथित "हृदय"	सिम्बुल लैंग्वेज कारपोरेशन अस्पताल रोड, आगरा	कानपुर, बुलन्दशहर, मथुरा, बस्ती, मिर्जापुर, देवरिया, बांदा, रामपुर, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, कानपुर देहात, संतकबीरनगर, चित्रकूट, सोनभद्र।

नोटः–इसके अतिरिक्त अन्य जिलों/नवसृजित जिलों में नाटक पूर्व की भांति यथावत् पढ़ाये जायेंगे।

सामान्य हिन्दी–खण्ड–ख

संस्कृत दिग्दर्शिका

संस्कृत हेतु निर्धारित पाठ्य वस्तु–

1–वन्दना
2–प्रयागः
3–सदाचारोपदेशः
4–हिमालयः
5–गीतामृतम्
6–लोभः पापस्य कारणम्

विषय–नैतिक, योग, खेल एवं शारीरिक शिक्षा

(कक्षा–11) **पूर्णांक–50 अंक**

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र तीन घण्टे तथा 50 अंकों का होगा, इसके साथ ही 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। लिखित एवं प्रयोगात्मक में उत्तीर्ण होने के लिये विद्यार्थी को 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इस विषय के प्राप्तांकों का योग, श्रेणी निर्धारण में नहीं किया जायेगा। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की खेल एवं शारीरिक शिक्षा की परीक्षा अग्रसारण/पंजीकरण अधिकारी द्वारा ली जायेगी।

उद्देश्य–

1–बालकों का सर्वांगीण विकास एवं गुणों का उन्नयन।
2–छात्रों में स्वयं उत्तरदायित्व वहन, समय पालन एवं स्वस्थ नेतृत्व शक्ति का विकास।
3–सुदृढ शरीर का निर्माण करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं की अभिवृद्धि।
4–सहयोग, सहिष्णुता तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास।
5–छात्रों में भारतीय संस्कृति के प्रति अनुराग, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना का विकास।
6–भावी जीवन में जीविका के लिये तैयार करना।

नैतिक, खेल एवं शारीरिक शिक्षा 30 अंक

इकाई–1–नैतिकता के मूल तत्व– **05 अंक**

नैतिकता का तात्पर्य तथा स्वरूप, महत्व, परिवार, समाज राष्ट्र एवं विश्व के सन्दर्भ में नैतिकता के आधार पर सत्य, अहिंसा, प्रेम, ईमानदारी, स्वतंत्र चिंतन, आत्मसंयम, सहिष्णुता, परोपकार तथा सह.अस्तित्व आदि के व्यावहारिक पक्ष।

इकाई–2–परिवार तथा समाज– **04 अंक**

परिवार के प्रति कर्तव्य विशेषकर परिवार में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों– दादा-दादी, नाना-नानी अथवा अभिभावकों के प्रति अधिक जागरूक एवं संवेदनशील रहना। माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण कल्याण कानून 2007 का संक्षिप्त ज्ञान। पारस्परिक संबंधों की रक्षा एवं निर्वाह, समाजसेवा का महत्व, अंध विश्वास एवं रूढ़ियों का उन्मूलन, सामाजिक दोषों का निराकरण, धूम्रपान, मद्यपान, दहेज, अशिक्षा, पारिवारिक उत्पीड़न तथा जाति-प्रथा।

इकाई–3–नागरिकता एवं भावनात्मक एकता– **03 अंक**

नागरिकता का अर्थ, परिभाषा, नागरिक के कर्तव्य, परिवार एवं समाज के प्रति शिष्टाचार, विश्व-बन्धुत्व, सर्व धर्म-समभाव।

इकाई–4– **03 अंक**

गुरू–शिष्य सम्बन्ध, वर्तमान शैक्षिक परिवेश में तनाव के कारण एवं निवारण।

इकाई–5–पर्यावरण, सुरक्षा एवं संरक्षण– **03 अंक**

पर्यावरण का अर्थ, परिभाषा एवं महत्व, मानव क्रिया-कलापों का पर्यावरण पर प्रभाव, जनसंख्या विस्फोट का पर्यावरण पर प्रभाव, प्राकृतिक आपदाओं का पर्यावरण पर प्रभाव, पर्यावरण सुरक्षा।

इकाई–6–सड़क यातायात एवं सावधानियां– **03 अंक**

यातायात नियम एवं उनके पालन की आवश्यकता, संकेतों की जानकारी एवं अर्थ, पैदल एवं वाहन चालकों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां और होने वाली असावधानियां, यातायात में आने वाले अवरोध, उनका निदान एवं उपचार।

इकाई–7– **03 अंक**

भारतीय संविधान में उल्लिखित नागरिकों के मूल कर्तव्य एवं उनके अनुपालन हेतु दिशा निर्देश।

इकाई–8–बाल अधिकार– **03 अंक**

जीवन संरक्षण सहभागिता, विकास का अधिकार, भारतीय संविधान में बाल अधिकार संरक्षण, शिकायत प्रणाली, बाल अधिकार संरक्षण आयोग, चाइल्ड लाइन, वीमेन पावन लाइन।

इकाई–9–बाल संरक्षण– **03 अंक**

बाल सुरक्षा, बच्चा और परिवार, अवयस्क बालक/बालिकाओं को बुरी आदतों से बचने हेतु प्रेरित करना एवं उनसे होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराना। हानिकारक पारम्परिक प्रथायें, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी, वैकल्पिक देखभाल, शिक्षा का अधिकार, पीड़ित बच्चों के अधिकार, यौन उत्पीड़न, शारीरिक दण्ड, परीक्षा का बोझ, स्कूलों में बच्चों का अधिकार।

पुस्तक–''मानव अधिकार अध्ययन'' प्रकाशक माइण्ड शेयर

योग शिक्षा– 20 अंक

उद्देश्य :

- विद्यार्थियों को 'योग' के लाभों से परिचित कराना और योग को उनकी दिनचर्या से जोड़ना।
- अभ्यासों एवं गतिविधियों के उत्तरोत्तर क्रम द्वारा उनका लाभ उठाकर, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पाने की सामर्थ्य का विकास करना।
- सरल विषय वस्तुओं के माध्यम से आत्मजागरण की ओर उन्मुख करना।
- किशोरवय की समस्याओं एवं रोगों को समझकर 'योग निर्देशन' एवं 'आयुर्वेदीय उपचार' आहार एवं प्राकृतिक औषध द्वारा इनका निदान करने में समर्थ बनाना।
- 'योग में जीविका के अवसर' के माध्यम से भविष्य में आजीविका के लक्ष्यों को निर्धारित करने में समर्थ बनाना।
- योगविषयक विचार एवं चिंतन को समझने की शक्ति विकसित करना।
- योग के माध्यम से विद्यार्थियों को सांस्कृतिक वातावरण एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाना।

1– योग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	• हिरण्यगर्भ शास्त्र, सांख्य एवं औपनिषदिक प्राणविद्या के सन्दर्भ में योग के ऋषि पतंजलि तथा योगसूत्र का उद्भव एवं योगदर्शन की परम्परा	2 अंक
2–वर्तमान में योगशिक्षा का महत्व	• योग का शरीर क्रियात्मक आधार • योग एक विकासात्मक उत्प्रेरक	2 अंक
3–अष्टांग योग-धारणा एवं ध्यान	• **धारणा-प्रक्रिया, प्रयोजन व लाभ** • **ध्यान** ☐ ध्यान : स्वरूप, परिभाषा	2 अंक

4–अष्टचक्र एवं पंचकोश	• **अष्टचक्र** 1. मूलाधार चक्र 2. स्वाधिष्ठान चक्र 3. मणिपुर चक्र 4. हृदय चक्र 5. अनाहत् चक्र 6. विशुद्धि चक्र 7. आज्ञा चक्र 8. सहस्त्रार चक्र • **पंचकोश** ☐ पंचकोश क्या हैं? ☐ अन्नमय, मनोमय, प्राणमय, विज्ञानमय, आनन्दमय	4 अंक
5–किशोरवय में आहार-निर्देशन	• **किशोर वय में आहार**	2 अंक
1. विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार छात्राओं को शिक्षिका द्वारा निम्न दो नमूना (मॉडल) सिखाया जायेगा–
   - सादा फ्राक या ब्लाउज़
   - झबला या पेटीकोट
2. शिक्षिका हेतु निर्देश :– किसी आयु वर्ग के पोषकीय आवश्यकतानुसार आहार का प्रयोग कराकर छात्राओं को पोषण संबंधी जानकारी देगी।
3. भारत के पारंपरिक कढ़ाई के छः नमूने एवं बंधेज से 1 नमूना तैयार कराया जायेगा।
4. पाठों से निर्देशानुसार क्रियात्मक एवं प्रयोगात्मक कार्यों, प्रोजेक्ट, फाइल तैयार करायी जायेगी।
5. मौखिक

विषय–मानवविज्ञान (एन्थ्रोपोलोजी)

कक्षा–11

(मानविकी, वैज्ञानिक वर्ग एवं व्यावसायिक वर्ग हेतु)

इस विषय की लिखित परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 एक प्रश्न–पत्र, 70 अंको का तीन घण्टे का होगा। 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

अध्ययन का उद्देश्य––

1–समाज के विकास, उनके आधारभूत कारकों, विस्तार तथा विविधता की जानकारी प्राप्त करना तथा उसके भावरूप के बारे में निष्कर्ष निकालना।

2–प्राकृतिक पर्यावरण तथा मानव के मध्य अन्तःक्रिया को भारत तथा विश्व के सन्दर्भ में सामाजिक विकास पर पड़ने वाले उसके प्रभाव को समझना, विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालने के लिए सक्षम बनाना।

3–समाज की समसामयिक समस्याओं के बारे में जानकारी करके निर्णय लेने की योग्यता प्राप्त करना।

4–मानव विकास और उसकी उपलब्धियाँ तथा विफलताओं को सजीव एवं प्रेरणादायक रूप में प्रस्तुत कर समाज के समाजवादी स्वरूप की स्थापना करना।

5–विश्व के पर्यावरणीय घटकों, विभिन्न क्षेत्रों में संसाधनों तथा उसके उपयोग की जानकारी प्राप्त करना तथा भविष्य के बारे में निष्कर्ष निकालना।

6–मानवविज्ञान नामक विषय के विकास तथा 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में हुये विभिन्न अध्ययनों से बनी मानव विज्ञान की रूपरेखा का ज्ञान विद्यार्थियों को देना।

7–मानवविज्ञान की विषय–वस्तु, विस्तार तथा विभिन्न शाखाओं का ज्ञान सरल तथा बोधगम्य भाषा के माध्यम से विद्यार्थियों को प्राप्त कराना।

8–मानवविज्ञान एक लोकप्रिय तथा उपयोगी विषय है जो कि मानव जीवन के शारीरिक तथा सामाजिक–सांस्कृतिक दोनों ही पक्षों के विकास पर प्रकाश डालता है। मानव जीवन का कोई भी पक्ष इससे अछूता नहीं है। सभी पक्षों के तारतम्य का एकीकृत चित्र प्रस्तुत करना।

9–मानव के सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन की समस्याओं को समझाने तथा सुलझाने की क्षमता का सृजन करना।

10–सभ्यता की मुख्य धारा से दूर बसे सरल जनजाति समाजों की विशिष्टता, विविधता एवं उनकी आधुनिक समस्याओं का ज्ञान देना जिससे उन्हें राष्ट्रीय जीवन की मुख्य धारा से जोड़ने के सफल प्रयास किये जा सके।

खण्ड–क — 35 : अंक

(सामाजिक मानवविज्ञान)

	अंक भार
इकाई–1 मानवविज्ञान की परिभाषा, शाखायें तथा अन्य विज्ञानों से सम्बन्ध।	4
इकाई–2 सामाजिक एवं सांस्कृतिक मानव विज्ञान की परिभाषा एवं विषय क्षेत्र, सामाजिक मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र में समानतायें एवं भिन्नतायें।	6

इकाई–3 विवाह परिभाषा, जनजातीय समाजों में प्रचलित विवाह के प्रकार––एक विवाह, बहु विवाह जनजातीय समाजों में प्रचलित जीवनसाथी चुनने के तरीके––अधिमान्य विवाह, समलिंगीय सहोदरज (पैरेलल कजिन) विवाह, विषमलिंगीय सहोदरज (क्रास कजिन) विवाह, वधु–धन एवं उसका महत्व। 10

इकाई–4 परिवार–परिभाषा, प्रकार एवं कार्य। 7

इकाई–5 नातेदारीः परिभाषा, प्रकार, क्लान (गोत्र सम समूह), लिनिएज (वंश समूह) का वर्णन, नातेदारी के व्यवहार– प्रतिमान–परिहार एवं परिहास सम्बन्ध। 8

सन्दर्भित पुस्तकें––

1–डी0 एन0 मजूमदार एवं टी0 एन0 मदान––सामाजिक मानव शास्त्र : एक परिचय (इंग्लिश में भी उपलब्ध)।
2–उमाशंकर मिश्र––सामाजिक–सांस्कृतिक मानव शास्त्र।
3–विजय शंकर उपाध्याय एवं विजय प्रकाश शर्मा–भारत की जनजातीय संस्कृति (मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी)।
4–शैपिरो एवं शैपिरो––मानव संस्कृति एवं समाज (Man Culture and Society)।
5–एम्बर एवं एम्बर––मानव विज्ञान (हिन्दी अनुवाद) यू0बी0सी0 सर्विसेज, दिल्ली।
6–गोपालशरण एवं आर0 पी0 श्रीवास्तव–मानव विज्ञान एवं समाजशास्त्र (इंगलिश)। न्यू रॉयल बुक कम्पनी, लखनऊ।
7–विजय शंकर उपाध्याय एवं गया पाण्डेय––सामाजिक सांस्कृतिक मानव शास्त्र, क्राउन पब्लिकेशन्स, रांची।
8–नीरजा सिंह एवं निशा शर्मा––परिचयात्मक मानव विज्ञान।
9–ए0आर0एन0 श्रीवास्तव–जनजातीय विकास के साठ वर्ष– प्रकाशक– 42/7 जवाहर लाल नेहरू रोड़, प्रयागराज।
10–विभा अग्निहोत्री–सामाजिक मानव विज्ञान की रूपरेखा, सत्यम पब्लिकेशन्स, दिल्ली।
11–नदीम हसनैन–समकालीन भारतीय समाजः एक समाज शास्त्रीय परिदृश्य।

खण्ड–ख — 35 : अंक

(प्रागैतिहासिक मानव विज्ञान)

अंक भार

इकाई–1 प्रागैतिहास, अर्थ, विषय क्षेत्र, काल मापन विधियाँ––सापेक्ष एवं निरपेक्ष। 8

इकाई–2 यूरोपीय पाषाण काल की संस्कृतियों की परिचयात्मक–रूपरेखा, पुरा पाषाणकाल, मध्य पाषाण काल एवं नव पाषाणकाल 8

इकाई–3 भारतीय पाषाण काल का संक्षिप्त विवरण। 8

इकाई–4 सिंधु घाटी की सभ्यता– उत्पत्ति, विस्तार, विशेषतायें, सांस्कृतिक, आर्थिक, नगर नियोजन, विकास और पतन 11

सन्दर्भित पुस्तकें––

1– The old stone Age - M.C. Burkitt
2–What is Anthropology - Dr. A. R. N. Srivastava.
3–पुरातात्विक मानव विज्ञान – रमेश चौबे
4–उद्विकासीय मानव विज्ञान – डा0 विभा अग्निहोत्री।
5– Prehistory (English) Thirupati (Andhra Pradesh) - V. Rami Reddy
6–प्रागैतिहास – गोपाल शरण

(प्रायोगिक मानव विज्ञान) — पूर्णांक 30

पाठ्यक्रम — अंक भार

इकाई–1 कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन 10
मानव कपाल का नारमा वार्टेकैलिस, नरमा फ्रन्टालिस, नारमा लैटरैलिस, नरमा ऑक्सीपिटालिस, नारमा बेसेलिस पक्ष का रेखांकित एवं चिन्हित वर्णन।
ह्यूमरस, रेडियस, अल्ना, फीमर, टिबिया, फिबुला का चिन्हित वर्णन।
5 अंक चित्रण एवं 5 अंक सही नामांकन एवं वर्णन के लिए

इकाई–2 सोमैटोस्कोपी (Somatoscopy) (देहवीक्षिकी) 10
5 व्यक्तियों के चेहरे पर निम्नलिखित सीमैटोस्कोपिक अवलोकन करना––
(क) मानव केश––स्वरूप, रंग, प्रकृति (फॉर्म, कलर एवं टैक्सचर)
(ख) नासिका––मूल, सेतु, नथुने (रूट, ब्रिज, विंग्स)
(ग) आँख––एपिकैन्थिक फोल्ड, नेत्र वर्ण (आई कलर)

(घ) ओष्ठ (लिप)––मोटाई एवं वर्हिवर्तन (निचले होंठ का बाहर की ओर लटका होना)
ओष्ठ की विद्यमानता (थिकनैस एवं इवरटेड ओष्ठ)
(च) चेहरे की उद्गतहनुता (फेशियल प्रोग्नैथजम)

इकाई–3 प्रायोगिक रिकार्ड (लैब बुक)–– 5
इकाई 1 और 2 विद्यार्थियों को सिखाये जायेंगे तथा उस पर आधारित लैब बुक होगी।

इकाई–4 मौखिक परीक्षा 5

कुल अंक . . 30

निर्देश–इकाई 1 में वर्णित कपाल एवं उपांग अस्थियों को चार्ट से देखकर रेखांकित एवं चित्रित करना।

सन्दर्भ पुस्तकें––

(1) प्रयोगात्मक शारीरिक मानव विज्ञान––डा0 विभा अग्निहोत्री।
(2) मानव अस्थि विज्ञान––हिन्दी रूपान्तर––अजय भगत एवं पोद्दार।
(3) Physical Anthropology Practical--by B. M. Das & Ranjan Deka.
(4) Laboratory manual of Physical Anthropology - Sudha Rastogi & B.R. K. Shukla

प्रयोगात्मक अंक विभाजन
मानव विज्ञान

अधिकतम अंक : 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक : 10** **समय : 03 घण्टा**

	निर्धारित अंक
1–कपाल एवं उपांग अस्थियों का रेखांकित एवं चिन्हित करना–– (सही चित्रण हेतु 3 अंक तथा नामांकन व पहचान हेतु 3 अंक)	06 अंक
2–सोमैटोस्कोपी	04 अंक
3–मौखिकी––	05 अंक
4–प्रोजेक्ट कार्य––	5+5=10 अंक
(क) किसी सामाजिक विषय पर साक्षात्कार (05 व्यक्तियों का)	
(ख) किसी सामाजिक विषय पर प्रश्नावली तैयार करना––	
5–प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक––	05 अंक

नोट :––प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रायोगिक रिकॉर्ड बुक परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

विषय–सैन्य विज्ञान
कक्षा–11

पाठ्यक्रम का उद्देश्य

सैन्य विज्ञान का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सुरक्षा, अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को विकसित करना है। यह विषय छात्रों को न केवल परंपरागत और आधुनिक युद्ध तकनीकों की जानकारी देता है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से दृढ़ और रणनीतिक सोच वाला बनाता है। सैन्य विज्ञान के अध्ययन से छात्र सैन्य संरचना, युद्ध कौशल, हथियारों के प्रकार, युद्ध नीति, आपदा प्रबन्धन नागरिक सुरक्षा तथा सीमा प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं से परिचित होते हैं। इसका एक प्रमुख उद्देश्य युवाओं में आत्मनिर्भरता और कर्तव्य भावना को जागृत करना होता है ताकि वे संकट के समय देश और समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें। साथ ही यह विषय नेतृत्व समय प्रबन्धन, सहायोग और निर्णायक क्षमता जैसे जीवनोपयोगी गुणों को भी विकसित करता है। आज के वैश्विक और तकनीकी युग में सैन्य विज्ञान छात्रों को साइबर सुरक्षा, ड्रोन तकनीक, रक्षा संचार और सूचना युद्ध जैसे आधुनिक विषयों से भी परिचित कराता है। इसके माध्यम से छात्र न केवल सैनिक बनने की दिशा में प्रेरित होते हैं, बल्कि वे एक जागरूक, जिम्मेदार और सशक्त नागरिक के रूप में भी विकसित होते हैं, जो राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं।

सैन्य विज्ञान विषय में 70 अंको का एक लिखित प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा। 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। लिखित में उत्तीर्णांक 70 में से 23 अंक होंगे तथा प्रयोगात्मक परीक्षा के लिये 30 अंक में से 10 अंक होंगे। कुल में उत्तीर्णांक 33 अंक होंगे। लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

1–सैन्य विज्ञान : **12 अंक**

(अ) परिभाषा, क्षेत्र तथा महत्व।
(ब) राजनीतिशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान एवं विज्ञान व प्रौद्योगिकी से सम्बन्ध।

2–थल सेना : **10 अंक**

(अ) थल सेना का वर्गीकरण (लड़ाकू, सहायक तथा प्रशासनिक अंगों के आधार पर), आवश्यकता तथा सामान्य ज्ञान।

(ब) पैदल सेना, कवचयुक्त सेना (टैंक) व तोपखाने की विशेषतायें तथा कार्य।

(स) पैदल सेना, बटालियन का संगठन तथा कार्य।

(द) शांति एवं युद्धकालीन थल सेना का संगठन (केवल रूपरेखा)।

(च) भारतीय सशस्त्र सेनायें आणविक प्रक्षेपास्त्र के संदर्भ में।

3–वायु सेना : **06 अंक**

(अ) भारतीय वायुसेना का संक्षिप्त इतिहास।

(ब) वायु सेना के कार्य।

(स) वायु सेना के विमानों के प्रकारों का सामान्य ज्ञान।

4–नौसेना : **07 अंक**

(अ) भारतीय स्वतंत्रता के समय नौसेना की स्थिति।

(ब) भारतीय नौसेना के कार्य तथा पोतों के प्रकारों का सामान्य ज्ञान (विमान वाहन पोत, वाहन पोत, विध्वंसक–पोत तथा पनडुब्बियां, फ्रिगेट)।

5–भारतीय सैन्य इतिहास तथा युद्ध : **12 अंक**

(1) वैदिक तथा महाभारतकाल सैन्य व्यवस्था।
(सैन्य व्यवस्था महाभारत के युद्ध के सन्दर्भ में)।

(2) झेलम का युद्ध 326 ई0 पूर्व।

(3) आचार्य चाणक्य द्वारा वर्णित मौर्य कालीन सैन्य व्यवस्था।

6–हिन्दू कालीन सैन्य व्यवस्था : **08 अंक**

(गुप्तकाल से हर्ष काल तक संक्षेप में)।

7–मुगल युग की सैन्य व्यवस्था : **08 अंक**

(केवल पानीपत के प्रथम युद्ध 1526 ई0 के सम्बन्ध में)।

8–राजपूत सैन्य व्यवस्था : **07 अंक**

(महाराणा प्रताप (हल्दी घाटी की लड़ाई के सन्दर्भ में)।

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रयोगात्मक **30 अंक**

(1) मानचित्र पठन

(1) सर्वेक्षण पत्रक (सर्वे ग्रिडमैप) का परिचय, परिभाषा, उपयोगिता, हाशिये की सूचनायें, सांकेतिक चिन्ह, ग्रिड तथा कन्टूर व्यवस्था।

(2) उत्तर दिशायें–प्रकार तथा दिशा ज्ञान के तरीके।

(3) दिक्मान–परिभाषा तथा अन्तर परिवर्तन।

(2) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर तथा सशस्त्र सेनाओं के पद

(1) मानचित्र दिशानुकूल करना (नक्शा सेट करना)।

(2) तीनों सेनाओं के बेसिस ऑफ रैंक की पहचान।

(3) प्रयोगात्मक कार्य की अभ्यास पुस्तिका।

प्रयोगात्मक परीक्षाओं में अंकों का विवरण निम्नलिखित होगा।

(क) मानचित्र पठन। 20 **अंक**

(ख) प्रिज्मैटिक दिक्सूचक। 05 **अंक**

(ग) प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका। 05 **अंक**

प्रिज्मैटिक दिक्सूचक, सर्विस प्रोटेक्टर तथा प्रायोगिक अभ्यास–पुस्तिका के अंक भौतिक परीक्षा पर भी आधारित होंगे। मानचित्र पठन के सभी प्रश्न–पत्र सर्वेक्षण पत्रांक पर ही होंगे।

सैन्य विज्ञान

अधिकतम अंक 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक 10 अंक समय 04 घण्टे

नोट :एक टोली में परीक्षार्थियों की संख्या 20 से अधिक न हो। एक दिन में दो टोली से अधिक की परीक्षा न हो।

निर्धारित अंक

1 मानचित्र परिचय–परिभाषा, प्रकार, हाशिये पर दी गयी सूचनाओं को वास्तविक मानचित्र पर पढ़ना तथा हाशिये की सूचनाओं के प्रकार	02
2 मानचित्र निर्देशांक–चार अंकीय एवं छः अंकीय निर्देशांक।	02
3 मापक की परिभाषा, मापक के प्रकार।	02
4 सरल मापक की रचना।	01
5 दिक्सूचकदृनाम, विभिन्न पुर्जो के प्रकार तथा प्रयोग विधि।	01
6 मानचित्र दिशानुकूल करना।	02
7 मौखिक परीक्षा।	05
8 सांकेतिक चिन्ह–चार सांकेतिक चिन्हों को बनाना जिसमें एक सैनिक सांकेतिक चिन्ह अनिवार्य है।	02
9 उत्तर दिशाओं से सम्बन्धित प्रश्न।	02
10 मानचित्र पर ग्रिड दिक्मान नापना।	03
11 दिक्मानों के अर्न्तपरिवर्तन।	03
12 उत्तरान्तरों एवं विशिष्ट दिक्सूचक त्रुटि ज्ञात करना।	02
13 अभ्यास पुस्तिका।	

विषय–संगीत (गायन)

कक्षा–11

तीन घण्टों का एक लिखित प्रश्न–पत्र 50 अंकों का पूर्णांक होगा। 50 अंक पूर्णांक की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी।

संगीत (गायन)

खण्ड–क (संगीत विज्ञान)

पूर्णांक : 25

दो शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा और व्याख्या स्वर सप्तक का तारव (पिच), तीव्रता और गुण, शुद्ध और विकृत स्वर, श्रुतियां शुद्ध स्वरों का आन्दोलन और तार पर शुद्ध स्वरों का स्थान, अलाप, तान, मुर्की, कण कम्पन, मीड़, गमक, छूट, तानों के प्रकार (सपाट अलंकारिक आदि), आरोह, अवरोह पकड़ वक्र वादी का आलोचनात्मक अध्ययन। संवादी, अनुवादी, विवादी, वर्ज्य नाद की परिभाषा एवं विशेषतायें।

खण्ड–ख **पूर्णांक : 25**

(संगीत का इतिहास और रागों का अध्ययन)

गीतों की शैलियां और प्रकार–ध्रुपद, तराना, सरगम गीत, भजन त्रिवट, चतुरंग, रागमाला और होली। घरानों का संक्षिप्त अध्ययन।

प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए प्रस्तावित पाठ्यक्रम में रागों की विशेषतायें।

स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास और भेद। कठिन अलंकारों की रचना।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित तालों का ठेका, दुगुन, तिगुन, चौगुन का ज्ञान, तीनताल, झपताल, एक ताल।

गीतों के आलाप, तान, बोलतान मात्रों सहित लिपिबद्ध करने की योग्यता।

छोटे स्वर समुदायों के आधार पर रागों को पहचानना और उनकी बढ़त की योग्यता।

सामान्य संगीत सम्बन्धी किसी विषय पर छोटा निबन्ध।

भारतीय संगीत में आशु रचना का स्थान।

भारतीय संगीत साहित्य का संक्षिप्त इतिहास(प्राचीन काल)।

सारंगदेव, तानसेन, अमीर खुसरों, भीमसेन जोशी, किशोरी अमोनकर एवं गंगूबाई हंगल की जीवनियां और भारतीय संगीत में उनका योगदान।

प्रयोगात्मक (गायन) **50 अंक**

(1) निम्नलिखित रागों का विस्तृत अभ्यास राग भीमपलासी, भैरव, मालकोस।

प्रत्येक में कम से कम एक द्रुत ख्याल तैयार होना चाहिये। उचित आलाप तान, मुर्की एवं अन्य लयपूर्ण तालबद्ध विस्तारण के साथ उनको गाने की योग्यता विद्यार्थी में अपेक्षित है। इन रागों में थोड़ी स्वतन्त्रता के साथ आशु रचना करने की शक्ति उन्हें दिखलानी चाहिये।

कठिन तालबद्ध रूपों और केवल निरर्थक वेग पर ही नहीं, वरन् सही ध्वनि, उच्चारण, स्पष्टता और गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति एवं लय के स्वाभाविक प्रवाह पर बल होना चाहिये।

उक्त रागों के गीतों में कम से कम एक ध्रुपद अथवा धमार, एक विलम्बित ख्याल तथा एक तराना होगा। ध्रुपद अथवा धमार में दुगुन, तिगुन और चौगुन गाने तथा लिखने की क्षमता होनी चाहिये।

(2) दुर्गा, हिंडोल, बहार नामक रागों का सामान्य रूप में अभ्यास। आलाप तान आदि की आवश्यकता नहीं है। केवल स्थायी और अन्तरा पर्याप्त होगा। विद्यार्थियों में इन रागों में से प्रत्येक का आरोह, अवरोह और

पकड़ गाने की योग्यता होनी चाहिये और जब धीमी गति में अभिव्यक्ति आलाप के द्वारा प्रस्तुत किये जायें तब उन्हें पहचानने की क्षमता होनी चाहिये।

(3) निम्नलिखित में से प्रत्येक ताल में कम से कम एक गीत सीखना चाहिये।

तीन ताल, झप ताल, एक ताल, दादरा ताल, कहरवा ताल।

पाठ्यक्रम में प्रस्तावित सब तालों के ठेके ताल के साथ कहने एवं लिखने की योग्यता विद्यार्थी में होनी चाहिये।

(4) छोटे स्वर समुदायों को जब आकार में गाया अथवा बजाया जाये, विद्यार्थियों में उनके स्वर बतलाने की योग्यता होनी चाहिये। यह स्वर समुदाय पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन वाली रागों में से लिये जायेंगे। संगीत गायन के प्रत्येक विद्यार्थी में पाठ्यक्रम के सभी तालों का साधारण ठेका तबले पर बजाने की योग्यता होनी चाहिये।

विशेष सूचना–अध्यापकों को वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षक के विचारार्थ प्रत्येक विद्यार्थी के कार्यों की एक आख्या बनानी चाहिये।

विषय–संगीत (वादन)

कक्षा–11

खण्ड–क (संगीत विज्ञान) 25 अंक

चिकारी, स्वर, तोड़ा तिहाई, जमजमा, पेशकारा, टुकड़ा मुखड़ा, पलटा, मोहरा, तिहाई, सम, ताली खाली भरी।
विभिन्न प्रकार के भारतीय संगीत वाद्यों के ज्ञान के साथ जो विशेष वाद्य लिया गया है उसके विभिन्न अंगों एवं मिलाने का विशेष ज्ञान, तबला, पखावज, सितार, वायलिन, बांसुरी, वीणा, सरोद, सारंगी, दिलरूबा, इसराज।

खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन) 25 अंक

(1) वाद्य पाठ्यक्रम हेतु प्रस्तावित रागों की विशेषतायें, स्वर विस्तार के माध्यम से रागों का विकास एवं भेद।

अथवा

पाठ्यक्रम के तालों तीनताल, झपताल, सूलताल, एक ताल, चार ताल के विभिन्न लयों के साथ लयात्मक प्रकार, कठिन अलंकारों की रचना। लयकारियों में ताललिपि में लिखने की क्षमता। जैसे कायदा, परन, टुकड़ा।

(2) तालों में कायदा, पलटा, तिहाई के साथ लिपिबद्ध करने की योग्यता।

अथवा

गतों को स्वरलिपि में साधारण तोड़े एवं झाले के साथ लिखने की योग्यता। अल्प स्वर विस्तार अथवा ठेकों के कुछ बोलों के आधार पर रागों अथवा तालों को पहचानने की योग्यता।

(3) विलम्बित और द्रुत गतें।

अथवा

बाजों के प्रकार (दिल्ली, अजराडा)

(4) सामान्य संगीत सम्बन्धी विषयों पर संक्षिप्त निबन्ध।

(5) भारतीय संगीत का संक्षिप्त इतिहास, भारतीय संगीतज्ञों सारंगदेव, तानसेन, अमीर खुसरो, पं0 विष्णु नारायण भात खण्डे , "भारत रत्न" पं0 रविशंकर, अल्लारक्खा खाँ, विलायत खां, एम0 राजम0 एवं पं0हरि प्रसाद चौरसिया जी का संगीत में योगदान और उनकी जीवनियाँ।

प्रयोगात्मक परीक्षा (वादन) 50 अंक

विद्यार्थी निम्नलिखत वाद्यों में से कोई भी एक ले सकता है :

(1) तबला, (2) पखावज, (3) वीणा, (4) सितार, (5) सरोद, (6) सारंगी, (7) इसराज अथवा दिलरूबा, (8) वायलन, (9) बांसुरी, (10) गिटार (गिटार का पाठ्यक्रम सितार की भांति होगा)।

प्रथम दो वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना अन्य वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा योजना से भिन्न होगी।

तबला या पखावज की प्रयोगात्मक परीक्षा

1–विद्यार्थियों को पर्याप्त बोल (ठेका पेशकार, परन, टुकड़े, तिहाइयां आदि) जानना चाहिये। ताल का पांच मिनट का आकर्षक प्रदर्शन देने की योग्यता होनी चाहिये। इस प्रकार के प्रदर्शन में किसी भी बोल की पुनरावृत्ति न हो वरन् वही बोल विभिन्न लयों और दूसरे प्रकार के तालों से निस्तारण के रूप में यदि जान पड़े तो बजाया जा सकता है। एक ठेके के बोल निश्चय ही दो क्रमिक टुकड़ों आदि के बीच दोहराये जा सकते हैं। एकांकी (सोलों) प्रदर्शन के लिये निम्नलिखित तालें पाठ्यक्रम में समाहित हैं–

तीव्रा, तीनताल झपताल, एकताल, चारताल, सूलताल।

2–विद्यार्थियों की सरल धुनों के साथ, दादरा, कहरवा, तीनताल, रूपक, एकताल, चौताल और धमार में संगत करने की योग्यता होनी चाहिये।

3–जो वाद्य विद्यार्थी ले उन्हें मिलाने की योग्यता होनी चाहिये।

4–विभिन्न लयकारी जैसे कि दुगुन,तिगुन,चौगुन एवं आड़।

परीक्षक के द्वारा पूछे गये तालों को अपने वाद्य में प्रस्तुत करना।

सितार आदि लय वाले वाद्यों की प्रयोगात्मक परीक्षा

(1) निम्नलिखित 6 रागों में से प्रत्येक में एक गत मसीतखानी और एक रजाखानी जिसका विस्तार सहित अभ्यास होगा :

भीमपलासी, भैरव और मालकौंस।

चयनित वाय को उसकी विशेष गरिमा के साथ बजाना और अपनी गतों को और अधिक सुन्दर बजाना विद्यार्थियों से अपेक्षित है। उन रागों में आशु रचना करने की योग्यता होनी चाहिये।

(2) पूर्वी, मारवा, तिलक कामोद, रागों में केवल एक गत बिना किसी विशेष विस्तार के बजाना।

विद्यार्थियों को इनमें से प्रत्येक राग का आरोह–अवरोह और पकड़ बजाने की योग्यता होनी चाहिये और जब उन्हें धीमे अभिव्यक्ति आलापों द्वारा प्रस्तुत किया जाय तब पहचानने की योग्यता होनी चाहिये।

(3) ऊपर दिये (1) और (2) में सभी गतें तीन ताल में हो सकती है लेकिन विद्यार्थियों को निम्नलिखित ठेकों से परिचित होना चाहिये और उन्हें ताली देते हुये कहना आना चाहिये।

दादरा, कहरवा, रूपक।

विशेष सूचना– गायन या वादन की प्रयोगात्मक परीक्षा के अंकों का बँटवारा निम्न प्रकार से होगा :

संगीत गायन/वादन

अधिकतम अंक–50 न्यूनतम उत्तीर्णांक अंक–16 अंक समय–03 घण्टे

एक समय में परीक्षा के लिये परीक्षार्थियों की संख्या पर प्रतिबन्ध यदि आवश्यक हो। इण्टरमीडिएट परीक्षा संगीत वादन परीक्षा एक दिन में क्रमशः 20–25 परीक्षार्थियों से अधिक न हो। प्रत्येक खण्ड का विवरण तथा निर्धारित अंक :

1–तबला और पखावज लेने वालों के लिये–

1–परीक्षार्थियों द्वारा चुने गये अपने ताल का प्रदर्शन।	15
2–पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताले।	05
3–पाठ्यक्रम में प्रस्तावित विस्तृत अध्ययन की ताले।	10
4–तालों का कहना और उनका बजाना।	05
5–परीक्षक द्वारा गायी गयी अथवा बजायी गयी धुनों के साथ संगत करने की योग्यता।	05
6–ताल पढ़ने की योग्यता।	05
7–सामान्य प्रभाव।	05

नोट :–संगीत गायन के साथ हारमोनियम की संगत की अनुमति नहीं है।

2–तबला व पखावज के अलावा अन्य संगीत तंत्रवाद्य लेने वालों विद्यार्थियों के लिये –

1–विद्यार्थियों द्वारा चुने गये अपने रुचि के साथ गीत अथवा संगीत का प्रदर्शन।	15
2–विस्तृत अध्ययन के रागों के ऊपर पूछे गये आलाप।	10
3–पाठ्यक्रम में प्रस्तुत विस्तृत अध्ययन की ताल।	05
4–पाठ्यक्रम में निहित साधारण अध्ययन की ताल।	05
5–राग और स्वर समूह को पहचानने की क्षमता।	05
6–परीक्षार्थियों की आवाज और उसका सामान्य प्रभाव।	05
7–सामान्य प्रभाव।	05

संस्तुत पुस्तकें

1–ताल परिचय भाग दो–जी0सी0 श्रीवास्तव, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद।

2–तबला प्रवेशिका भाग दो–पी0 नारायन (केला प्रकाशन, इलाहाबाद)।

3–तबला परिचय भाग एक–आई0एन0 गोस्वामी (एन गोस्वामी, बरेली)।

अध्यापकों के सन्दर्भ हेतु संस्तुत पुस्तकें

1–हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति–क्रमिक पुस्तक मालिका, भाग 2, 3 एवं 4, ले0 पं बी0एन0 भातखण्डे, संगीत प्रेस, हाथरस।

2–शास्त्र राग परिचय भाग दो–प्रकाशन नारायण (कला प्रकाशन, 240, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद)।

3–राग परिचय भाग दो–हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव, संगीत सदन प्रकाशन, 88, साउथ मलाका, इलाहाबाद।

ग्रन्थ शिल्प
कक्षा–11

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंकों की एवं तीन घण्टे की अवधि का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा छः घण्टे की अवधि में एक दिन में सम्पन्न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक होने चाहिये।

इकाई–1 **14 अंक**

(1) कागज बनाने का इतिहास, निर्माण (कुटीर उद्योग पद्धति), कच्चे सामान के उद्‌गम एवं उनके बाजार कच्चे माल से लुग्दी बनाते समय गंदगी एवं प्रदूषण होने वाले प्रभाव व उनके बचाव के उपाय। भारत में मशीन द्वारा कागज बनाने के विभिन्न केन्द्र। कागज और दफ्ती की आधुनिक माप प्रणाली जैसे ए शून्य, पवन आदि का परिचय।

(2) टाइप के विभिन्न अंग, टाइप के विभिन्न नाप, टाइप केस तथा उसकी व्यवस्था, टाइप का विवरण, प्रूफ़ सुधारना तथा उनके संकेत।

इकाई–2 **14 अंक**

(1) प्रयोग में आने वाली सामग्री कागज (सादा एवं डिजाइनदार), दफ्ती, जिल्दबन्दी का कपड़ा (सादा एवं डिजाइनरदार), फीता, आइलेट्स, प्रेस बटन आदि। नाप, उनकी वजन रंगों आदि सहित उनका सही विवरण एवं उनके संग्रह की विधियाँ। लेई, सरेस एवं चिपकाने के आधुनिक पदार्थ।

(2) सरेस, लेई आदि तैयार करना एवं उनसे उत्पन्न होने वाली दुर्गन्ध से बचाव।

इकाई–3 **14 अंक**

(1) यंत्र संरक्षण तथा उसके उचित प्रयोग एवं रख–रखाव

(क) फोल्डर, कैंची, चाकू, पटरी, बैकिंग हैमर, काटने की आरी, पंच, आईलेट लगाने का यंत्र, बटन लगाने के यंत्र आदि।

(ख) दफ्ती काटने का यंत्र, निपिंग प्रेस, स्टैन्डिंग एण्ड लाइन प्रेस।

(2) जिल्दसाजी व्यापारिक विधि एवं लैमिनेशन कार्य।

इकाई–4 **14 अंक**

1 प्रयोगार्थ सामग्री विभिन्न प्रकार के लिखने तथा आवरण पृष्ठ के कागज।

2 लेटर प्रेस, लीथो, ऑफसेट व स्क्रीन प्रिन्टिंग की छपाई।

इकाई–5 **14 अंक**

1 निगेटिव बनाने की विधियां, धातु की प्लेट पर मुद्रण सतह बनाना। कैमरे का सिद्धान्त, हाफटोन एवं तिरंगी छपाई का सिद्धान्त।

2 ब्लॉक बनाने में रासायनिक पदार्थों के प्रयोग करते समय होने वाले प्रदूषण का निवारण।

प्रयोगात्मक **30 अंक**

(1) सत्र कार्य

(अ) प्रत्येक विद्यार्थी को प्रत्येक मॉडल बनाने का विवरण तैयार करना आवश्यक है। विवरण विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा अवलोकित होगा।

(ब) बनाये जाने वाले मॉडलों की सूची का चार्ट बनाया जाय और कक्षाओं में टांगा जाय।

(स) प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा विषय से सम्बन्धित एक चार्ट भी तैयार करना आवश्यक है।

(2) मौखिक परीक्षा

विषय अध्यापक द्वारा कम से कम तीन प्रश्न प्रत्येक विद्यार्थी से पूछे जायेंगे।

प्रयोगात्मक कार्य के लिये

1 सरल तथा क्रमवत् अभ्यास विभिन्न आकारों के लिफाफे, राइटिंग पैड, पोर्टफोलियो, पत्रिकाओं के कवर, एक जुज का नोट बुक जिसका कवर सादा व दफ़्ती लगा हो। कलण्डर, एलबम, ,खुली हुई फाइल तथा केस बनाना।

2 पुस्तक की मरम्मत करना जिसकी सिलाई केसिंग से ठीक हो।

3 पृष्ठ बनाने के लिये कागज की सीटों को सरल विधियों से मोड़ना।

4 एक सस्ती पुस्तक जिल्दसाजी टोप की सिलाई द्वारा करना तथा उसकी केस बाइन्डिंग करना। उस पुस्तक के ऊपर और नीचे रक्षक कागज लगाना। यह बाइन्डिंग निम्नलिखित क्रियाओं को करते हुए की जाये।

(1) पुरानी पुस्तक का एक–एक जुज अलग करना।

(2) फटे हुये जुजों को साफ करना तथा मरम्मत करना, फटे हुये कागजों को सुधारना।

(3) रक्षक कागजों को बनाना।

(4) टेप सिलाई करना।

(5) पीठ पर सरेस लगाना, उसके किनारे काटना, पीठ को गोल करना, ऊपर नीचे काटकर बराबर करना।

(6) केस बनाना।

(7) केस को पुस्तक पर चिपकाना।

टिप्पणी

(1) प्रत्येक सत्र में प्रत्येक परीक्षार्थियों द्वारा कम से कम दस मॉडल अवश्य बनाये जायें और इसके अतिरिक्त प्रत्येक को कम से कम दो उच्च कोटि के सुन्दर मॉडल अपनी इच्छानुसार बनाये जायें।

(2) सभी मॉडलों पर सजावट का कार्य किया जाये।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

अधिकतम अंक 30	**न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक**	**समय 06 घण्टे**
1 मॉडल बनाना।		03
2 सजावट।		03
3 प्रेस कार्य		
(अ) कम्पोजिंग।		03
(ब) प्रूफ रीडिंग कार्य।		03
4 मौखिक		03
5 फाइल रिकॉर्ड।		04
6 सत्रीय कार्य सतत् मूल्यांकन।		03
7 प्रोजेक्ट कार्य		08
		योग=30 अंक

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के वरिष्ठ विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–काष्ठ शिल्प

कक्षा–11

इस विषय की लिखित परीक्षा में एक प्रश्न पत्र तीन घण्टे का होगा। प्रश्न पत्र 70 अंक का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंको की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा छः घण्टे की अवधि में एक दिन में सम्पन्न होगी। उत्तीर्ण होने के लिए लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक होने चाहिए।

	प्रश्न पत्र	**अधिकतम अंक**	**न्यूनतम अंक**
1.	लिखित–केवल प्रश्नपत्र	70 अंक	23 अंक
2.	प्रयोगात्मक	30 अंक	10 अंक
	योग. .	100 अंक	33 अंक

उत्तीर्ण होने के लिये लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होने के साथ ही 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–एक **10 अंक**

1. काष्ठशिल्प की परिभाषा, सिद्धान्त, महत्व उद्देश्य एवं फनर्रीचर का इतिहास।
2. काष्ठशिल्प में प्रयोग होने वाले यंत्र। यंत्र की परिभाषा एवं उनका वर्गीकरण।
3. **खुरदरा काटने वाले यंत्रः**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की आरियों का ज्ञान। जैसे–दाँतों को बनाना, दांतों को सेट करना, दाँतों को तेज करना, 2.54 सेमी0 में दाँतों की संख्या, दाँतों का कोण तथा आरियों को चलाते समय ध्यान देने योग्य बातें।
4. **रन्दने वाले यंत्रः**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रन्दों का ज्ञान। जैसेः– परीभाषा उनका प्रयोग, खराबियाँ, मुँह का कोण उनके भाग आदि। रन्दें में खरावियां तथा उनकों दूर करना। रन्दे को चलाते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें आदि।

इकाई–दो **10 अंक**

1. **छीलने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रुखानियों तथा ड्रा नाइफ का ज्ञान। जैसे– रूखानियों के प्रकार, उनके भाग, कार्य तथा प्रयोग करते समय विशेष ध्यान देने योग्य बातें।
2. **खरोचने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के रेतियों का ज्ञान। दातों तथा कार्य के अनुसार रेतियों के प्रकार, उनके भाग, प्रयोग तथा सुरक्षा आदि का ज्ञान।
3. **जाँच करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत स्ट्रेट एज, वाइडिंग स्ट्रिप, प्लम्ब सूई, स्प्रिट लेवेल, गुनिया, स्लाइडिंग बेवेल, माइटर स्क्वायर आदि का ज्ञान।
4. **चिन्ह लगाने तथा नापने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के खतकस, दो फुटा, चिन्ह चाकू, विंग परकार स्केल आदि का ज्ञान।

इकाई–तीन **10 अंक**

1. **छेद करने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत ब्रेस, हैण्ड ड्रिल, देशी ड्रिल, एवं ब्राडाल का ज्ञान। ब्रेस तथा हैण्ड ड्रिल में प्रयोग होने वाले बिट्स (BITS) का ज्ञान।
2. **ठोकने तथा निकालने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत मुँगरी विभिन्न प्रकार के हथौड़े, जम्बूर, प्लायर्स, नेल पुलर, नेल पंच, पेचकस आदि का ज्ञान।
3. **कसकर पकड़ने वाले यंत्र**– इसके अन्तर्गत मेज बांक, आरी बांक छड़ सिकन्जा, जी सिकन्जा, बेन्च वाइस, बेन्च होल्ड फास्ट तथा दस्ती पेंच आदि का ज्ञान।

इकाई–चार **10 अंक**

1. **पर्यावरण**– पर्यावरण की परिभाषा प्रकार तथा काष्ठशिल्प प्रयोगशाला से होने वाले प्रदूषण, उनका स्वास्थ्य पर प्रभाव तथा बचाव के उपाय। वृक्ष हमारे मित्र, प्रदूषण दूर करने में इनसे प्राप्त सहायता।
2. **लकड़ी में खराबियाँ**–खराबियों के प्रकार तथा विस्तार से उनका वर्णन।
3. **वृक्षः**–वृक्ष के मुख्य भाग तथा उनके कार्य।
4. लकड़ी के व्यापार से राष्ट्रीय आय। आयात एवं निर्यात।

इकाई–पाँच **10 अंक**

1. **वृक्षः**– वृक्ष के प्रकार तथा एक्सोजेनस वृक्ष के तने का व्यतस्त खण्ड।
2. **वृक्षः**– वृक्ष का बढ़ना।
3. पेड़ काटने का उचित समय (मौसम), पेड़ काटने की उम्र तथा कटी हुई लकड़ियों के नाम व व्यापारिक आकार।
4. लट्ठे चीरना, लकड़ी के रेशे तथा अच्छी लकड़ी की पहचान (गुण)।

इकाई–छः **10 अंक**

1. **नमूनों (MODELS) को सजाने की विधियाँ**– जैसेः– शेपिंग, खराद कार्य, तक्षण कला, ऐंठन एप्लीक का कार्य , इनलेइंग,, मोल्डिंग, विनियरिंग तथा स्टेन्सिलिंग का सम्पूर्ण ज्ञान।
2. **आलेखन**– आलेखन की परिभाषा, प्रकार एवं बनाने का सिद्धान्त।
3. मापनी– मापनी की परिभाषा प्रकार, मापनी बनाने का सम्पूर्ण ज्ञान।

इकाई–सात **10 अंक**

1. **मोल्डिंग– मोल्डिंग की परिभाषा** उनके प्रकर, नाप, अनुपात, तथा एक या कई को मिलाकर उनका प्रयोग।
2. **सरेस– सरेस की परिभाषा,** सरेस के प्रकार तथा सरेस वर्तन पशु सरेस पकाने तथा प्रयोग करने की विधि ।
3. तेल–काष्ठकला में प्रयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के तेलों का ज्ञान ।

प्रयोगात्मक कार्य **30 अंक**

1. प्रयोगात्मक कार्य में छात्रों से विभिन्न प्रकार के नमूने (MODELS) बनवाये जायेंगे।
2. छात्रों से सभी प्रकार के यंत्रों का क्रमानुसार प्रयोग करने का उचित अभ्यास करायें जायें।
3. छात्रों को प्रयोगात्मक परीक्षा सम्बन्धिति प्रश्नों के अभ्यास करायें जायें।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

अधिकतम अंक–30 न्यूनतम उत्तीर्णांक–10 समय–6 घण्टे (एक दिन में)

1– लकड़ी का प्लेनिंग एवं शुद्वता	05 अंक
2 – माडल की तैयारी तथा सही बनाने की विधि	04 अंक
3– सही जोड़, कील एवं पेंच का प्रयोग	03 अंक
4– माडल की सही रूप रेखा	03 अंक
5– चिप कर्विंग	03 अंक
6– प्रोजेक्ट कार्य एवं मौखिक	08 अंक
7– सत्रीय कार्य एवं सतत् मूल्यांकन	04 अंक
	योग=30 अंक

पुस्तकें

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के वरिष्ठ विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर ले।

विषय–सिलाई

कक्षा–11

लिखित परीक्षा में एक प्रश्न–पत्र 70 अंक व तीन घण्टे का होगा। इसके अतिरिक्त 30 अंकों की एक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसमें मौखिक परीक्षा भी सम्मिलित है। प्रयोगात्मक परीक्षा 4 घण्टे से अधिक न होगी। उत्तीर्ण होने के लिये लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा में कम से कम क्रमशः 23+10=33 अंक आने चाहिये।

पूर्णांक 100

इकाई

1-परिधान (पोषाक)- 10 अंक

(i) परिधान का महत्व, (ii) परिधान के प्रकार, (iii) मौसम, आयु, लिंग तथा विभिन्न अवसरों पर परिधान कैसे होने चाहिये? का ज्ञान।

2-वस्त्र अभिन्यास व्यवसाय- 10 अंक

(i) सफलता के तत्व (ii) वस्त्रों का मितव्ययी प्रयोग (iii) वस्त्रों के प्रकार- सूती, ऊनी, रेशमी, सिन्थेटिक एवं आधुनिक वस्त्रों की जानकारी तथा परिधानके अनुसार इन वस्त्रों के प्रयोग का ज्ञान।

3-कंधे एवं शरीर के गठन की जानकारी तथा इस के नाप लेने की विधि- 10 अंक

(1) शरीर- (i) सामान्य, (ii) तना हुआ, (iii) झुका हुआ, (iv) तोंदील तथा अर्ध तोंदील, (v) कूबड़ निकला हुआ

(2) कन्धा- (i) सामान्य कन्धा, (ii) ऊंचा कन्धा, (iii) झुका हुआ कन्धा

4-नाप लेने की पद्धतियाँ – 10 अंक

(i) डायरेक्ट पद्धति, (ii) क्लाइमेक्स पद्धति तथा विभिन्न पद्धतियों का संक्षिप्त ज्ञान ।

5-कटाई सिलाई के अंग- 10 अंक

(i) कटर क्या है,

(ii) अच्छे कटर और टेलर किस प्रकार बनाया जा सकता है।

(iii) कटाई, सिलाई तथा प्रेस करते समय की सावधानियाँ, (iv) आनुपातिक कपड़े का ज्ञान,

(v) फैशन के अनुसार परिधान बनाने की योग्यता, (vi) सिले हुये परिधान में होने वाले दोष की जानकारी तथा उन्हें दूर करने के उपाय।

6- सिलाई व्यवसाय में प्रयोग होने वाले शब्दों की परिभाषा एवं ज्ञान- 10 अंक

श्रिंक करना, दमफ्राक, गिदरी, हाला, टिथ, डार्ट, फिश डार्ट, प्लीट, गिरह, चाक, ताबीज, कुटका, चाँपा, धाँसा, ट्रीमिंग, बाबिन, बकरम, चिकोटी, लेआउट, टॉय-ऑन,अर्ज,आडा, ओरेब आदि।

7-पर्यावरण सुरक्षा- 10 अंक

(i) सिलाई करते समय विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से होने वाली सम्भावनायें तथा उन्हें दूर करने के उपाय

(ii) सिलाई कक्ष में कूड़ा कचरा, कतरन जलने से प्रदूषण फैलना तथा उसे दूर करने के उपाय ।

(iii) मशीनों से उत्पन्न होने वाले ध्वनि प्रदूषण को कम करने के उपाय

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम: 30 अंक

दिए के नाप के अनुसार निम्नलिखित वस्त्रो का रेखाचित्र बनाना, काटना एवं पूर्णरूपेण से सिलना।

1- पुरुषो के वस्त्र –

(i) नेहरू कमीज, कुरता,

(i i) बुशर्ट ।

2- नेकर–

(i) आधुनिक नेकर, हाफ पैंट

(i i) तोंदील एवं अर्ध तोंदील व्यक्ति के लिए ।

3- पैंट-

(i) नार्मल करपुलेंट,

(i i) फ्लाटिरा एक प्लेट तथा बिना प्लेट वाला, आधुनिक फैशन के अनुसार बच्चों के वस्त्र,

(i i i) बाबा सूट ।

4- कोट-

(i) नेशनल स्टाइल क्लोज्ड (बंद गला कॉलर कोट),

(i i) आर्डिनरी ओपन कॉलर कोट,

(i i i) नेहरू जैकेट ।

प्रयोगात्मक परीक्षा का आन्तरिक मूल्यांकन निम्नवत होगा ।

अधिकतम अंक 30 न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक समय 04 घण्टे

1. दिये गये नापों के अनुसार वस्त्रों के विभिन्न भागों का चित्र बनाना (ड्राफ्टिंग) एवं कटाई करना।	06
2. वस्त्र की सिलाई, फिनिशिंग एवं प्रेसिंग।	06
3. मौखिक कार्य।	03
4. फाइल रिकार्ड।	05
5. सिलाई–बालिका, पुरूष एवं स्त्री के वस्त्र।	06
6. मशीन के विभिन्न भागों का ज्ञान।	02
7. सत्रीय कार्य एवं मौखिक कार्य।	02

विषय–चित्रकला (आलेखन)
कक्षा–11

इसकी परीक्षा 100 अंको के एक प्रश्न–पत्र में होगी। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33

खण्ड (क) इसमें 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न अनिवार्य पूँछे जायेंगे।

खण्ड–'ख' (आलेखन) अनिवार्य 60 अंक

आलेखन–प्राकृतिक, अलंकारिक, आकृतियों पर आधारित विभिन्न प्रकार के दो या दो से अधिक आवृत्ति के मौलिक–रचनात्मक आलेखन। पुष्प जैसे गुलाब, कमल, सूरजमुखी, डहलिया, गुड़हल, पेन्जी आदि फूल, कलियां, पत्तियों आदि वस्तुयें जैसे मानव शंख, तितलियां, हंस, हिरन, हाथी आदि का आधार लेकर आलेखन बनाना। कम से कम तीन रंग भरने हैं। उत्तम संगति के साथ। आलेखन वस्त्रों की छपाई, बुनाई, कढ़ाई, चर्म शिल्प, बर्तन, अल्पना व अन्य ज्यामिति आकार में बनाने होंगे। ग्राफ बना कर भी आलेखन बनाये जा सकते हैं।

खण्ड (ग) **30 अंक**

वस्तु चित्रण अथवा स्मृति चित्रण अथवा प्रकृति चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य चित्रण (Land Scape) में से कोई कोई एक खण्ड करना है–

वस्तु चित्रण– **30 अंक**

विभिन्न प्रकार के खेल से संबंधित उपकरण– बैट, बाल, हाकी, गेंद, फुटबाल, कृषि उपकरण–फावड़ा, हल, हंसिया, हथौड़ी आदि का चित्र बनाना–यह चित्रण इंक में प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया, पेन्सिल, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए करना है।

टिप्पणी–चित्र संयोजन 20 सेंमी0 से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार या गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिनका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं को कम से कम 40 सेंमी0 ऊंचाई पर रखा होना चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण– **30 अंक**

पुष्प जैसे–कमल, जीनिया, कैली, पेन्जी आदि की कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधों के चित्र, प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं। पौधे व पुष्प, पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

स्मृति चित्रण– **30 अंक**

स्मृति चित्रण सफेद कागज पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित निम्न वस्तुओं मे से किसी एक का चित्र बनाना होगा। जैसे खेल–कूद का सामान यथा बैट, बाल, हाकी आदि, दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाली सामग्री अथवा गृह उपयोगी सामग्री, पठन–पाठन सामग्री जैसे कापी, किताब, पेन, पेंसिल आदि, पशु पक्षी का चित्रण, फलों का चित्रण, फूलों का चित्रण, मिट्टी के बर्तनों का चित्रण, सब्जियों का चित्रण तथा कृषि की साधारण उपयोगी वस्तुयें। नाप 15 सेंमी0 से अधिक नहीं।

(माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape)– **30 अंक**

ग्रामीण जीवन साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठ भूमि में बनाना है। माध्यम–जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयल, आयल पेस्टल व कार्बन चारकोल पेन्सिल, नाप 25 सेंमी0 x 30 सेंमी0।

पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–चित्रकला (प्रावैधिक)

कक्षा–11

इसकी परीक्षा 100 अंको के एक प्रश्नपत्र में होगी। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33

खण्ड (क) 10 अंको के अनिवार्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे।

कर्णवत पैमाना क्षेत्रफल सम्बन्धी निर्मेय दीर्घवृत्त। 60 अंक का अनिवार्य

खण्ड (ख)– 9 अंक खण्ड– (ग) 9 अंक खण्ड– (घ) 9 अंक खण्ड– (च) 18 अंक खण्ड–(छः) 15 अंक

टिप्पणी–प्रत्येक खण्ड में से एक प्रश्न अनिवार्य है तथा कुल पांच प्रश्न करने होंगे।

खण्ड (ज) 30 अंक कोई एक खण्ड करना है।

वस्तु चित्रण अथवा स्मृति चित्रण अथवा प्राकृतिक चित्रण अथवा प्राकृतिक दृश्य चित्रण (स्केच–बंचम)

वस्तु चित्रण–30 अंक

विभिन्न प्रकार के खेल से संबंधित उपकरण– बैट, बाल, हाकी, गेंद, फुटबाल, कृषि उपकरण–फावड़ा, हल, हंसिया, हथौड़ी आदि का चित्र बनाना–यह चित्रण इंक में प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया, पेन्सिल, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए करना है।

टिप्पणी–चित्र संयोजन से 20 सेंमी0 से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार या गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिनका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं को कम से कम 40 सेंमी0 ऊंचाई पर रखा होना चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण–30 अंक

पुष्प जैसे–कमल, जीनिया, कैली, पेन्जी आदि की कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधे के चित्र, प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं। पौधे व पुष्प, पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

स्मृति चित्रण–30 अंक

वस्तु चित्रण या प्राकृतिक चित्रण के साथ–साथ स्मृति चित्रण सफेद कागज पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित निम्न वस्तुओं मे से किसी एक का चित्र बनाना होगा। जैसे खेल का सामान, मिट्टी की वस्तुयें तथा कृषि की साधारण उपयोगी वस्तुयें। नाप 15 सेंमी0 से अधिक नहीं।

(माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape)–30 अंक

ग्रामीण जीवन साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठ भूमि में बनाना है। माध्यम–जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयल, आयल पेस्टल व कार्बन चारकोल पेन्सिल, नाप 25 सेंमी0 ग 30 सेंमी0।

पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–रंजन कला

कक्षा–11

इसमें एक प्रश्न–पत्र 100 अंकों का होगा। **न्यूनतम उत्तीर्णांक–33**

खण्ड– क **70 अंक**

मानव सिर का (Statue) **प्रतिमा द्वारा रंगों में चित्रण** मानव सिर की प्रतिमा बालक, वृद्ध जो प्लास्टर ऑफ पेरिस या मिट्टी की बनी हो। सम्मुख रखकर पेस्टिल, ऑयल पेस्टिल या क्रेयान इंक से चित्रण करना होगा। प्रकाश, छाया, प्रतिछाया प्रदर्शित करनी होगी।

अथवा

भारतीय चित्रकारी भारत के विशेष प्राचीन कलाकारों के चित्रों की सुगम सपाट प्रतिकृति तैयार करना।

सरल अनुवृत्ति एक मानव व एक पशु–पक्षी से संयोजित रंग व रेखाओं में चित्रित करना। नाप : 20 सेमी0 × 30 सेमी0। प्रश्न–पत्र में चित्र कम से कम 15 सेमी0 लम्बाई में दिया जाय।

खण्ड– ख **30 अंक**

रंगों में काल्पनिक चित्र संयोजन दैनिक व विद्यार्थी जीवन, सामाजिक, खेल, धार्मिक, दहेज, परिवार कल्याण व परिवार नियोजन, देशभक्ति। इसमें मानव चित्र उन्नत दृश्य में जिसमें नदी, वृक्ष, झोपड़ी, मकान इत्यादि भी सम्मिलित किये जायें। चित्र दो या अधिक रंगों में स्वतन्त्र शैली में सपाट रंग व रेखाओं द्वारा प्रकाशित किये जायें।

अथवा

भारतीय चित्रकला का इतिहास भारतीय कला का प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक जो निम्नांकित उप शीर्षकों में विभाजित हो, विभिन्न कला केन्द्रों का इतिहास, आलोचनात्मक और तुलनात्मक/अध्ययन के साथ पढ़ाया जाय।

प्रागैतिहासिक काल, बौद्ध काल, मध्यकाल।

पुस्तकें कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक से परामर्श करके पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–नृत्य कला

कक्षा–11

एक लिखित प्रश्न–पत्र तीन घण्टे और 50 अंकों का होगा। इसके अलावा 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। उत्तीर्ण होने के लिये विद्यार्थी को लिखित, प्रयोगात्मक और योग में क्रमशः कम से कम 17, 16 और 33 अंक पाना आवश्यक है।

इकाई–1 **25 अंक**

निम्नलिखित में से किसी एक की परिभाषा और व्याख्या जहाँ सम्भव हो सके उदाहरण और चित्र देते हुये– कत्थक, भरतनाट्यम्।

ताण्डव, लास्य, मुद्रा, मुद्राय गीत, भाव, कविता, कस्क–मस्क कटाक्ष निकास, अल्लारिपु, जेथि स्वरम्, शब्दम्, वर्णम्, पदम तिल्लाना, लय, विरामद्रुत, लघु, गुरु प्लत काकपद, श्लोकम्, हरोबा।

लयकारियों के विभिन्न प्रकार हाथों के (संयुक्त), सात प्रकार की भ्रमरी गति, 8 प्रकार की चाल।

इकाई–2 **25 अंक**

कत्थक के भेद और विशेषतायें (मुरली की गति, मटकी, गागर) अथवा भरतनाट्यम् अलारिपु, जातिस्वरम्, शब्दम्, वर्णम्, पदम्।

गतों टुकड़े, आमद परन, सलाम आदि को तालिपि में लिखने की योग्यता जो नृत्य के साथ संगत के रूप में प्रयुक्त होता है। निम्नलिखित तालों के ठेकों, उनकी विभिन्न लयों जैसे–दुगुन, चौगुन का ज्ञान, झपताल, त्रिताल–

नौ रसों का परिचय।

नृत्य सम्बन्धी किसी भी सामान्य विषय पर छोटा निबन्ध।

निम्नलिखित नृत्यकारों की जीवनियाँ–

सितारा देवी, रामगोपाल, विन्दादीन, लच्छू महराज।

प्रयोगात्मक **50 अंक**

1 टखने, घुटने, कमर, कन्ध, बाहों, कलाइयों, सिर, गर्दन, आंखों, भौहों की गतियों का अभ्यास, विभिन्न प्रकार की चालों का प्रदर्शन।

2 चौताल में सरल तत्तकार, गत, एक आमद, तीन चक्करदार परन। 10 टुकड़े और कवित तीन तालों में, एक गत दो परन।

3 तबले पर तीन ताल, झपताल के ठेके बनाने की योग्यता। कम से कम उपरोक्त तालों में से प्रत्येक में दो टुकड़े और सभी टुकड़े आदि को हाथ से ताली, खाली आदि दिखाते हुये सभी तालों को पहचानने और अनुगमन करने की योग्यता।

4 कथानक और पौराणिक नृत्य जैसे कृष्ण की जीवन घटनायें आदि से दो नृत्य।

या

अल्लारिपु, जातिस्वरम्, शब्दम्, वर्णम् की भरत नाट्यम् नृत्य की श्रृंखला किन्हीं दो रागों में।

पुस्तक : कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक से परामर्श करके पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

नृत्यकला

अधिकतम अंक 50 **न्यूनतम उत्तीर्णांक 16 अंक** **समय प्रति परीक्षार्थी 15–20 मि0**

1 परीक्षार्थी का अपना चुना हुआ नृत्य।	08
2 परीक्षक द्वारा पूछे गये नृत्य खण्ड गत टुकड़े आदि विभिन्न तालों में बताना।	03
3 वेश, श्रृंगार, सज्जा, अन्य प्रसाधन आदि।	03
4 अभिव्यक्ति, संदेश, भाव आदि।	03
5 लयकारी, ताल, ज्ञान आदि।	03
6 नृत्य के टुकड़ों और ताल को विभिन्न लयों में हाथ से ताली आदि दिखाते हुये।	02
7 सामान्य धारण और नृत्य का प्रभाव।	03
8 रिकॉर्ड।	05
9 प्रोजेक्ट।	10
10 सत्रीय कार्य।	10

विषय–तर्कशास्त्र

कक्षा–11

उद्देश्य एवं लक्ष्य–

माध्यमिक स्तर पर छात्रों को तर्कशास्त्र के तत्वों के शिक्षण का उद्देश्य, उनके मस्तिष्क की स्पष्ट, यथार्थ एवं क्रमबद्ध चिन्तन के लिए प्रस्तुत करना है। समग्ररूप से तर्कशास्त्र में पाठ्यक्रम निम्नांकित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निर्धारित किया गया है–

(क) छात्रों को ऐसे मौलिक नियमों एवं सिद्धान्तों से परिचित कराना जो विचारों को नियन्त्रित करते हैं।

(ख) उनको वैज्ञानिक शोधों में प्रयुक्त तार्किक प्रक्रियाओं से परिचित कराना।

(ग) छात्रों को विचार प्रक्रिया में आये हुए दोषों को पकड़ने तथा उनसे बचने के योग्य बनाना।

(घ) छात्रों में तार्किक दृष्टिकोण तथा तर्कसंगत विचार और सत्य के प्रति सम्मान उत्पन्न करना।

उपर्युक्त उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की पूर्ति हेतु पाठ्य वस्तु को प्रस्तुत करते समय अध्यापक को विचाराधीन प्रकरण के व्यावहारिक पक्ष पर विशेष बल देना तथा दैनिक जीवन से दृष्टान्त और उदाहरण देना अपेक्षित है।

पाठ्यक्रम–

100 अंकों का एक प्रश्न–पत्र 3 घण्टे का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33

इकाई–1–तर्कशास्त्र की परिभाषा, तर्क का निगमन रूप, विचार के नियम, पद प्रकरण, वाच्यधर्म, तार्किक परिभाषा पदों के प्रयोग में आये हुए दोष–प्रकरण, पदों के निरोध में आये हुये दोष–प्रकरण। **50 अंक**

इकाई–2–तर्कशास्त्र का क्षेत्र एवं मूल्य, आगमन और उनके प्रकार, आगमन की संकल्पनायें, प्रकृति की एकरूपता, आगमन के वस्तुगत आधार, निरीक्षण एवं प्रयोग। **25 अंक**

इकाई–3–भारतीय तर्कशास्त्र में अनुमान का स्वरूप एवं प्रकार हेत्वाभास के प्रमुख भेद, भारतीय तर्कशास्त्र (न्याय दर्शन) में कारण का स्वरूप, भारतीय तर्कशास्त्र (न्याय दर्शन) में अन्वय एवं ब्यतिरेक विधि। **25 अंक**

प्राकृतिक आपदायें––(यथा आग, भूकम्प, बाढ़, सूखा एवं तूफान आदि) के स्वरूप एवं निराकरण के तार्किक निराकरण।

पुस्तक–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

विषय–नेशनल कैडेट कोर (N.C.C.)

कक्षा–11

नेशनल कैडेट कोर (N.C.C.) शैक्षणिक विषय के रूप में

पाठ्यक्रम का उद्देश्य– राष्ट्र निर्माण एवं विकास में छात्र/छात्राओं को उन्मुख करना, उनमें चरित्र निर्माण नेतृत्व के गुण और विशेष दक्षता (skill) दिलाने के साथ–साथ उनमें सुरक्षा, सामाजिक राजतैतिक, आर्थिक, पर्यावरणीय स्वास्थ्य सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसी समस्याओं और चुनौतियों के लिए जागरूक करना है, जिससे इनका भविष्य उज्ज्वल एवं उन्नतिषील तथा अनुषासित बन सके।

नेषनल कैडेट कोर (N.C.C.) वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा। इसका केवल एक लिखित प्रश्नपत्र 70 अंक का होगा तथा 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी, कुल उत्तीर्ण अंक 33 होगा। लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में अलग–अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

विषय–नेशनल कैडेट कोर (N.C.C.)

कक्षा–11 **पूर्णांक 70 अंक**

इकाई–1 नेशनल कैडेट कोर **10 अंक**

(क) उद्देष्य एवं लक्ष्य

(ख) नेषनल कैडेट कोर की संरचना, इतिहास, प्रषिक्षण

(ग) विभिन्न राज्यों में N.C.C. की पढ़ाई प्रगति, अवसर ज्ञान

इकाई–2 राष्ट्रीय एकता एवं धर्म निरपेक्षता **10 अंक**

(क) राष्ट्रीय एकता का महत्व एवं आवष्यकता उपाय

(ख) धर्म निरपेक्षता का अर्थ, परिभाषा, आवष्यकता, महत्व

(ग) संस्कृति का अर्थ एवं महत्व, परम्परा, रीति रिवाज

(घ) विभिन्नता में एकता राष्ट्रवाद

(ड.) 1857 का स्वतंत्रता संग्राम

इकाई–3 सैन्य इतिहास एवं युद्ध **10 अंक**

(क) आधुनिक भारतीय थल सेना, संरचना एवं भूमिका

(ख) भारतीय नौ सेना

(ग) भारतीय वायु सेना

इकाई–4 असैनिक चुनौतियॉ एवं संचार व्यवस्था **08 अंक**

(क) आतंकवाद, चुनौतियॉ एवं भावी रणनीति

(ग) संचार की महत्व एवं आवष्यकता

(ख) नक्सलवाद

इकाई–5 आपदा प्रबंधन एवं आंतरिक चुनौतियॉ **07 अंक**
(क) सिविल डिफेंस संगठन एवं आपदा प्रबंधन संरचना आवष्यकता महत्व
(ख) प्राकृतिक आपदा का अर्थ परिभाषा महत्व
इकाई–6 सामाजिक जागरूकता एवं सामुदायिक विकास **09 अंक**
(क) मूलभूत सामाजिक सेवा की अवधारणा उसकी आवष्यकता
(ख) सामाजिक कार्यों के प्रति रूचि के उन्मुख कार्य करना
(ग) सड़क सुरक्षा के नियम एवं सड़क दुर्घटना के प्रति जागरूकता
इकाई–7 स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता **08 अंक**
(क) स्वच्छता एवं स्वस्थ्य रहने की आवष्यकता एवं उपाय संसाधन
(ख) मानव शरीर की संरचना एवं कार्य
(ग) संक्रामक रोगों की पहचान एवं रोकथाम के उपाय
इकाई–8 पर्यावरणीय एवं जल संरक्षण
(क) प्राकृतिक संसाधन **08 अंक**
(ख) प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं प्रबंधन
(ग) पानी का संरक्षण, वर्षा के पानी का संरक्षण

प्रयोगात्मक **30 अंक**

1– मानचित्र पठन **10 अंक**
(क) सर्वेक्षण पत्रक (सर्वे ग्रिड मैप) का परिचय, परिभाषा, उपयोगिता हासिए की सूचनाएं, सांकेतिक चिन्ह, ग्रिड तथा कन्ट्रोल व्यवस्था
(ख) उत्तर दिषाए– प्रकार तथा दिषा ज्ञान के तरीके
(ग) दिक्मान– परिभाषा तथा अन्तर परिवर्तन
2– प्रिज्मैटिक दिक्सूचक सर्विस **10 अंक**
(क) मानचित्र दिषा अनुकूलन करना (नक्षा सेट करना)
(ख) तीनों सेनाओं के वेसिस ऑफ रैंक की पहचान
(ग) प्रयोगात्मक कार्य की अभ्यास पुस्तिका
3– मौखिकी परीक्षा एवं ड्रिल परीक्षा (Drill-test) **10 अंक**
प्रयोगात्मक परीक्षा में अंकों का विवरण निम्नलिखित होगाः–
मानचित्र पठन–10 अंक
प्रिज्मैटिक दिक्सूचक–10 अंक
अभ्यास पुस्तिका–5 अंक
मौखिकी परीक्षा–5 अंक

एन0सी0सी0 (प्रयोगात्मक)
उपकरण एवं अन्य सामाग्री की सूची
1. टोपोशीट (मानचित्र) जिला एवं प्रदेश
2. सर्विस प्रोटेक्टर मार्क A
3. प्रिज्मैटिक दिक्सूचक (कम्पास)
4. नक्शे (मानचित्र) (अ) संकेतिक चिन्हों का मानचित्र
   (ब) भारत एवं पड़ोसी राष्ट्र
   (स) भारत भौगोलिक
   (द) भारत हिन्द महासागर
5. प्रयोगात्मक नोाटबुक

विषय–मनोविज्ञान
कक्षा–11

100 अंकों का एक प्रश्न पत्र होगा जिसकी अवधि 3 घण्टे 15 मिनट होगी न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 अंकों का होगा।
अध्याय–1 मनोविज्ञान क्या है? **10 अंक**
परिचय– मनोविज्ञान क्या है? मनोविज्ञान एक विद्याशाखा के रूप में, मनोविज्ञान एक प्राकृतिक विज्ञान के रूप में, मनोविज्ञान एक सामाजिक विज्ञान के रूप में, मन एवं व्यवहार की समझ, मनोविज्ञान विद्याशाखा की प्रसिद्ध धारणाएँ

, मनोविज्ञान का विकास, आधुनिक मनोविज्ञान के विकास में कुछ रोचक घटनाएँ, भारत में मनोविज्ञान का विकास, मनोविज्ञान की शाखाएं, मनोविज्ञान एवं अन्य विद्या शाखाएँ, दैनंदिन जीवन में मनोविज्ञान।

अध्याय–2 मनोविज्ञान में जाँच विधियाँ **12 अंक**

परिचय, मनोवैज्ञानिक जाँच के लक्ष्य, मनोवैज्ञानिक अनुसंधान के चरण, अनुसंधान के वैकल्पिक प्रतिमान, मनोवैज्ञानिक प्रदत्त का स्वरूप, मनोविज्ञान की कुछ महत्वपूर्ण विधियाँः प्रेक्षण विधि, प्रयोग का एक उदाहरण, प्रायोगिक विधि, सहसम्बन्धात्मक अनुसंधान, सर्वेक्षण अनुसंधान, सर्वेक्षण विधि का उदाहरण, मनोवैज्ञानिक परीक्षण, व्यक्ति अध्ययन, प्रदत्त विश्लेषण परिमाणात्मक विधि, गुणात्मक विधि, मनोवैज्ञानिक जाँच की सीमाएँ नैतिक मुद्दे।

अध्याय–3 मानव विकास **15 अंक**

परिचय, विकास का अर्थ, विकास का जीवनपर्यन्त परिप्रेक्ष्य, संवृद्धि, विकास, परिपक्वता तथा क्रम विकास, विकास को प्रभावित करने वाले कारक, विकास का संदर्भ, विकासात्मक अवस्थाओं की समग्र दृष्टिः प्रसवपूर्व अवस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था की चुनौतियाँ, प्रौढ़ावस्था एवं वृद्धावस्था।

अध्याय–4 संवेदी, अवधानिक एवं प्रात्यक्षिक प्रकियाएँ **13 अंक**

परिचय, जगत का ज्ञान, उद्दीपक का स्वरूप एवं विविधता, संवेदन प्रकारताओं का संक्षिप्त परिचय, अवधानिक प्रक्रियाएँः चयनात्मक अवधान विभक्त अवधान, संधृत अवधान, अवधान विस्तृति, अवधान न्यूनता अतिक्रिया विकार, प्रात्यक्षिक प्रक्रियाएं, प्रत्यक्षण के प्रक्रमण उपागम, प्रत्यक्षणकर्ता, प्रात्यक्षिक संगठन के सिद्धान्त, स्थान, गहनता तथा दूरी प्रत्यक्षण, एकनेत्री तथा द्विनेत्री संकेत, प्रात्यक्षिक स्थैर्य, भ्रम, प्रत्यक्षण पर सांस्कृतिक–सामाजिक प्रभाव।

अध्याय–5 अधिगम **15 अंक**

परिचय, अधिगम का स्वरूप, अधिगम के प्रतिमान, प्राचीन अनुबधन तथा इसके निर्धारक, क्रियाप्रसूत/नैमित्तिक अनुबंधन, क्रियाप्रसूत अनुबंधन के निर्धारक, प्राचीन तथा क्रियाप्रसूत अनुबंधनः भिन्नताएं, प्रमुख अधिगम प्रक्रियाएँ, अधिगत असहायपन, प्रेक्षणात्मक अधिगम, संज्ञानात्मक अधिगम, वाचिक अधिगम, कौशल अधिगम, अधिगम को सुगम बनाने वाले कारक, अधिगम अशक्तताएँ।

अध्याय–6 मानव स्मृति **12 अंक**

परिचय, स्मृति का स्वरूप, सूचना प्रक्रमण उपागम, अवस्था मॉडल, स्मृति तंत्रः संवेदी, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक स्मृतियाँ, कार्यकारी स्मृति, प्रक्रमण स्तर, दीर्घकालिक स्मृति के प्रकारः घोषणात्मक, प्रक्रियामूलक, घटनापरक एवं आर्थी, दीर्घकालिक स्मृति वर्गीकरण, स्मृति मापन की विधियाँ, विस्मरण के स्वरूप एवं कारणः चिन्ह, ह्रास, अवरोध एवं पुनरुद्धार की असफलता के कारण, विस्मरण, दमित स्मृतियाँ, स्मृति वृद्धिः प्रतिमाओं के उपयोग से स्मृति सहायक संकेत, संगठन के उपयोग से स्मृति सहायक संकेत।

अध्याय–7 चिंतन **08 अंक**

परिचय, चिंतन का स्वरूप, चिंतन का आधारभूत तत्व, संस्कृति एवं चिंतन, चिंतन की प्रक्रिया, समस्या समाधान, तर्कना, निर्णयन, सर्जनात्मक चिंतन का स्वरूप एवं प्रक्रिया, पार्श्विक चिंतन, सर्जनात्मक चिंतन के उपाय, विचार एवं भाषा, भाषा एवं भाषा के उपयोग का विकास, द्विभाषिकता एवं बहुभाषिता।

अध्याय–8 अभिप्रेरणा एवं संवेग **15 अंक**

परिचय, अभिप्रेरणा का स्वरूप, अभिप्रेरकों के प्रकारः जैविक अभिप्रेरक, मनोसामाजिक अभिप्रेरक, मैस्लो का आवश्यकता पदानुक्रम, संवेगों का स्वरूप, संवेगों की अभिव्यक्ति, संस्कृति एवं संवेगात्मक अभिव्यक्ति, संस्कृति एवं संवेगों का नामकरण, निषेधात्मक संवेगों का प्रबंधन, अभिघातज उत्तर दबाव विकार, परीक्षा दुश्चिंता का प्रबंधन, विध्यात्मक संवेगों में वृद्धि।

विषय–कम्प्यूटर

कक्षा–11

इस विषय की लिखित परीक्षा 60 अंकों के एक प्रश्नपत्र तीन घंटे की समयावधि की होंगी। इसके अतिरिक्त 40 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु तीन घंटे की समयावधि निर्धारित होगी। उत्तीर्ण होने के लिये परीक्षार्थी को लिखित, प्रयोगात्मक तथा योग में न्यूनतम क्रमशः 20, 13 तथा 33 अंक प्राप्त करने होंगे।

1. <u>कम्प्यूटर फंडामेन्टलस और नम्बर सिस्टम</u> **15 अंक**

1.1 कम्प्यूटर क्या है उसके कार्य एवं उसके प्रकार का वर्णन
1.2 साफ्टवेयर एवं हार्डवेयर अवधारणा
1.3 संख्या प्रणाली (नम्बर सिस्टम) बाइनरी, ऑक्टल, हैक्सा एवं डेसिमल नम्बर सिस्टम
1.4 फ्लोटिंग प्वाइंट नम्बर्स
1.5 विभिन्न अंक प्रणालियों के अंको का एक दूसरे में परिर्वतन
1.6 बूलियन बीजगणित स्वीकृत तथ्य एवं प्राथमिक सिद्धान्त
1.7 ट्रूथ टेबिल (Truth Table)
1.8 लाजिंग गेट्स और उनके अनुप्रयोग

2. <u>पाइथन प्रोग्रामिंग का परिचय</u> **10 अंक**

2.1 पाइथन भाषा का परिचय एवं विकास

2.2 डाटा टाइप्स
2.3 करेक्टर सेट
2.4 प्रोग्राम की संरचना
2.5 इनपुट एवं आउटपुट आपरेशन
2.6 कन्ट्रोल स्टेट्रमेंट
2.7 लूपिंग स्टेट्रमेंट

3. पाइथन में प्रोग्रामिंग **15 अंक**

3.1. स्ट्रिंगः परिचय, इन्डेक्सिंग, बिल्ट इन फंक्शन (Built in function) के जरिये स्ट्रिंग आपरेशन
3.2. लिस्टस (List): परिचय, इन्डेक्सिंग, ट्रैवर्सिंग (Traversing), लिस्ट के बिल्ट इन फंक्शन (Built in function)
3.3. टपल्स (Tuples) : परिचय, इन्डेक्सिंग, ट्रैवर्सिंग (Traversing) लूप के साथ, बिल्ट इन फंक्शन (Built in function)
3.4. डिक्सनरी (Dictionary): परिचय, इन्डेक्सिंग आपरेशन, ट्रैवर्सिंग (Traversing) लूप के साथ, बिल्ट इन फंक्शन (Built in function)

4 आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस (AI) : **10 अंक**

4.1 आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस का परिचय, उसका भविष्य, विशेषता एवं तत्व
4.2 आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स एजेन्ट
4.3 टिपिकल आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स द्वारा समस्या का समाधान
4.4 आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स के उपयोग :– नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (Natural language Processing), रोबोटिक्स, एक्सपर्ट सिस्टम, क्लासिफिकेशन एवम रिग्रेशन

5. उभरती हुई तकनीकियाँ **10 अंक**

5.1 ब्लाक चेन टेक्नालाजी
5.2 डिजिटल क्रिप्टो करेंसी
5.3 ऑग्मेंटेड एवं वर्चुअल रियलिटी का परिचय
5.4 इन्टरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)
5.5 3D प्रिन्टिंग
5.6 क्लाउड कम्प्यूटिंग

प्रयोगात्मक : **अधिकतम अंक 40**

1. यूनिट दो 02 के आधार पर चार 04 प्रोग्राम
2. यूनिट तीन (03) के आधार पर 04 चार प्रोग्राम
3. आर्टिफीसियल इन्टेलीजेंस (AI) के आधार पर मिनी प्रोजक्ट

निर्देश

- दो प्रयोग उपरोक्त के आधार पर 8X2=16
- उपरोक्त प्रयोग पर आधार मौखिकी 04

प्रोजेक्ट **20**

- मिनी प्रोजेटट (AI के आधार पर) 08
- प्रोजेक्ट आधार मौखिकी 04
- सत्रीय कार्य 08

विषय–गणित
(कक्षा–11)

समय–3 घंटा **केवल प्रश्नपत्र** **अंक–100**

क्रम	इकाई	अंक
1.	समुच्चय तथा फलन	29
2.	बीजगणित	37
3.	निर्देशांक ज्यामिति	15
4.	कलन	07
5.	सांख्यिकी तथा प्रायिकता	12
	योग...	**100**

इकाई–1 : समुच्चय तथा फलन **29 अंक**

1. समुच्चय :

समुच्चय तथा उसका निरूपण, रिक्त समुच्चय, परिमित तथा अपरिमित समुच्चय, समसमुच्चय, उपसमुच्चय, वास्तविक संख्याओं के समुच्चय के उपसमुच्चय विशेषकर अन्तराल के रूप में (संकेतन सहित), अधिसमुच्चय, समष्टीय समुच्चय, वेन आरेख, समुच्चयों का सम्मिलन तथा सर्वनिष्ठ, समुच्चयों का अन्तर, पूरक समुच्चय।

2. **सम्बन्ध तथा फलन :**
क्रमितयुग्म, समुच्चयों का कार्तीय गुणन, दो परिमित समुच्चयों के कार्तीय गुणन में अवयवों की संख्या, वास्तविक संख्याओं के समुच्चय का अपने से कार्तीय गुणन (R×R×R) तक सम्बन्ध की परिभाषा, चित्रीय आरेख, सम्बन्ध का प्रांत, सहप्रांत तथा परास। फलन एक विशेष प्रकार का सम्बन्ध, फलन का चित्रीय निरूपण, फलन का प्रांत, सहप्रांत तथा परास। वास्तविक मान फलन, इन फलनों का प्रांत तथा परास, अचर, तत्समक, बहुपद, परिमेयी, मापांक, चिन्ह, तथा महत्तम पूर्णांक फलन तथा उनके आरेख। फलनों का योग, अन्तर, गुणन तथा भागफल।

3. **त्रिकोणमितीय फलन :**
धनात्मक तथा ऋणात्मक कोण, कोणों की रेडियन तथा डिग्री में माप तथा उनका एक मापन से दूसरे में रूपान्तरण, इकाई वृत्त की सहायता से त्रिकोणमितीय फलनों की परिभाषा। x के सभी मानों के लिए तत्समक $Sin^2 x + Cos^2 x = 1$ का सत्यापन। त्रिकोणमितीय फलनों के चिन्ह। त्रिकोणमितीय फलनों के प्रांत तथा परास तथा उनके आलेख का चित्रण।

Sin (x ± y) तथा Cos (x ± y) की Sin x, Cos x तथा Sin y, Cos y के रूप में अभिव्यक्ति तथा उनके साधारण अनुप्रयोग।

निम्न प्रकार के तत्समकों का निगमन करना :

$$\tan(x \pm y) = \frac{\tan x \pm \tan y}{1 \mp \tan x \tan y}$$

$$\cot(x \pm y) = \frac{Cot\, x \cot y \mp 1}{\cot y \pm \cot x}$$

$$Sin\,\alpha \pm Sin\,\beta = 2\,Sin\frac{1}{2}(\alpha \pm \beta)Cos\frac{1}{2}(\alpha \mp \beta)$$

$$Cos\,\alpha + Cos\,\beta = 2\,Cos\frac{1}{2}(\alpha + \beta)Cos\frac{1}{2}(\alpha - \beta)$$

$$Cos\,\alpha - Cos\,\beta = 2\,Sin\frac{1}{2}(\alpha + \beta)Sin\frac{1}{2}(\beta - \alpha)$$

Sin 2x, Cos 2x, tan 2x, Sin 3x, Cos 3x तथा tan 3x से सम्बन्धित तत्समक।

इकाई–2 बीजगणित **37 अंक**

1. **सम्मिश्र संख्याएँ तथा द्विघात समीकरण** : सम्मिश्र संख्याओं की आवश्यकता, विशेषतया के लाने की प्रेरणा सभी द्विघात समीकरणों को हल न कर पाने की अयोग्यता पर विशेषताया सम्मिश्र संख्याओं को लाने की प्रेरणा। सम्मिश्र संख्याएं, सम्मिश्र संख्याएं के बीजीय गुणधर्मों का संक्षिप्त विवरण, एक ऋण वास्तविक संख्या के वर्गमूल, सम्मिश्र संख्या का मापांक और संयुग्मी, आरगंड तल और ध्रुवीय निरूपण।
2. **रैखिक असमिकाएँ** : रैखिक असमिकाएँ, एक चर में रैखिक असमिकाओं का बीजीय हल तथा उसका संख्या रेखा पर निरूपण।
3. **क्रमचय तथा संचय** : गणना का आधारभूत सिद्धान्त, फैक्टोरियल (n!), क्रमचय तथा संचय, n_{Pr} तथा n_{Cr} सूत्रों की व्युत्पत्ति तथा उनके सम्बन्ध। साधारण अनुप्रयोग।
4. **द्विपद प्रमेय** : ऐतिहासिक वर्णन, द्विपद प्रमेय का धन पूर्णांकीय घातांकों के लिए कथन तथा उत्पत्ति। पास्कल का त्रिभुज नियम, सरल अनुप्रयोग।
5. **अनुक्रम तथा श्रेणी** : अनुक्रम तथा श्रेणी, गुणोत्तर श्रेणी, गुणोत्तर श्रेणी के सामान्य पद, गुणोत्तर श्रेणी के प्रथम n पदों का योग, गुणोत्तर माध्य, समान्तर माध्य और गुणोत्तर माध्य के बीच सम्बन्ध।

इकाई–3 निर्देशांक ज्यामिति **15 अंक**

1. **सरल रेखा** : पिछली कक्षाओं से द्वि–आयामी संकल्पनाओं (2D) का दोहराना। एक रेखा की ढाल तथा दो रेखाओं के बीच का कोण। दो रेखाओं के समान्तर और परस्पर लम्ब होने का प्रतिबन्ध। रेखा के समीकरण के विविध रूप : अक्षों के समान्तर, बिन्दु–ढाल रूप, ढाल अन्तः खण्ड रूप, दो बिन्दु रूप, अन्तःखण्ड रूप। एक बिन्दु की एक रेखा से दूरी, दो समान्तर रेखाओं के बीच की दूरी।
2. **शंकु परिच्छेद** : शंकु परिच्छेद की भूमिका, वृत्त, परवलय, दीर्घवृत्त, अतिपरवलय एक बिन्दु, एक सरल रेखा तथा प्रतिच्छेदी रेखाओं का एक युग्म, शंकु परिच्छेद के अपभ्रष्ट रूप में (केवल परिचय) वृत्त का मानक समीकरण। परवलय, दीर्घवृत्त तथा अतिपरवलय के मानक समीकरण तथा उनके सामान्य गुण।

3. **त्रिविमीय ज्यामिति का परिचय** : त्रिविमीय अंतरिक्ष में निर्देशाक्ष तथा निर्देशांक तल, एक बिन्दु के निर्देशांक, दो बिन्दुओं के बीच की दूरी।

इकाई–4 कलन **07 अंक**

1. **सीमा तथा अवकलज :**

अवकलन को दूरी के फलन के परिवर्तन की दर के रूप में परिभाषित करना। सीमा का सहजानुभूत बोध, बहुपदफलनों, परिमेय फलनों, त्रिकोणमितीय फलनों की सीमाएं। अवकलज की परिभाषा तथा फलनों के योग, अन्तर, गुणन तथा भाग द्वारा बने फलनों का अवकलन करना। बहुपद फलनों तथा त्रिकोणमितीय फलनों का अवकलज ज्ञात करना।

इकाई–5 सांख्यिकी तथा प्रायिकता **12 अंक**

1. **सांख्यिकी** : प्रकीर्णन के माप, वर्गीकृत तथा अवर्गीकृत आँकड़ों के लिए माध्य विचलन, प्रसरण तथा मानक विचलन। (सतत एवं असतत बारम्बारता बंटन के लिए) प्रसरण व मानक विचलन को ज्ञात करने के लिए लघु विधि।
2. **प्रायिकता** :घटनाओं का घटित होना, घटित न होना, (not) तथा (and) 'और' 'या' निःशेष घटनाएँ, परस्पर अपवर्जी घटनाएँ। प्रायिकता की अभिगृहीतीय दृष्टिकोण। पिछली कक्षा के प्रायिकता सिद्धान्तों से सम्बन्ध। एक घटना की प्रायिकता। 'not' 'and' तथा 'or' घटनाओं की प्रायिकता।

विषय–भौतिक विज्ञान
कक्षा–11

इसमें 70 अंक का एक प्रश्नपत्र तीन घंटे का होगा। 30 अंक की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

खण्ड–क **35 अंक**

1	भौतिक जगत तथा मापन	01 अंक
2	शुद्ध गतिकी	06 अंक
3	गति के नियम	07 अंक
4	कार्य ऊर्जा तथा शक्ति	07 अंक
5	दृढ़ पिण्ड तथा कणों के निकाय की गति	07 अंक
6	गुरूत्वाकर्षण	07 अंक

इकाई 1 भौतिक जगत तथा मापन **01 अंक**

मापन की आवश्यकता, माप के मात्रक प्रणालियाँ S.I. प्रणाली, मात्रक– मूल तथा व्युत्पन्न मात्रक। यथार्थता तथा मापक यंत्रों की परिशुद्धता, सार्थक अंक।

भौतिक राशियों की विमायें, विमीय विश्लेषण तथा इसके अनुप्रयोग।

इकाई 2 शुद्ध गतिकी **06 अंक**

निर्देश फ्रेम (जड़त्वीय व अजड़त्वीय फ्रेम) सरल रेखा में गति, गति के वर्णन के लिये अवकलन तथा समाकलन की आरम्भिक संकल्पनायें।

एक समान तथा असमान गति, माध्य चाल तथा तात्क्षणिक वेग।

एक समान त्वरित गति, वेग–समय, स्थिति–समय ग्राफ, एक समान त्वरित गति के लिये सम्बन्ध (ग्राफीय विवेचना) अदिश और सदिश राशियाँ, स्थिति एवं विस्थापन सदिश, सदिश तथा संकेतन पद्धति, सदिश की समानता, सदिशों का वास्तविक संख्याओं से गुणन, सदिशों का जोड़ व घटाना।

एकांक सदिश, किसी तल में सदिश का वियोजन समकोणिक घटक, सदिशों का अदिश तथा सदिश गुणनफल, एक समतल में गति, एक समान वेग तथा एक समान त्वरण के प्रकरण, प्रक्षेप्य गति, एक समान वृत्तीय गति।

इकाई 3 गति के नियम **07 अंक**

बल की सहजानुभूत संकल्पना, जड़त्व न्यूटन के गति का पहला नियम, संवेग और न्यूटन के गति का दूसरा नियम, आवेग, न्यूटन के गति का तृतीय नियम, रेखीय संवेग संरक्षण नियम तथा इसके अनुप्रयोग, संगामी बलों का संतुलन, स्थैतिक तथा गतिज घर्षण, घर्षण के नियम, लोटनिक घर्षण, (Rolling Friction) स्नेहन एक समान वृत्तीय गति की गतिकी, अभिकेन्द्र बल, वृत्तीय गति के उदाहरण (समतल वृत्ताकार सड़कों पर वाहन, ढालू सड़कों पर वाहन)।

इकाई 4 कार्य ऊर्जा तथा शक्ति **07 अंक**

नियत बल तथा परिवर्ती बल द्वारा किया गया कार्य, गतिज ऊर्जा, कार्य ऊर्जा प्रमेय, शक्ति स्थितिज ऊर्जा की धारणा, कमानी की स्थितिज ऊर्जा, संरक्षी बल, असंरक्षी बल, एक व द्विविमीय तल में प्रत्यास्थ तथा अप्रत्यास्थ संघट्ट, ऊर्ध्वाधर वृत्त में गति।

इकाई 5 दृढ़ पिण्ड तथा कणों के निकाय की गति **07 अंक**

द्विकण निकाय का संहति केन्द्र, संवेग संरक्षण तथा संहति केंन्द्रगति, दृढ़ पिण्ड का संहति केन्द्र, एक समान छड़ का संहति केन्द्र। बल का आघूर्ण, बल आघूर्ण (Torque) कोणीय संवेग, कोणीय संवेग संरक्षण कुछ उदाहरणों सहित। दृढ़ पिण्डों का संतुलन, दृढ़ पिण्डों की घूर्णी गति तथा घूर्णी गति के समीकरण, रैखिक तथा घूर्णी गतियों की तुलना, जड़त्व आघूर्ण, घूर्णन त्रिज्या सरल ज्यामितीय पिण्डों के जड़त्व आघूर्णों के मान (व्युत्पत्ति नहीं)

इकाई 6 गुरूत्वाकर्षण **07 अंक**

ग्रहीय गति के केप्लर के नियम, गुरूत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम, गुरूत्वीय त्वरण, गुरूत्वीय त्वरण के मान में ऊँचाई, गहराई एवं पृथ्वी के घूर्णन के कारण परिवर्तन, गुरूत्वीय स्थितिज ऊर्जा, गुरूत्वीय विभव, पलायन वेग, उपग्रह का कक्षीय वेग।

खण्ड–ख **35 अंक**

1	स्थूल द्रव्य के गुण	10 अंक
2	ऊष्मागतिकी	09 अंक
3	आदर्श गैस का व्यवहार तथा गैसों का अणुगति सिद्धान्त	06 अंक
4	दोलन तथा तरंगें	10 अंक

इकाई 1 स्थूल द्रव्य के गुण **10 अंक**

प्रत्यास्थ व्यवहार, प्रतिबल विकृति संबंध, हुक का नियम, यंग गुणांक, आयतन प्रत्यास्था गुणांक, अपरूपण (Shear) दृढ़ता गुणांक, पॉयसन अनुपात, प्रत्यास्थ ऊर्जा, तरल स्तम्भ के कारण दाब, पास्कल का नियम तथा इसके अनुप्रयोग (द्रवचालित लिफ्ट तथा द्रवचालित ब्रेक), तरल दाब पर गुरूत्व का प्रभाव।

श्यानता, स्टोक्स का नियम, सीमान्त वेग, धारारेखी तथा प्रक्षुब्ध प्रवाह, क्रांतिक वेग, बरनौली का प्रमेय तथा इसके अनुप्रयोग, पृष्ठ ऊर्जा और पृष्ठ तनाव, संपर्क कोंण, दाब आधिक्य पृष्ठ तनाव की धारणा का बूँदों, बुलबुलों तथा केशिका क्रिया में अनुप्रयोग।

ऊष्मा, ताप, तापीय प्रसार, ठोस, द्रव व गैस का तापीय प्रसार, समतापी प्रक्रम, रूदोष्म प्रक्रम, असंगत (Anomalous) प्रसार और इसका प्रभाव, विशिष्ट ऊष्मा धारिता Cp, Cv, कैलोरीमिति, अवस्था परिवर्तन, विशिष्ट गुप्त ऊष्मा धारिता।

ऊष्मा स्थानान्तरण चालन, संवहन और विकिरण, कृष्ण–पिंड विकिरण, अवशोषण और उत्सर्जन क्षमता और ऊष्मा चालकता, वीन का विस्थापन नियम, स्टीफेन का नियम।

इकाई 2 ऊष्मागतिकी **09 अंक**

तापीय साम्य तथा ताप की परिभाषा (ऊष्मागतिकी का शून्य कोटि नियम), ऊष्मा, कार्य तथा आन्तरिक ऊर्जा, ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम समतापीय प्रक्रम, रूद्धोष्म प्रक्रम।

ऊष्मागतिकी का द्वितीय नियम, उत्क्रमणीय तथा अनुत्क्रमणीय प्रक्रम।

इकाई 3 आदर्श गैस का व्यवहार तथा गैसों का अणुगति सिद्धान्त **06 अंक**

आदर्श गैस के लिये अवस्था का समीकरण, गैस के संपीडन में किया गया कार्य, गैसों का अणुगति सिद्धान्त अभिगृहीत, दाब की संकल्पना, गतिज ऊर्जा तथा ताप, गैस के अणुओं की वर्गमाध्य मूल चाल, स्वातंत्रय कोटि, ऊर्जा समविभाजन नियम (केवल प्रकथन) तथा गैसों की विशिष्ट ऊष्मा पर अनुप्रयोग, माध्य मुक्त पथ की संकल्पना, आवोग्राद्रो संख्या।

इकाई 4 दोलन तथा तरें **10 अंक**

आवर्तीगति, आवर्तकाल, आवृत्ति, समय के फलन के रूप में विस्थापन, आवर्तीफलन, सरल आवर्त गति (S.H.M.) तथा इसका समीकरण, कला, कमानी के दोलन, प्रत्यानयन बल तथा बल स्थिरांक S.H.M. में ऊर्जा–गतिज तथा स्थितिज ऊर्जायें, सरल लोलक इसके आवर्तकाल के लिये व्यंजक की व्युत्पत्ति।

तरंग गति, अनुदैर्ध्य तथा अनुप्रस्थ तरंगें, तरंग गति की चाल, प्रगामी तरंग के लिये विस्थापन सम्बन्ध, तरंगों के अध्यारोपण का सिद्धान्त, तरंगों का परावर्तन, डोरियों तथा पाइपों में अप्रगामी तरंगे, मूल विधा तथा गुणवृत्तियाँ (Fundamental mode and Harmonics), विसपन्द ।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् होगा–

भौतिक विज्ञान

अधिकतम अंक 30 **न्यूनतम उत्तीर्णांक 10 अंक** **समय 04 घण्टे**

1 कोई दो प्रयोग (2 × 5) प्रत्येक खण्ड से एक प्रयोग। 10

2 प्रयोग पर आधारित मौखिकी। 05

3 प्रयोगात्मक रिकॉर्ड। 04
4 प्रोजेक्ट कार्य व उस पर आधारित मौखिकी। 08
5 सत्रीय कार्य–सतत् मूल्यांकन। 03

प्रत्येक प्रयोग के 05 अंक का वितरण निम्नवत् होगा

(1) क्रियात्मक कौशल (आवश्यक सावधानियाँ सहित) उपकरण का सामंजस्य व प्रेक्षण कौशल (शुद्ध प्रेक्षण)। 01
(2) प्रेक्षणों की पर्याप्त संख्या तथा उचित सारणीय। 01
(3) गणनात्मक कौशल अथवा ग्राफ बनाना। 01
(4) परिणाम/निष्कर्ष का शुद्ध मात्रक सहित कथन। 01
(5) आरेख (परिपथ, किरण आरेख, सैद्धान्तिक आरेख)। 01

प्रयोग सूची

(खण्ड–क)

1 वर्नियर कैलीपर्स की सहायता से किसी छोटी गोलीय/बेलनाकार वस्तु का व्यास ज्ञात करना।
2 स्क्रूगेज की सहायता से दिये गये तार का व्यास ज्ञात करना।
3 सदिशों के समान्तर चतुर्भुज नियम के उपयोग द्वारा दी गयी वस्तु का भार ज्ञात करना।
4 सरल लोलक का उपयोग करे L–T तथा $L–T^2$ ग्राफ खींचना तथा उचित ग्राफ का उपयोग करके सेकण्ड्री लोलक की प्रभावी लम्बाई ज्ञात करना।
5–गोलाईमापी (Spherometer) की सहायता से किसी गोलीय तल की वक्रता त्रिज्या ज्ञात करना।
6–सरल लोलक द्वारा गुरुत्वीय त्वरण 'g' का मान ज्ञात करना।
7 गुटके तथा क्षैतिज पृष्ठ के बीच घर्षण गुणांक ज्ञात करने के लिये सीमान्त घर्षण तथा अभिलम्ब प्रतिक्रिया के बीच सम्बन्ध का अध्ययन करना तथा घर्षण गुणांक ज्ञात करना।
8 दिये गये तार के पदार्थ का यंग प्रत्यास्थता गुणांक ज्ञात करना। सर्ल के उपकरण की सहायता से।
9 लोड–विस्तार ग्राफ खींचकर किसी कुण्डलिनी कमानी का बल स्थिरांक ज्ञात करना।
10 कोशिकीय उन्नयन विधि द्वारा जल का पृष्ठ तनाव ज्ञात करना।

(खण्ड–ख)

11 शीतलन वक्र खींचकर किसी तप्त वस्तु के ताप तथा समय के बीच सम्बन्ध का अध्ययन करना।
12 मिश्रण विधि द्वारा किसी दिये गये–(i) ठोस] (ii) द्रव की विशिष्ट ऊष्मा धारिता ज्ञात करना।
13 (i) स्वरमापी का उपयोग करके नियत तनाव पर किसी दिये गये तार की लम्बाई (e) तथा आवृत्ति (h) के बीच सम्बन्ध का अध्ययन करना तथा m एवं I/e के मध्य ग्राफ खींचना।
(ii) स्वरमापी का उपयोग करके नियत आवृत्ति के लिये किसी दिये गये तार की लम्बाई (e) तथा तनाव (T) के बीच सम्बन्ध का अध्ययन करना तथा e^2 तथा T के मध्य ग्राफ खींचना।
14 अनुनाद नली का उपयोग करके दो अनुनाद स्थितियों द्वारा कक्ष ताप पर वायु में ध्वनि की चाल ज्ञात करना तथा अन्त्य संघारित ज्ञात करना।
15 P तथा V एवं P तथा 1/v के बीच ग्राफ खींचकर नियत ताप पर वायु के नमूने के लिये दाब के साथ आयतन में परिवर्तन का अध्ययन करना।
16 किसी दी गयी गोल वस्तु का सीमान्त वेग मापकर दिये गये श्यान द्रव का श्यानता गुणांक ज्ञात करना।
17 न्यूटन के शीतलन नियम का सत्यापन करना।
18 स्प्रिंग के लिये भार तथा लम्बाई में वृद्धि के बीच वक्र खींचकर बल नियतांक ज्ञात करना।
19–स्वरमापी की सहायता से किसी दिये गये स्वरित्र की आवृत्ति ज्ञात करना।
20–अनुनाद नली का उपयोग करके किये गये दो स्वरित्र की आवृत्तियों की तुलना करना तथा अन्य संशोधन ज्ञात करना।

विषय–रसायन विज्ञान

कक्षा–11

प्रश्न पत्र बनाने की योजना

1.	बहुविकल्पीय क, ख, ग, घ, ङ, च	1×6	06
2.	क, ख, ग, घ (प्रत्येक प्रश्न 2 अक)	2×4	08
3.	क, ख, ग, घ (प्रत्येक प्रश्न 2 अक)	2×4	08
4.	क, ख, ग, घ (प्रत्येक प्रश्न 3 अक)	3×4	12
5.	क, ख, ग, घ (प्रत्येक प्रश्न 4 अक)	4×4	16
6.	क, ख (प्रत्येक प्रश्न 5 अक)	5×2	10
7.	क, ख (प्रत्येक प्रश्न 5 अक)	5×2	10

नोटः– कम से कम 08 अंक के आंकिक प्रश्न पूछे जाये

कक्षा–11 रसायन विज्ञान

समय–3:00 घंटा **अंक 70**

इकाई	शीर्षक	अंक
1.	रसायन विज्ञान की कुछ मूल अवधारणाऐं	07
2.	परमाणु की संरचना	08
3.	तत्त्वों का वर्गीकरण और गुणधर्मों में आवर्तिता	07
4.	रासायनिक आबंधन तथा आण्विक संरचना	07
5.	ऊष्मागतिकी	06
6.	साम्यावस्था	08
7.	अपचयोपचय अभिक्रियायें(रेडाक्स अभिक्रिया)	07
8.	कार्बनिक रसायन : कुछ मूलभूत सिद्धान्त तथा तकनीके	10
9.	हाइड्रोकार्बन	10
	योग	**70**

नोटः–इसमें 70 अंकों का एक प्रश्न पत्र 3 घण्टे का होगा एवं 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

इकाई 1–रसायन विज्ञान की कुछ मूल अवधारणायें **07 अंक**

सामान्य परिचय– रसायन विषय का महत्व और विस्तार द्रव्य की कणिक प्रकृति तक ऐतिहासिक पहुंच, रासायनिक संयोजन के नियम, डाल्टन का परमाणु सिद्धान्त, तत्व, परमाणु और अणु की अवधारणा।

परमाण्विक, आण्विक द्रव्यमान, मोल की अवधारणा और मोलर द्रव्यमान–प्रतिशत संघटन, मूलानुपाती एवं आण्विक–सूत्र, रासायनिक अभिक्रियायें, स्टॉइकियोमिट्री और उस पर आधारित गणनायें।

इकाई 2 – परमाणु की संरचना **08 अंक**

इलेक्ट्रॉन, प्रोटान और न्यूट्रॉन की खोज, परमाणु क्रमाँक, समस्थानिक और समभारिक, थॉमसन का मॉडल और इसकी सीमायें, रदरफोर्ड का मॉडल और इसकी सीमायें, बोर मॉडल और इसकी सीमायें, कोशों एवं उपकोशों की अवधारणा, द्रव्य एवं प्रकाश की द्वैत प्रकृति, दे ब्रॉग्ली सम्बन्ध, हाइजेनबर्ग का अनिश्चितता सिद्धान्त, कक्षकों की अवधारणा, क्वान्टम संख्याए s, p और d कक्षकों की आकृतियाँ, कक्षकों में इलेक्ट्रॉन भरने के नियम–आफबाऊ नियम, पाउली अपवर्जन नियम तथा हुन्ड का नियम, परमाणुओं का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास, अर्द्धभरित और पूर्ण भरित कक्षकों का स्थायित्व।

इकाई 3 – तत्वों का वर्गीकरण और गुणधर्मों में आवर्तिता **07 अंक**

वर्गीकरण की सार्थकता, आवर्त सारणी के विकास का संक्षिप्त इतिहास, आधुनिक आवर्त नियम तथा आर्वत सारणी का वर्तमान स्वरूप, तत्वों के गुणधर्मों की आवर्ती प्रवृति–परमाणु त्रिज्यायें, आयनी त्रिज्यायें, अक्रिय गैस त्रिज्यायें, आयनन एन्थैल्पी, इलेक्ट्रॉन लब्धि एन्थैल्पी, विद्युत ऋणात्मकता, संयोजकता, 100 से अधिक परमाणु क्रमांक वाले तत्वों का नामकरण।

इकाई 4 – रासायनिक आबंधन तथा आण्विक संरचना **07 अंक**

संयोजकता–इलेक्ट्रॉन, आयनिक आबंध, सहसंयोजक आबंध, आबंध प्राचल लुइस संरचना, सहसंयोजक आबंध का ध्रुवीय गुण, आयनिक आबंध का सहसंयोजक गुण, संयोजकता आबंध सिद्धान्त, अनुनाद, सहसंयोजक अणुओं की ज्यामिति, VSEPR सिद्धान्त s, p तथा d कक्षकों और कुछ सामान्य अणुओं की आकृतियों को सम्मिलित करते हुए संकरण की अवधारणा, समनाभिकीय द्विपरमाणुक अणुओं के आबंधन का आण्विक कक्षक सिद्धान्त (केवल गुणात्मक परिचय), हाइड्रोजन आबंध।

इकाई 5 – ऊष्मागतिकी **06 अंक**

निकाय की अवधारणा, निकाय के प्रकार, परिवेश, कार्य, ऊष्मा, ऊर्जा, विस्तीर्ण तथा गहन गुण, अवस्था फलन। ऊष्मागतिकी का प्रथम नियम– आन्तरिक ऊर्जा और एन्थैल्पी (H), ऊष्माधारिता, विशिष्ट ऊष्मा, ΔU तथा ΔH का मापन, हेस का स्थिर ऊष्मा संकलन नियम, एन्थैल्पी–आबंध वियोजन, संभवन (विरचन), दहन, कणीकरण, ऊर्ध्वपातन, प्रावस्था रूपान्तरण, आयनन तथा विलयन,तनुता ऊष्मा।

एन्ट्रापी का अवस्था फलन की भाँति परिचय, स्वतः प्रवर्तित और स्वतः अप्रवर्तित प्रक्रमों के लिये मुक्त ऊर्जा परिवर्तन, साम्य, साम्यावस्था हेतु मानदण्ड, ऊष्मागतिकी का द्वितीय तथा तृतीय नियम। (संक्षिप्त परिचय)

इकाई 6 – साम्यावस्था **08 अंक**

भौतिकी और रासायनिक प्रक्रमों में साम्य, साम्य की गतिक प्रकृति, द्रव्यानुपाती क्रिया का नियम, साम्य स्थिराँक, साम्य को प्रभावित करने वाले कारक, लॉ शातैलिए का सिद्धान्त, आयनिक साम्य–अम्लों एवं क्षारकों का आयनन, प्रबल और दुर्बल वैद्युत् अपघट्य, आयनन की मात्रा, बहुक्षारकी अम्लों का आयनन, आयनन, अम्लीय शक्ति, pH की अवधारणा, हेन्डरसन समीकरण, लवणों का जलीय अपघटन (प्रारम्भिक विचार) बफर विलयन, विलेयता गुणनफल, समआयन प्रभाव उदाहरण सहित।

इकाई 7 – अपचयोपचय अभिकियायें (रेडाक्स अभिक्रिया) **07 अंक**

आक्सीकरण और अपचयन की अवधारणा, आक्सीकरण अपचयन अभिक्रियायें, आक्सीकरण संख्या, आक्सीकरण अपचयन अभिक्रियाओं की रासायनिक समीकरण को संतुलित करना (इलेक्ट्रॉन संख्या एवं आक्सीकरण संख्या के आधार पर) रेडाक्स अभिक्रियाओं के अनुप्रयोग।

इकाई 8 – कार्बनिक रसायन–कुछ मूल सिद्धान्त और तकनीकें **10 अंक**

सामान्य परिचय, कार्बनिक यौगिकों का शोधन, गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण की विधियाँ, वर्गीकरण और कार्बनिक यौगिकों की IUPAC नाम पद्धति। सहसंयोजक बन्ध में इलेक्ट्रॉनिक विस्थापन–प्रेरणिक प्रभाव, इलेक्ट्रोमेरिक प्रभाव, अनुनाद और अति संयुग्मन।

सहसंयोजक आबंध का सम और विषम विदलन–मुक्त मूलक, कार्बोनियम आयन, कार्बोनायन, इलेक्ट्रान स्नेही तथा नाभिक स्नेही, कार्बनिक अभिक्रियाओं की क्रियाविधि।

इकाई 9 – हाइड्रोकार्बन **10 अंक**

हाइड्रोकार्बनों का वर्गीकरण–

एल्केन– नाम पद्धति, समावयवता, संरूपण (केवल एथेन), भौतिक गुणधर्म, रासायनिक अभिक्रियायें, (हैलोजेनीकरण की मुक्त मूलक क्रियाविधि सहित) दहन और ताप अपघटन।

एल्कीन– नाम पद्धति, द्विक आबंध की संरचना (एथीन) ज्यामितीय समावयवता, भौतिक गुणधर्म, विरचन की विधियाँ, रासायनिक अभिक्रियायें–हाइड्रोजन, हैलोजन, जल और हाइड्रोजन हैलाइड (मार्कोनीकॉफ के योग का नियम और पराक्साइड प्रभाव) का योग, ओजोनीकरण, आक्सीकरण, इलेक्ट्रान स्नेहीं योग की क्रियाविधि।

एल्काइन– नाम पद्धति, त्रिक आबंध की संरचना (एथाइन), भौतिक गुणधर्म, विरचन की विधियाँ, रासायनिक अभिक्रियायें– ऐल्काइनों की अम्लीय प्रकृति, हाइड्रोजन, हैलोजेन, हाइड्रोजन हैलाइड तथा जल के साथ योगात्मक अभिक्रियायें।

ऐरोमैटिक हाइड्रोकार्बन–परिचय, IUPAC नाम पद्धति, बेन्जीन– अनुनाद, एरोमैटिकता, रासायनिक गुण–धर्म, इलेक्ट्रॉनस्नेही प्रतिस्थापन की क्रियाविधि, नाइट्रेशन, सल्फोनेशन, हैलोजेनीकरण, फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया, ऐल्किलन एवं ऐसीटिलन, एकल प्रतिस्थापित बेन्जीन में क्रियात्मक समूह का निर्देशात्मक प्रभाव, कैंसरजनीयता और विषाक्तता।

रसायन विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा
कक्षा–11 (प्रायोगिक कार्य)

परीक्षा की मूल्यांकन योजना		पूर्णांक
1	विषय वस्तु आधारित प्रयोग (1–4 तक)	04
2	आयतनमितीय विश्लेषण (5)	08
3	गुणात्मक विश्लेषण (6) (क) लवण विश्लेषण (ख) कार्बनिक योगिकों में तत्व का विश्लेषण	 06 02
4	कक्षा रिकार्ड तथा प्रोजेक्ट कार्य	05
5	मौखिक परीक्षा	05
	योग	**30**

(1) **<u>मूलभूत प्रयोगशाला तकनीकें जैसे</u>**–

1. ग्लास नली या छड़ को काटना
2. ग्लास नली को मोड़ना
3. ग्लास नली से ग्लास जैट बनाना
4. कार्क में छेद करना

(2) **<u>रासायनिक पदार्थों का शोधन एवं लक्षण जैसे</u>**

1. कार्बनिक पदार्थों के गलनांक बिन्दु ज्ञात करना
2. कार्बनिक पदार्थों के क्वथनांक बिन्दु ज्ञात करना
3. निम्न में से किसी एक अशुद्ध प्रतिदर्श से क्रिस्टलन विधि द्वारा शुद्ध रूप में प्राप्त करना – फिटकरी, कापर सल्फेट, बेन्जोइक अम्ल

(3) **<u>pH परिवर्तन से सम्बंधित प्रयोग</u>**

(कं) **<u>निम्न प्रयोगों में से कोई एक</u>** –

- फलों के रस, अम्लों, क्षारकों और लवणों की विभिन्न ज्ञात सान्द्रताओं के विलयनों का pH पत्र अथवा सार्वत्रिक सूचक द्वारा pH ज्ञात करना।
- समान सान्द्रण वाले प्रबल एवं दुर्बल अम्लों के विलयनों के pH मानों की तुलना करना।
- सार्वत्रिक सूचक का प्रयोग करते हुए प्रबल अम्ल का प्रबल क्षार के साथ अनुमापन करने में pH परिवर्तन का अध्ययन करना।

(ख) दुर्बल अम्लों एवं दुर्बल क्षारों के लिए समआयन प्रभाव के द्वारा pH मान परिवर्तन का अध्ययन करना।

(4) **रासायनिक साम्य**

निम्न में से कोई एक प्रयोग करना है –

(1) फेरिक तथा थायो साइनेट आयनों वाले विलयनों की सान्द्रताओं में परिवर्तन (कमी या वृद्धि) करते हुए फेरिक आयनों तथा थायो साइनेट आयनों के मध्य साम्य में विस्थापन का अध्ययन करना।

(2) क्लोराइड आयन तथा हाइड्रेटेड कोबाल्ट आयन $[Co(H_2O)_6]^{3+}$ वाले विलयनों की सान्द्रताओं में परिवर्तन करते हुए विलयनों के मध्य साम्य विस्थापन का अध्ययन करना।

(5) **मात्रात्मक निर्धारण**

- रासायनिक तुला का उपयोग करना सीखना
- आक्सेलिक अम्ल का मानक विलयन तैयार करना
- आक्सेलिक अम्ल के मानक विलयन के विरूद्ध अनुमापन द्वारा दिये गए अज्ञात सान्द्रण वाले सोडियम हाइड्रोक्साइड विलयन की सान्द्रता ज्ञात करना।
- सोडियम कार्बोनेट विलयन का मानक विलयन तैयार करना
- सोडियम कार्बोनेट के मानक विलयन के विरूद्ध अनुमापन द्वारा दिए गए अज्ञात हाइड्रोक्लोरिक अम्ल विलयन की सान्द्रता ज्ञात करना।

(6) **गुणात्मक विश्लेषण –**

(क) दिए गए लवण में एक धनायन तथा एक ऋणायन का निरीक्षण करना –

धनायन – (क्षारकीय मूलक) – Pb^{2+}, Cu^{2+}, As^{3+}, Al^{3+}, Fe^{3+}, Mn^{2+}, Ni^{2+}, Zn^{2+}, Co^{2+}, Ca^{2+}, Sr^{2+} , Ba^{2+}, Mg^{2+}, NH_4^+

ऋणायन – (अम्लीय मूलक) –

$$CO_3^{2-},\ S^{2-},\ SO_3^{2-},\ SO_4^{2-},\ NO_2^-\ NO_3^-,\ Cl^-,\ Br^-,\ I^-,\ PO_4^{3-},\ C_2O_4^{2-},\ CH_3COO^-$$

(नोट – अघुलनशील लवण न दिये जायें)

(ख) कार्बनिक योगिकों में नाइट्रोजन, सल्फर, क्लोरीन, तत्वों का परीक्षण करना।

प्रोजेक्ट्स–

प्रयोगशाला तथा अन्य स्रोतों पर आधारित प्रयोग–परीक्षणों का वैज्ञानिक अन्वेषण करना तथा सीखना।

सुझाये गए कुछ प्रोजेक्ट्स–

- दूषित जल में सल्फाइड आयनों का परीक्षण करते हुए बैक्टीरियाओं (रोगाणुओं) का पता लगाना।
- जल की शुद्धिकरण की विधियों का अध्ययन करना।
- जल की कठोरता, तथा क्लोराइड, फ्लोराइड और लौह आयनों का परीक्षण करना तथा अनुमति सीमा से परे क्षेत्रीय बदलाव के तहत पेयजल में इनकी उपस्थिति का पता लगाना।
- विभिन्न कपड़ा धोने वाले साबुनों की झाग उत्पन्न करने की शक्ति तथा इन पर सोडियम कार्बोनेट की मात्रा डालने पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
- चाय की पत्ती के विभिन्न प्रतिदर्शों में अम्लीयता का अध्ययन करना।
- विभिन्न द्रवों के वाष्पन की दर ज्ञात करना।
- रेशों की तन्य शक्ति पर अम्ल एवं क्षारों के प्रभाव का अध्ययन करना।
- फलों एवं सब्जियों के रसों का विश्लेषण कर उनकी अम्लीयता का पता लगाना।

(नोटः– दस कालखण्डों के बराबर समय लेने वाली किसी अन्य प्रोजेक्ट को भी शिक्षक का अनुमोदन प्राप्त होने पर चुना जा सकता है।)

विषय– जीव विज्ञान

कक्षा–11 केवल प्रश्नपत्र

इसमें 100 अंकों का एक प्रश्नपत्र 70 लिखित एवं 30 प्रयोगात्मक का होगा।

समय–3 घंटा अंक–70

इकाई	शीर्षक	अंक भार
1	सजीव जगत की विविधता	07
2	जंतुओं और पौधों की संरचनात्मक संघटना	12
3	कोशिका : संरचना और कार्य	15
4	पादप कार्यिकी	18
5	मानव कार्यिकी	18
	योग	70

इकाई – 1 सजीव जगत की विविधता **07 अंक**

(i) **सजीव जगत –**
जैव विविधता, वर्गीकरण की आवश्यकता, जीवन के तीन डोमेन, वर्गिकी एवं वर्गीकरण विज्ञान, जातियों की संकल्पना एवं वर्गिकीय क्रमबद्धता, द्विनामनामकरण पद्धति,

(ii) **जीव जगत का वर्गीकरण –**
पाँच जगत वर्गीकरण, मोनेरा, प्रोटिस्टा एवं फंजाई के प्रमुख लक्षण एवं प्रमुख समूहों में वर्गीकरण : लाइकेन, वाइरस एवं वाइराइड्स।

(iii) **वनस्पति जगत –**
पौधों के प्रमुख लक्षण एवं प्रमुख समूहों में वर्गीकरण तथा उनके उदाहरण – एल्गी, ब्रायोफाइटा, टेरिडोफाइटा, जिम्नोस्पर्म

(iv) **जंतु जगत**
जंतुओं के प्रमुख लक्षण एवं वर्गीकरण, नानकार्डेट्स संघ तक एवं कार्डेट्स वर्ग तक (तीन से पाँच प्रमुख लक्षण एवं प्रत्येक के कम से कम दो उदाहरण)।

इकाई – 2 जंतुओं और पौधों की संरचनात्मक संघटना **12 अंक**

(i) **पुष्पी पौधों की शारीरिकी –**
शारीरिकी

(ii) **पुष्पी पौधों की आकारिकी –**
पुष्पी पादपों के विभिन्न भागों– जड़, तना, पत्ती, पुष्पक्रम, पुष्प, एक फैमिली का वर्णन–सोलेनेसी

(iii) **जंतुओं की संरचनात्मक संघटना –**
मेढ़क– विभिन्न तंत्रों (पाचन तंत्र, परिसंचरण तंत्र, श्वसन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, जनन तंत्र) की बाह्य आकारिकी एवं शारीरिकी तथा कार्य।

इकाई – 3 कोशिका : संरचना एवं कार्य **15 अंक**

(i) **कोशिका जीवन की इकाई –**
कोशिका सिद्धान्त एवं कोशिका जीवन की आधारभूत इकाई, प्रोकैरियोटिक एवं यूकैरियोटिक कोशिका की संरचना, पादप एवं जंतु कोशिका, कोशिका झिल्ली, कोशिका भित्ती, कोशिका अंगक (संरचना एवं कार्य) – एंडोमैम्ब्रेन सिस्टम, अन्तः प्रद्रव्यी जालिका, गाल्जी काय, लाइसोसोम्स, रिक्तिका, माइटोकांड्रिया, राइबोसोम, लवक, माइक्रोबॉडीज, कोशिका कंकाल, सीलिया, फ्लैजिला, सैन्ट्रिओल्स (संरचना और कार्य) केन्द्रक, केन्द्रककला, क्रोमेटिन, केन्द्रिक।

(ii) **जैविक अणु –**
सजीव कोशिकाओं का रासायनिक संगठन, जैविक अणु, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, न्यूक्लिक अम्ल की संरचना और कार्य। एन्जाइम–प्रकार। गुण एवं एन्जाइम क्रिया।

(iii) **कोशिका चक्र एवं कोशिका विभाजन –**
कोशिका चक्र, सूत्री एवं अर्द्धसूत्री विभाजन एवं महत्व।

इकाई – 4 पादप कर्यिकी **18 अंक**

(i) **उच्च पादपों में प्रकाश संश्लेषण –**
प्रकाश संश्लेषण स्वपोषी पोषण का एक माध्यम, प्रकाश संश्लेषण का क्षेत्र, प्रकाश संश्लेषण में प्रयुक्त वर्णक (प्रारम्भिक ज्ञान), प्रकाश संश्लेषण की प्रकाश रासायनिक एवं जैव संश्लेषी प्रावस्था, चक्रीय एवं अचक्रीय फोटोफास्फोराइलेशन, रसायनी परासरण परिकल्पना, प्रकाशीय श्वसन, C_3 एवं C_4 पथ, प्रकाश संश्लेषण को प्रभावित करने वाले कारक।

(ii) **पौधों में श्वसन**
गैसों का आदान–प्रदान, कोशिकीय श्वसन– ग्लाइकोलिसिस, किण्वन (अवायवीय), TCA चक्र एवं इलैक्ट्रानिक स्थानान्तरण तंत्र (वायवीय), ऊर्जा सम्बन्ध – उत्पादित ATP अणुओं की संख्या, एंफीबोलिक पथ, श्वसन गुणांक।

(iii) **पादप वृद्धि एवं परिवर्धन**
बीजों का अंकुरण, पादप वृद्धि की प्रावस्थाएं एवं पादप वृद्धि दर, वृद्धि–की–परिस्थितियाँ, विभेदीकरण–विविभेदीकरण, पुनर्विभेदीकरण–पादप कोशिका के विकास का वृद्धि क्रम, वृद्धि नियंत्रक–आक्सिन, जिबरेलिन, साइटोकाइनिन, इथाइलीन, एबसिसिक एसिड (ABA),

इकाई – 5 मानव कार्यिकी **18 अंक**

(i) **श्वसन एवं गैसों का विनिमय –**
जंतुओं में श्वसनांग, मानव का श्वसन तंत्र, श्वसन की क्रियाविधि एवं इसका नियंत्रण, गैसों का विनिमय, गैसों का परिवहन एवं श्वसन का नियमन, श्वसनीय आयतन, श्वसन के विकार – दमा, इम्फाइसिमा, व्यावसायिक श्वसन रोग।

(ii) परिसंचरण एवं देह तरल –

रूधिर की संरचना, रूधिर वर्ग, रूधिर का जमना, लसिका की संरचना एवं कार्य, मानव परिसंचरण तंत्र–मानव हृदय की संरचना एवं रूधिर वाहिकाएं, कार्डियक चक्र (हृद चक्र) कार्डिएक आउट पुट, ई0सी0जी0, दोहरा परिसंचरण, हृद क्रिया का नियमन, परिसंचरण की विकृतियाँ–उच्च रक्त चाप, हृद धमनी रोग, एंजाइना पैक्टोरिस, हार्टफेल्योर।

(iii) उत्सर्जी उत्पाद एवं निष्कासन

उत्सर्जन की विधियाँ – एमीनोटेलिज्म, यूरिओटेलिज्म, यूरिकोटेलिज्म मानव उत्सर्जी तंत्र–संरचना और कार्य, मूत्र निर्माण, परासरण नियंत्रण, वृक्क क्रियाओं का नियमन रेनिन–एंजियोटेंसिन, अलिंदीय निट्रियेरेटिक कारक, ADH एवं डाइबिटीज इंसिपिडस, उत्सर्जन में अन्य अंगों की भूमिका, विकृतियाँ–यूरिमिया, रीनल फेलियर, रीनल केलकलाई, नैफ्राइटिस, डाइलिसिस एवं कृत्रिम वृक्क।

(iv) गमन एवं संचलन

गति के प्रकार– पक्ष्माभि, कशाभि, पेशीय, कंकाल पेशियाँ– संकुचनशील प्रोटीन एवं पेशी संकुचन, कंकाल तंत्र एवं इसके कार्य, (प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित प्रयोगों के साथ कराया जाय) संधियां पेशी और कंकाल तंत्र के विकार माइस्थेनिया ग्रेविष, टिटेनी, पेशीय दुष्पोषण, संधि शोथ, अस्थिसुषिरता, गाउट।

(v) तंत्रिकीय नियंत्रण एवं समन्वयन

तंत्रिका कोशिका एवं तंत्रिकाएं, मानव का तंत्रिका तंत्र, केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र, परिधीय तंत्रिका तंत्र, विसरल तंत्रिका तंत्र, तंत्रिकीय प्रेरणाओं का उत्पादन एवं संवहन

(vi) रासायनिक समन्वयन एवं नियंत्रण

अन्तःस्त्रावी ग्रंथियाँ और हारमोन, मानव अन्तःस्त्रावी तंत्र–हाइपोथैलेमस, पीयूष, पीनियल, थायराइड, पैराथायराइड, एड्रीनल, अग्नाशय, जनद। हारमोन्स की क्रियाविधि (प्रारम्भिक ज्ञान) दूतवाहक एवं नियंत्रक के रूप में हारमोन्स का कार्य, अल्प एवं अतिक्रियाशीलता एवं सम्बन्धित विकृतियाँ–बौनापन, एक्रोमिगेली, क्रिटीनीज्म, ग्वाइटर, एक्सोथ्थैलेमिक ग्वाइटर, मधुमेह, एडीसन रोग।

समय–3 घंटा **प्रयोगात्मक** **अंक–30**

(क) प्रयोगों की सूची

1. जड़ के प्रकार (मूसला अथवा अपस्थानिक), तना (शाकीय अथवा काष्ठीय), पत्ती (व्यवस्था, आकृति, शिराविन्यास–सरल अथवा संयुक्त)।
2. द्विबीजपत्री और एकबीजपत्री जड़ और तने की अनुप्रस्थ काट (स्लाइड) तैयार करना और उनका अध्ययन करना।
3. एक सामान्य पुष्पी पौधों (कुल–सोलेनेसी) का अध्ययन एवं वर्णन, पुष्प का विच्छेदन एवं पुष्पी चक्रों, अण्डाशय एवं परागकोष के कक्षों का प्रदर्शन (पुष्प सूत्र एवं पुष्प आरेख),
4. पेपर क्रोमेटोग्राफी द्वारा पादप वर्णकों को पृथक करना।
5. पुष्प मुकुलों, पत्ती, ऊतक एवं अंकुरणशील बीजों में श्वसन की दर का अध्ययन करना।
6. मूत्र में शर्करा की उपस्थिति ज्ञात करना।
7. मूत्र में एलब्यूमिन की उपस्थिति ज्ञात करना।
8. एपिडर्मिस छिलकों उदाहरण रियो पत्तियों में प्लाजमोलिसिस का अध्ययन करना।
9. पत्तियों की ऊपरी और निचली सतहों पर वाष्पोत्सर्जन की दर का तुलनात्मक अध्ययन करना।
10. शर्करा, स्टार्च, प्रोटीन और वसा की उपस्थिति के लिये परीक्षण करना।
11. आलू के परासरण मापी द्वारा परासरण का अध्ययन करना।
12. पत्तियों में ऊपरी और निचली सतहों पर रन्ध्रों का वितरण।
13. मूत्र में बाइल साल्ट की उपस्थिति ज्ञात करना।
14. मूत्र में यूरिया की उपस्थिति का परीक्षण करना।

(ख) निम्नलिखित (स्पाटिंग) का अध्ययन/प्रेक्षण

1. संयुक्त सूक्ष्मदर्शी के भागों का अध्ययन।
2. प्रतिरूपों/स्लाइड/मॉडल का अध्ययन एवं कारण बताते हुये उनकी पहचान करना–जीवाणु, ऑसिलेटोरिया, स्पाइरोगाइरा, राइजोपस, मशरूम, यीस्ट, लिवरवर्ट, मॉस, फर्न, पाइन, एक–एकबीजपत्री एवं द्विबीजपत्री पौधा, लाइकेन।

3. विभिन्न प्रकार के पुष्पक्रमों की पहचान तथा अध्ययन। (साइमोज तथा रेसीमोज)
4. प्रतिरूपों का अध्ययन एवं कारण बताते हुये पहचान करना–अमीबा, हाइड्रा, लीवरफ्लूक, एस्केरिस, जोंक, केंचुआ, झींगा, रेशमकीट, मधुमक्खी, स्नेल, स्टारफिश, शार्क, रोहू, मेढक, छिपकली, कबूतर एवं खरगोश।
5. स्थायी स्लाइड की सहायता से प्याज के मूलाग्र की कोशिकाओं एवं जंतु कोशिका (टिड्डे) की कोशिकाओं में समसूत्री विभाजन का अध्ययन।
6. मानव कंकाल तथा विभिन्न प्रकार की संधियों का अध्ययन।

कक्षा- 11

वाणिज्य वर्ग

व्यवसाय अध्ययन

		100 अंक
<u>भाग-1. व्यवसाय के आधार-</u>		**भारांश**
इकाई-1		
(i)	व्यवसाय की प्रकृति और उद्देश्य	16
(ii)	व्यवसायिक संगठन की प्रकृति	
इकाई-2		
(i)	निजी, सार्वजनिक एवं भूमण्डलीय उपक्रम	16
(ii)	व्यवसायिक सेवाएँ	
इकाई-3		
(i)	व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ	16
(ii)	व्यवसाय का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यवसायिक नैतिकता	
<u>भाग-2. व्यवासायिक संगठन, वित्त एवं व्यापार-</u>		
इकाई-4		
(i)	कंपनी निर्माण	16
(ii)	व्यावसायिक वित्त के स्रोत	
इकाई-5		
(i)	लघु व्यापार	23
(ii)	आंतरिक व्यापार	
(iii)	सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम और व्यावसायिक उद्यमिता	
इकाई-6		
(i)	अंतर्राष्ट्रीय व्यापार-1	13
(ii)	अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-2	
योग		**100**

<u>भाग-1- व्यवसाय का आधार-</u>

इकाई-1 **16 अंक**

(i) व्यवसाय की प्रकृति एवं उद्देश्यः-

व्यवसाय की अवधारणा, व्यवसायिक क्रियाओं की विशेषताएं – व्यवसाय पेशा एवं रोजगार में अन्तर, व्यवसायिक क्रियाओं का वर्गीकरण – उद्योग, वाणिज्य, व्यापार एवं व्यापार की सहायक क्रियाएं, व्यवसाय के उद्देश्य।

(ii) व्यवसायिक संगठन के प्रकृतिः-

एकल स्वामित्व – आशय, लक्षण, गुण एवं सीमाएं।

संयुक्त हिन्दु परिवार व्यवसाय - आशय, लक्षण, गुण एवं सीमाएं। साझेदारी - आशय, लक्षण, गुण, सीमाएं, प्रकार, संलेख, पंजीकरण तथा साझेदारों के प्रकार।

सहकारी समितियाँ - आशय, लक्षण एवं प्रकार।

संयुक्त पूंजी कंपनी - आशय, लक्षण, गुण तथा सीमाएं, सार्वजनिक एवं निजी कंपनी।

इकाई-2 **16 अंक**

(i) निजी, सार्वजनिक एवं भूमण्डलीय उपक्रमः-

निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र - सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के स्वरूप – विभागीय उपक्रम, वैधानिक निगम, सरकारी कंपनियाँ।

भूमण्डलीय उपक्रम – विशेषताएँ, संयुक्त उपक्रम।

(ii) व्यवसायिक सेवाएँ –

सेवाओं की प्रकृति एवं प्रकार, बैंकिंग – आशय, बैंकों के प्रकार, वाणिज्यक बैंक के कार्य, ई-बैंकिंग, बीमा – आधारभूत सिद्धान्त कार्य एवं प्रकार।

सम्प्रेषण सेवाएँ – डाक सेवा, टेलीकॉम सेवा, परिवहन। भंडारण एवं भंडार गृहों के प्रकार।

इकाई-3 **16 अंक**

(i) व्यवसाय की उभरती पद्धतियाँ:-

ई-व्यवसाय, ई-व्यवसाय बनाम ई-कॉमर्स, ई-व्यवसाय का कार्य क्षेत्र, ई-व्यवसाय के लाभ एवं सीमाएँ। ऑनलाइन लेन-देन। ई-व्यवसाय जोखिम। बाह्यस्रोतिकरण (Outsourcing) – संकल्पना/अवधारणा, कार्यक्षेत्र एवं आवश्यकता।

(ii) व्यवसाय का सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यवसायिक नैतिकताः-

सामाजिक उत्तरदायित्व – अवधारणा, आवश्यकता, पक्ष एवं विपक्ष में तर्क। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रकार। प्रदूषण के प्रकार। पर्यावरण संरक्षण में व्यवसाय की भूमिका।

व्यवसायिक नैतिकता – अवधारणा एवं तत्व।

<u>भाग-2- व्यवसायिक संगठन वित्त एवं व्यापार –</u>

इकाई-4 **16 अंक**

(i) कंपनी निर्माण:-

कंपनी का प्रवर्तन, समामेलन एवं व्यवसाय का प्रारम्भ, पूंजी अभिदान, प्रमुख प्रलेख – सीमा नियम एवं अंतः नियम।

(ii) व्यवसायिक वित्त के स्रोतः-

व्यवसायिक वित्त का अर्थ, प्रकृति, एवं महत्व। कोष के स्रोतों का वर्गीकरण। विशिष्ट वित्तीय संस्थाएं, अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीयन।

इकाई-5 **23 अंक**

(i) लघु व्यवसायः-

लघु व्यवसाय का अर्थ तथा प्रकृति, भारत में लघु व्यवसाय की भूमिका, समस्याएँ। सरकार द्वारा प्राप्त लघु व्यवसायिक सहायताएँ (संस्थागत सहयोग)।

(ii) आंतरिक व्यापारः-

परिचय, थोक व्यापार एवं थोक विक्रेताओं की सेवाएँ। फुटकर व्यापार, फुटकर व्यापारियों की सेवाएँ।

फुटकर व्यापार के प्रकार–भ्रमणशील फुटकर विक्रेता एवं स्थायी दुकानदार (विभागीय भंडार, श्रृंखलाबद्ध भंडार, डाक आदेश गृह, उपभोक्ता सहकारी भंडार, सुपर बाजार, विक्रय मशीन)। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री का आंतरिक व्यापार के संवर्धन में भूमिका।

(iii) **सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम और व्यावसायिक उद्यमिता।**

सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्योग–सामान्य परिचय। भारत में सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम की भूमिका एवं समस्या। उद्यमिता विकास– परिचय एवं विशेषताएं व्यवस्थित गतिविधि, वैध एवं उद्देश्यपूर्ण गतिविधि, नवाचार, उत्पादन प्रबंध, जोखिम उठाना। बौद्धिक सम्पदा अधिकार (I.P.R) आशय (परिचय), महत्व एवं प्रकार–प्रकाशनाधिकार, व्यापार चिन्ह, भौगोलिक संकेत, पेटेंट, डिजाइन, पौधों की किस्में, अर्धचालक एकीकृत परिपथ खाका डिजाइन।

इकाई-6 **13 अंक**

(i) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-1:-

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का अर्थ, घरेलू व्यवसाय एवं अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय में अन्तर, अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय के काम।

आयात एवं निर्यात व्यापार – आशय, लाभ, सीमाएं।

संयुक्त उपक्रम – लाभ एवं हानियाँ।

(ii) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-2:-

आयात-निर्यात प्रक्रिया, आयात-निर्यात में प्रयुक्त होने वाले प्रमुख प्रलेख। विश्व बैंक एवं विश्व बैंक के कार्य तथा इसकी सहयोगी संस्थाएँ।

कक्षा- 11
वाणिज्य वर्ग
लेखाशास्त्र

100 अंक

भाग-1. वित्तीय लेखांकन -		**भारांश**
इकाई-1		
(i)	लेखांकन एक परिचय	10
(ii)	लेखांकन के सैद्धान्तिक आधार	
इकाई-2		
(i)	लेन-देनों का अभिलेखन-1	10
(ii)	लेन-देनों का अभिलेखन-2	
इकाई-3		
(i)	बैंक समाधान विवरण	15
(ii)	तलपट एवं अशुद्धियों का शोधन	
इकाई-4		
	ह्रास, प्रावधान और संचय	20
योग		**55**
भाग-2. वित्तीय लेखांकन -		
इकाई-5		
(i)	वित्तीय विवरण-1	25
(ii)	वित्तीय विवरण-2	
इकाई-6		
(i)	लेखांकन के लिए डाटाबेस की संरचना	20
(ii)	डाटाबेस प्रबंध पद्धति के प्रयोग द्वारा लेखांकन प्रणाली	
योग		**45**
सम्पूर्ण योग		**55+45=100**

विषय-सूची

भाग-1- वित्तीय लेखांकन -

	आमुख	iii	
इकाई-1	**लेखांकन-एक परिचय**	**1**	**10 अंक**
1.1	लेखांकन का अर्थ	2	
1.2	लेखांकन एक सूचना के स्रोत के रूप में	6	
1.3	लेखांकन के उद्देश्य	11	
1.4	लेखांकन की भूमिका	13	
1.5	लेखांकन के आधारभूत परिभाषिक शब्द	15	
लेखांकन के सैद्धान्तिक आधार		**23**	
2.1	सामान्यतः मान्य लेखांकन सिद्धान्त (GAAP)	23	
2.2	आधारभूत लेखांकन संकल्पनाएं	24	
2.3	लेखांकन प्रणालियां	25	
2.4	लेखांकन के आधार	35	
2.5	लेखांकन मानक	15	
इकाई-2	**लेन-देनों का अभिलेखन-1**	**43**	**10 अंक**
3.1	व्यावसायिक सौदे व स्रोत प्रलेख	43	
3.2	लेखांकन समीकरण	47	
3.3	नाम व जमा का प्रयोग	50	
3.4	प्रारंभिक प्रविष्टि की पुस्तकें	58	
3.5	खाता बही	68	
3.6	रोजनामचे से खतौनी	71	
लेन-देनों का अभिलेखन-2		**97**	
4.1	रोकड़ बही	98	
4.2	क्रय (रोजनामचा) पुस्तक	126	
4.3	क्रय वापसी (रोजनामचा) पुस्तक	129	
4.4	विक्रय (रोजनामचा) पुस्तक	131	
4.5	विक्रय वापसी (रोजनामचा) पुस्तक	133	
4.6	मुख्य रोजनामचा	140	
4.7	खातों का संतुलन	142	
इकाई-3	**बैंक समाधान विवरण**	**165**	
5.1	बैंक समाधान विवरण की आवश्यकता	166	
5.2	बैंक समाधान विवरण का निर्माण	172	
तलपट एवं अशुद्धियों का शोधन		**198**	**15 अंक**
6.1	तलपट का अर्थ	198	
6.2	तलपट बनाने के उद्देश्य	199	
6.3	तलपट को तैयार करना	202	
6.4	तलपट के मिलान का महत्व	207	
6.5	अशुद्धियों को ज्ञात करना	210	
6.6	अशुद्धियों का संशोधन	210	
इकाई-4	ह्रास, प्रावधान और संचय	**246**	**20 अंक**
7.1	ह्रास	246	

7.2	ह्रास और इससे मेल खाते शब्द	250	
7.3	ह्रास के कारण	250	
7.4	ह्रास की आवश्यकता	252	
7.5	ह्रास की राशि को प्रभावित करने वाले तत्व	252	
7.6	ह्रास की राशि की गणना की पद्धतियाँ	255	
7.7	सीधी रेखा एवं क्रमागत ह्रासविधि तुलनात्मक विश्लेषण	259	
7.8	ह्रास के अभिलेखन की पद्धतियाँ	261	
7.9	परिसम्पत्ति का निपटान/विक्रय	271	
7.10	वर्तमान परिसम्पत्ति में बढ़ोत्तरी एवं विस्तार	283	
7.11	प्रावधान	286	
7.12	संचय	289	
7.13	गुप्त संचय	293	
भाग-2-	**वित्तीय लेखांकन –**		
इकाई-5	**वित्तीय विवरण - 1**	**357**	**15 अंक**
9.1	पणधारी और उनकी सूचना आवश्यकतायें	357	
9.2	पूँजी और आगम के मध्य भेद	359	
9.3	वित्तीय विवरण	361	
9.4	व्यापारिक व लाभ और हानि खाता	363	
9.5	प्रचालन लाभ	377	
9.6	तुलन-पत्र	381	
9.7	प्रारंभिक प्रविष्ट	389	
वित्तीय विवरण - 2		**401**	
10.1	समायोजन की आवश्यकता	401	
10.2	अंतिम स्टॉक	403	
10.3	बकाया व्यय	405	
10.4	पूर्वदत्त व्यय	407	
10.5	उपार्जित आय	408	
10.6	अग्रिम प्राप्त आय	410	
10.7	ह्रास	411	
10.8	डूबत ऋण	412	
10.9	संदिग्ध ऋणों के लिये प्रावधान	414	
10.10	देनदारों पर बट्टे का प्रावधान	417	
10.11	प्रबंधक कमीशन	418	
10.12	पूँजी पर ब्याज	421	
10.13	वित्तीय विवरणों को प्रस्तुत करने की विधियाँ	448	
इकाई-6	**लेखांकन के लिए डाटाबेस की संरचना**	**541**	**15 अंक**
14.1	डाटा प्रक्रम चक्र	543	
14.2	लेखांकन के लिए डाटाबेस का प्रारूप तैयार करना	544	
14.3	सत्व-संबंध मॉडल (स0सं0 मॉडल)	545	
14.4	डाटाबेस तकनीकी	555	
14.5	लेखांकन डाटाबेस का उदाहरण	557	
14.6	संबंध परक डाटा मॉडल की अवधारणा	560	

14.7	संबंध परक डाटाबेस और विवरणिका	562
14.8	प्रचालन व निषेध का उल्लंघन	565
14.9	संबंध डाटाबेस विवरणिका का प्रारूप	565
14.10	उदाहरण वास्तविकता के लिए डाटाबेस की संरचना का उदाहरण	568
14.11	डाटाबेस की क्रिया-संक्रिया	577
इकाई-7	**डाटाबेस प्रबंध पद्धति के प्रयोग द्वारा लेखांकन प्रणाली**	**595**
15.1	एम0एस0 एक्सेस और उसके घटक	595
15.2	लेखांकन डाटाबेस के लिए सारणी तथा संबंध को बनाना	601
15.3	प्रमाणक के प्रपत्र का प्रयोग	607
15.4	सूचना के लिए पृच्छा का प्रयोग	630
15.5	लेखांकन प्रतिवेदन को तैयार करना	638
परिशिष्ट		**662**

कृषि–शस्य विज्ञान
कक्षा–11

(घ) कृषि वर्ग
भाग–1

(प्रथम वर्ष)

हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी–

हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय के पाठ्यक्रम व पुस्तकों की स्थिति वही रहेगी जो इस विवरण–पत्रिका में अनिवार्य विषय के अन्तर्गत ''मानविकी वर्ग'' के लिये निर्धारित है। परन्तु हिन्दी अथवा सामान्य हिन्दी विषय की परीक्षा कृषि, भाग–एक (प्रथम वर्ष) में नहीं ली जायेगी। इस विषय की परीक्षा कृषि, भाग–दो (द्वितीय वर्ष) में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के आधार पर ली जायेगी।

कृषि–शस्य विज्ञान
प्रथम प्रश्न–पत्र — 50 अंक

(शस्य विज्ञान–साधारण फसलें, मिट्टी तथा खाद)

सिद्धान्त–

यूनिट 1 — 15 अंक

फार्म की साधारण फसलें–गेहूं, धान, कपास, ज्वार, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, सरसों, अरहर, मटर, मूंगफली, सूर्यमुखी, चना, तम्बाकू, बरसीम, आलू और गन्ने का निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत अध्ययन–

संस्तुत प्रजातियां, उनके मुख्य गुण, प्रदेश के उपयुक्त क्षेत्र, बोने का समय, बीज दर, बोने की विधि, खाद देना, सिंचाई करना, फसल रक्षा उपर्युक्त फसलों के खर–पतवार उनके नियंत्रण, मुख्य कीट एवं रोगों के लक्षण तथा निवारण, फसल काटना, मड़ाई, उपज तथा इनका बीजोत्पादन।

यूनिट 2 — 10 अंक

मिट्टियां–मिट्टियों की उत्पत्ति, मिट्टियों का वर्गीकरण–बजरीली, बलुई, दोमट, सिल्ट तथा चिकनी मिट्टी, मिट्टी के भौतिक गुण। मिट्टी की रचना पर भौतिक एवं रासायनिक कारकों का प्रभाव। भूमि संरक्षण की विभिन्न विधियों के मूल सिद्धान्त।

यूनिट 3 — 15 अंक

खाद तथा खाद देना, पौधे की वृद्धि के लिये आवश्यक पोषक तत्व, खेत की मुख्य फसलों द्वारा मिट्टी से ली जाने वाली नाइट्रोजन, फासफोरस तथा पोटाश की मात्रा, खाद देने की आवश्यकता, जैव तथा अजैव खादें, फसलों तथा मिट्टियों पर उनके प्रभाव सम्बन्धी अन्तर, खाद तथा उर्वरकों के डालने की विधियां, गोबर की खाद तथा कम्पोस्ट खाद का संरक्षण, हरी खाद की फसलें और उनके उपयोंग।

निम्न खादों का अध्ययन, उर्वरकों एवं उनके प्रयोग विधियां–

गोबर की खाद, कम्पोस्ट अरण्डी की खली, मूंगफली की खली, यूरिया, अमोनियम सल्फेट, सुपर फास्फेट, राक फास्फेट, पोटैशियम सल्फेट, म्यूरेट आफ पोटाश, मिश्रित खाद, डाई अमोनिया फास्फेट तथा जैविक खादें–बर्मीकल्चर ब्लू ग्रीन एल्गी, राईजोवियम कल्चर।

यूनिट–4 10 अंक

(1) भूमि प्रयोग, जनसंख्या दबाव, वनों की क्षीणता, चारागाहों एवं फसलों का पर्यावरण पर प्रभाव। 03 अंक

(2) पर्यावरण की सामान्य जानकारी। पर्यावरण प्रदूषण का जलवायु, मृदा और आधुनिक कृषि पर प्रभाव, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के उपाय। 03 अंक

(3) नहरों द्वारा सिंचाई और जल क्रान्ति। 02 अंक

(4) उर्वरकों एवं फसल सुरक्षा रसायन के प्रयोग का पर्यावरण पर प्रभाव। 02 अंक

प्रयोगात्मक **50 अंक**

अंक की गणना–विभिन्न फसलों के लिये आवश्यक N. P. K. के आधार पर विभिन्न खादों एवं उर्वरकों की मात्रा का निर्धारण–

उन फसलों का जो सैद्धान्तिक के अन्तर्गत दी है उगना और देखभाल, निम्न क्रियाओं का अभ्यास–

(क) हल, कल्टीवेटर, हैरो, पाटा तथा रोलर से खेत तैयार करना।
(ख) हाथ तथा सीड ड्रिल से बीज बोना।
(ग) सिंचाई।
(घ) हाथ तथा बैल चालित यंत्रों से निराई तथा गुड़ाई।
(ङ) बैल चालित औजारों से मिट्टी चढ़ाना।
(च) मड़ाई, ओसाई तथा चारा काटना।
(छ) मिट्टियों, बीजों, खर–पतवारों, खादों तथा उर्वरकों की पहचान।
(ज) विभिन्न विधियों से खाद तथा उर्वरक देना।
(झ) फसलों की उत्पादन लागत की गणना।
(ञ) छात्र राजकीय फार्मों तथा किसानों की जोतों का अध्ययन करने भ्रमणार्थ जायेंगे।
(ट) फार्म पर किये गये कार्य तथा भ्रमण स्थानों के अध्ययन का अभिलेख रखा जायेगा।

पुस्तकें–कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

शस्य विज्ञान (कृषि भाग–1)

अधिकतम अंक : 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 16 समय : 03 घंटा

1–वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन **निर्धारित अंक**

1–बीज शैय्या का निर्माण 07 अंक
2–मौखिकी 08 अंक
3–(क) आंकिक प्रश्न द्वारा खाद की गणना करना 05 अंक
(ख) फसलों की उत्पादन लागत की गणना करना 05 अंक
कुल –25 अंक

2–आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन

1–बीज, खर–पतवार खाद तथा फसलों की पहचान 10 अंक
2–अभ्यास पुस्तिका 08 अंक
3–प्रोजेक्ट 07 अंक
कुल – 25 अंक

नोट–अभ्यास पुस्तिका एवं प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों द्वारा परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा–

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

कृषि–वनस्पति विज्ञान
कक्षा–11
द्वितीय प्रश्न–पत्र

50 अंक

1–सिद्धान्त 15 अंक

इकाई–1

1–वनस्पति पादप अंगों की वाह्य आकारिकी–मूल स्तम्भ और पर्ण, उनके कार्य और रूपान्तर।

2–पुष्प की संरचना तथा उनके विभिन्न भागों का कार्य, पुष्पक्रम के विभिन्न प्रारूप।

3–परागण–परागण का प्रारूपिक अध्ययन विधि तथा क्रियाविधि।

4–निषेचन–क्रिया विधि का अध्ययन एवं द्विनिषेचन का महत्व।

5–फल के प्रारूप, उनके कार्य तथा प्रकीर्णन।

6–बीज की संरचना तथा अंकुरण (एक बीज पत्री तथा द्विबीज पत्री बीजों का प्रारम्भिक अंकुरण) बीज के प्रारूप, कार्य और प्रकीर्णन। बीज अंकुरण को प्रभावित करने वाले कारक।

इकाई–2 10 अंक

अन्तः आकारिकी–वनस्पति कोशिका संरचना, कोशिका के अन्तर्वस्तु, कोषकीय विभाजन ''सूत्रीय विभाजन (माइटोसिस) एवं अर्धसूत्रीय विभाजन (मियोसिस)' कोशिकाओं का ऊतक के रूप में संगठन तथा विभिन्न ऊतकों के कार्य। एक बीजपत्री और द्विबीज–पत्री मूल, स्तम्भ तथा पर्ण की आन्तरिक आकारिकी द्विबीज–पत्री, स्तम्भ और मूल में द्वितीय वृद्धि (Secondary Growth)।

इकाई–3 10 अंक

1–पादप शरीर क्रिया (केवल प्रारम्भिक अध्ययन)।

2–(क) जल का पौधों द्वारा अन्तर्ग्रहण, मूल की संरचना।

(ख) वाष्पोत्सर्जन तथा मूलीय दाब, उसका कार्य और महत्व।

(ग) कार्बन स्वांगीकरण, रंध्रों की संरचना और कार्य, कार्बन स्वांगीकरण की दक्ष कार्य क्रिया में सहायक कारक।

(घ) प्रकाश संश्लेषण एवं पौधे–खाद्य पदार्थों का संग्रह एवं स्थानान्तरण।

(ङ) श्वसन के प्रारूप और कार्य।

इकाई–4 08 अंक

वर्गीकरण वनस्पति विज्ञान और वनस्पति जगत का प्रारम्भिक परिचय जहां तक सम्भव हो सके क्षेत्रीय उद्यान के सामान्य पौधों के वानस्पतिक (लक्षणों का अध्ययन) ग्रेमिनी, क्रूसीफेरी, लेगुमनेसी, कुकुरविटेसी, सोलैनेसी, माल्वेसी।

इकाई–5 07 अंक

सूक्ष्म जैविकी का प्रारम्भिक अध्ययन–

(क) वायरस।

(ख) ब्लू ग्रीन एल्गी।

(ग) फंजाई।

(घ) वैक्टीरिया।

(ङ) जन्तु (सूक्ष्म)।

प्रयोगात्मक **50 अंक**

1–प्राथमिक अंगों के वाह्य अकारिकी का अध्ययन करने के लिये नवोद्भिद् का परीक्षण।

2–मूल, स्तम्भ तथा पर्ण के विभिन्न प्रारूपों के भागों और रूपान्तरों का अध्ययन।

3–सूक्ष्मदर्शी का प्रयोग।

4–प्रारूपिक एक बीज–पत्री तथा द्विबीज–पत्री, मूल और स्तम्भ का अभिरंजन अभ्यास के साथ मुक्तहस्त काट (कटिंग)।

5–बीजों का अध्ययन वाह्य तथा आन्तरिक, विभिन्न प्रकार के अंकुरण।

6–फलों तथा बीजों का परीक्षण और अभिज्ञान। आर्थिक एवं कृषि महत्व।

7–पादप शरीर क्रिया के वाष्पोत्सर्जन, कार्बन स्वांगीकरण प्रकाश संश्लेषण तथा श्वसन से सम्बन्धित साधारण प्रयोगों के प्रदर्शन।

8–पुष्पों और उनके भागों का परीक्षण, विच्छेदन और वर्णन।

9–पाठ्य विषय में दिये हुये फूलों के सामान्य क्षेत्रीय उद्यान के पौधों और आप्तृण के वाह्य वानस्पतिक लक्षणों का अध्ययन और अभिज्ञान।

10–पादक संग्रह (Plant Herbarium)।

11–ग्रेमिनी कुल, कुकुर विटेसी, मालवेसी कुल का वर्णन।

पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

वनस्पति विज्ञान (कृषि भाग–1)

अधिकतम अंक : 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 16 समय : 04 घंटा

1–वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन	**निर्धारित अंक**
1–वस्तु पहचान	07 अंक
2–मौखिकी	08 अंक
3–किसी एक फूल तथा पौधों की पहचान	05 अंक
4–जड़ों की अनुप्रस्थ काट एवं एक रंगीन स्लाइड	05 अंक

कुल–25 अंक

2–आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन	
1–अभ्यास पुस्तिका	08 अंक
2–वनस्पति कार्य का परीक्षण	10 अंक
3–प्रोजेक्ट	07 अंक

कुल–25 अंक

नोट–अभ्यास पुस्तिका एवं प्रोजेक्ट कार्य विद्यार्थियों द्वारा परिषदीय प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा–

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

कृषि–भौतिक एवं जलवायु विज्ञान

कक्षा–11

तृतीय प्रश्न–पत्र

सिद्धान्त

इकाई–1–सामान्य मात्रक, मापन, विमा, विमा के उपयोग, वर्नियर तथा सूक्ष्म मापी पैमाने, बलों का संगठन और विघटन बल, समान्तर बल, बल युग्म, बल का घूर्ण, बल साम्यवस्था। 10 अंक

इकाई–2–वेग तथा त्वरण, संवेग, गति के नियम, गुरुत्वाधीन गति, गुरुत्वाजनित त्वरण, वृत्तीय गति, अपकेन्द्रीय तथा अभिकेन्द्रीय बल। उपग्रह का कक्षीय वेग, पलायन वेग, द्रवों पर दाब, कोशित्व तथा बल, तनाव, वायु मण्डलीय दाब, वायुदाबमापी, ठोस द्रव का आपेक्षिक घनत्व, घनत्व बोतल, निक्ल्सन हाइड्रोमीटर। 10 अंक

इकाई–3–घर्षण और उनके नियमों के सरल उदाहरण, सरल मशीनें जैसे घिरी तथा उत्तोलक। साधारण पम्पों का कार्य चालन, कार्य शक्ति तथा ऊर्जा, ऊष्मा तथा ताप संवहन, संचालन तथा विकिरण ऊष्मा चालकता गुणांक, ऊष्मा, संवाहकर्ता, आपेक्षिक ऊष्मा, मिट्टियों के विशेष संदर्भ में। ऊष्मा के कारण मिट्टी में भौतिक परिवर्तन, गुप्त ऊष्मा एवं कार्य में सम्बन्ध, औसांक, अपेक्षिक आर्द्रता और इसका निवारण मेघ, कुहरा, कुहसा, पाला, हिम, ओला आदि की रचना मौसम पूर्वानुमान पर प्रारम्भिक विचार ऊष्मा और कार्य से सम्बन्ध। 10 अंक

इकाई–4–प्रकाश संचरण के नियम, सम तथा गोली तलों से परावर्तन तथा वर्तन ताल (लेन्स) सूक्ष्मदर्शी अवरक्त, पराबैगनी तथा दृश्य विकिरण पर प्रारम्भिक विचार। व्यक्तिकरण एवं ध्रुवण की संक्षिप्त जानकारी, ध्वनि वेग आवृत्ति तरंग दैर्ध्य में सम्बन्ध, अनुप्रस्थ, अनुदैर्ध्य तरंग की परिभाषा, आवृत्ति तरंग, दैर्ध्य में सम्बन्ध, अनुप्रस्थ, अनुदैर्ध्य तरंग की परिभाषा, आवृत्ति आवर्तकाल में सम्बन्ध। 10 अंक

इकाई–5–विद्युत् प्राथमिक तथा संचालक सेल, धारा, वोल्टता और प्रतिरोध विद्युत् शक्ति, शक्ति की यांत्रिक एवं विद्युत् मापकों के सम्बन्ध, विद्युत् मात्रक, विद्युत् के उपयोग। व्हीट स्टोन सेतु का सिद्धान्त, मीटरसेतु पोस्ट आफिस बाक्स, विभवमापी का संक्षिप्त अध्ययन। 10 अंक

प्रयोगात्मक **50 अंक**

लम्बाई क्षेत्रफल सहित आयतन तथा घनत्व का शुद्ध निर्धारण, कैलीपर्स, पेंचमापी, तुला तथा वर्गीकृत–पत्र का प्रयोग, समान्तर चतुर्भुज का नियम का सत्यापन, उत्तोलक के सिद्धान्त का सत्यापन, द्रवों का आपेक्षिक घनत्व निकालना, ब्वायल वायुदाब मापी (बैरोमीटर) पढ़ने का अभ्यास।

घनत्व बोतल का प्रयोग, यथार्थ तथा आभासी घनत्वों का निकालना एवं मिट्टी का रंध्रावकाश।

विभिन्न तापमापक के गठन का अभ्यास, विशिष्ट ऊष्मा निकालना, गुप्त ऊष्मा निकालना, ओसांक तथा आपेक्षिक आर्द्रता निकालना।

प्रकाश का परावर्तन तथा वर्तन दर्पण के तालों (लेन्सों) का नाभ्यांतर (फोकस दूरी) निकालना, वर्तनांक निकालना।

साधारण सेल बनाना, वोल्टामापी तथा अमापी की विधि एवं मीटर सेतु से प्रतिरोध की माप श्रेणी तथा माप समान्तर क्रम में लैम्पों का जोड़ना, पोस्ट आफिस, बाक्स आफिस द्वारा दिये गये अज्ञात प्रतिरोध का मान ज्ञात करना।

संस्तुत पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान, विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

भौतिक एवं जलवायु विज्ञान (कृषि भाग–1)

अधिकतम अंक : 50 न्यूनतम उत्तीर्णांक : 16 समय : 03 घंटा

1–वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन **निर्धारित अंक**

1–एक प्रमुख एवं एक सहायक परीक्षण	(10+7)	17 अंक
2–मौखिकी		08 अंक

कुल– 25 अंक

2–आन्तरिक परीक्षक द्वारा मूल्यांकन

1–अभ्यास पुस्तिका	08 अंक
2–प्रोजेक्ट तथा इस पर आधारित मौखिकी	10 अंक
3–सत्रीय प्रयोगात्मक कार्य	07 अंक

कुल– 25 अंक

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा–

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय प्रयोगात्मक परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के सम्बन्धित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे, शेष पचास प्रतिशत अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।

कक्षा–11

चतुर्थ प्रश्न–पत्र **50 अंक**

(कृषि अभियन्त्रण)

सिद्धान्त

इकाई–1 **05 अंक**

कृषि यन्त्रों को बनाने में प्रयोग होने वाले लोहा (ढलवा लोहा, मृदु इस्पात, उच्च कार्बनयुक्त इस्पात), लकड़ी (साखू, शीशम, आम, बबूल) प्लास्टिक तथा टिन के प्रकार, विशेषता तथा गुण–दोष का अध्ययन।

इकाई–2 **04 अंक**

हल–हलों के विभिन्न प्रकार यथा–देशी हल, मेस्टन हल, केयर हल, सावाश हल, वाहवाह हल, यू0 पी0 नं0–1 तथा यू0 पी0 नं0–2 हल, विक्ट्री हल, प्रजा हल–इनकी बनावट विभिन्न भाग एवं उनके कार्य रचना में प्रयोग होने वाली सामग्री, चौड़ाई, गहराई कम अधिक करना, खड़ी तथा पड़ी झिरी उनके कार्य, कार्य करते समय आवश्यक समन्जन एवं सावधानियां, विभिन्न हलों का तुलनात्मक अध्ययन, प्रचलन में व्यावहारिक बाधायें।

इकाई–3

(अ) अन्य कृषि यन्त्र–कल्टीवेटर, हो, हैरो, खुरचनी (स्क्रेपर), पाटा, बीज तथा उर्वरक, ड्रिल, स्प्रेयर, डस्टर, त्रिफाली, बलचालित कटाई यन्त्र, शक्तिचालित थ्रेसर, ओसाई पंखा के विभिन्न भाग एवं उनके कार्य। ट्रैक्टर–उसके प्रयोग, ट्रैक्टर चालन में आने वाली सामान्य समस्यायें और उनका निवारण। **03 अंक**

(ब) हस्त चालित तथा शक्ति चालित कुट्टी काटने की मशीन, बैल चालित तथा शक्ति चालित गन्ना, कोल्हू, बैल चालित आलू खोदक यन्त्र के कार्य प्रमुख भाग एवं उनके प्रयोग में सावधानियां एवं रख–रखाव। **03 अंक**

इकाई–4 **10 अंक**

'डायनमोमीटर, उसकी बनावट और प्रयोग विधि तथा खिंचाव पर प्रभाव डालने वाले कारक। शक्ति चयन के खिंचाव के प्रभाव का महत्व तथा अश्व सामर्थ्य और उस पर आधारित आंकिक गणना का अध्ययन।''

इकाई–5

(अ) जल उत्पादक (वाटर लिफ्टर), सेन्ट्रीफ्यूगल पम्प, टरबाइन पम्प, सबमर्सिबल (जलप्लवनीव) पम्प की बनावट, कार्य विधि, जल निष्कासन की मात्रा प्रतिदिन सिंचित क्षेत्रफल रुकावट एवं निदान, सावधानियां तथा रख–रखाव। **05 अंक**

(ब) एक सिलिण्डर डीजल इंजन एवं विद्युत् मोटर की बनावट, शक्ति उत्पन्न करने की कार्य विधि, साधारण व्यवधान तथा निदान, इंजन मोटर का चयन, रख–रखाव तथा सावधानियां। **05 अंक**

(स) कृषि में तालाब, कुआं, नलकूप का महत्व, निर्माण विधि, कमाण्ड क्षेत्र एवं रख–रखाव। **05 अंक**

इकाई–6–भू–परिष्करण– **05 अंक**

(अ) कर्षण के उद्देश्य, विधि प्रकार, समय तथा रासायनिक एवं भौतिक प्रभाव।

(ब) जुताई की विधियां, गुण–दोष तथा प्रभाव, अन्तः कृषि की आवश्यकता, विभिन्न फसलों में अन्तः, कृषि हेतु प्रयोज्य कृषि यन्त्रों के नाम, रासायनिक एवं भौतिक प्रभाव तथा कृषि यन्त्रो पर आधारित आंकिक गणना।

इकाई–7 **05 अंक**

पट्टा घिरी और गेयर द्वारा शक्ति प्रेषण की विधि, सीमायें, सावधानियां तथा रख–रखाव। चाल एवं माप ज्ञात करने सम्बन्धी सामान्य प्रश्नों की गणना।

प्रयोगात्मक **50 अंक**

(1) कार्यशाला के विभिन्न औजारों का परिचय, उपयोग, सही प्रयोग विधि तथा रख–रखाव का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना एवं नामांकित चित्र बनाना।

(2) आंकिक गणना, खिंचाव, अश्व सामर्थ्य, जुताई एवं शक्ति प्रेषण पर आधारित।

(3) कार्यशाला में कार्य–

(क) काष्ठ शिल्प–हंसिया, दराती, खुरपी, कुदाल, फावड़ा आदि यंत्रों के बेंट बनाना तथा फिट करना।

(ख) साधारण लौहशाला कार्य–शीतल लोहे के ऊपर कार्य, पेचकस बनाना, वोल्ट तथा नट में चूड़ी बनाना।

(ग) गरम लोहे से विभिन्न आकार बनाना, धार धरना तथा लोहे के दो भागों को जोड़ना, कृषि यंत्रों को पीट कर पैना करना।

(6) छात्र–छात्राओं में विभिन्न प्रकार के निर्मित सुन्दर वस्त्रों के लिये प्रशंसा की भावना का विकास करना।
(7) वस्त्र उद्योग में रोजगार प्राप्ति हेतु जागरूकता का विकास करना।
(8) वस्त्र उद्योग हेतु स्वरोजगार एवं रोजगार सम्बन्धी जानकारी देना।
(9) वस्त्र उद्योग के लिये आधुनिक उपकरणों से छात्रों को परिचित कराना।
(10) समय, शक्ति और सामग्री का अधिकतम उपयोग करना।
(11) छात्रों में टीम वर्क के लिये कार्य करने की आदतें और नैतिकता का विकास करना।

रोजगार के अवसर–

(1) परिधान रचना एवं सज्जा के किसी कारखाने/प्रतिष्ठान अथवा दुकान में रोजगार पा सकता है।
(2) परिधान रचना एवं सज्जा के क्षेत्र में अद्यतन रेडीमेड वस्त्रों के निर्माण कार्य में स्वरोजगार प्रारम्भ कर सकता है।
(3) होल सेल तथा रिटेल सेल का व्यवसाय चला सकता है।
(4) परिधान रचना एवं सज्जा में निजी प्रशिक्षण केन्द्र चला सकता है।
(5) परिधान रचना एवं सज्जा हेतु आवश्यक यंत्रों, उपकरणों एवं सामग्रियों की आपूर्ति करने का स्वरोजगार चला सकता है।
(6) परिधान रचना एवं सज्जा से सम्बन्धित यंत्रों/उपकरणों के मरम्मत हेतु वर्कशाप चला सकता है।
(7) यूनिफार्म तैयार करने हेतु वर्कशाप स्थापित करना।
(8) विभिन्न कुशल श्रमिकों को रोजगार दिलाना, जैसे ट्रेड डिजाइन, स्केजर, मशीन आपरेटर, फिनिश पैटर्न मेकर आदि।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

	पूर्णांक		**उत्तीर्णांक**	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400		200
वाह्य परीक्षा	200			

नोट–परीक्षार्थियों के प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

1–व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ– 20 अंक

विकासशील भारत की आवश्यकतायें, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व।
व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज एवं देश को लाभ।

समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी से निर्णय लेने और स्त्रियों को शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के अवसर।

रोजगार ढूढ़ने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असंतुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान।

मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिए मौलिक और भावनात्मक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना।

(2) स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी– 20 अंक

भोजन के विभिन्न तत्व, उनकी आवश्यकता, प्राप्ति के स्रोत और कमी से होने वाले रोग।

जीवन के विभिन्न अवस्था में भोजन की आवश्यकता, प्रकार एवं मात्रा–शिशु, बालक, स्त्री, पुरुष, वृद्धावस्था, गर्भावस्था, धात्री मां, रोगी, श्रमिक, किसान आदि।

(3) आत्म निर्भर बनाकर व्यवसाय द्वारा किये जाने वाले स्वरोजगार या विभिन्न कार्य, क्षेत्रों में सवैतनिक रोजगारों के अवसरों का ज्ञान– 20 अंक

अपने क्षेत्र में प्राप्त कच्ची वस्तु और उनसे निर्मित पदार्थों जिनका अन्य स्थानों में अधिक मूल्य आदि का ज्ञान।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(तन्तुओं का ज्ञान)

(1) तन्तुओं का वर्गीकरण– 12

प्राकृतिक तन्तु–सूती, रेशमी, ऊनी।

(2)तन्तुओं पर विभिन्न तत्वों का प्रभाव–पानी, दूध, ताप(आग) तथा रासायनिक पदार्थ(क्षार, अम्ल)। 08 अंक

(3) सिलाई योग्य वस्त्र, उनकी विशेषतायें, वस्त्र सिलने के पूर्व तैयारियां(श्रिंग करना, प्रेस करना आदि) 20

(4) सिलाई में काम आने वाली वस्तुओं का ज्ञान–इंचीटेप, गुनिया, मिल्टन, चाक, अंगुस्ताना तथा विभिन्न प्रकार की कैचियां आदि। 20 अंक

तृतीय प्रश्न–पत्र
(सिलाई के सिद्धान्त)
(भाग–1)

(1) कुशल टेलर और कटर बनने के लिये योग्यतायें। 20 अंक

(2) वस्त्र निर्माण के सिद्धान्त– 20 अंक

(क) चेस्ट सिस्टम नाम द्वारा वस्त्र निर्माण।

(ख) सीधे सिस्टम नाम द्वारा वस्त्र निर्माण।

(3) सामान्य कन्धा, झुका हुआ कन्धा, ऊंचा कन्धा, सामान्य तथा असामान्य व्यक्तियों की नापें, तोंदिल, कूबड़ शरीर वाले व्यक्ति आदि। 20 अंक

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(सिलाई के सिद्धान्त)
(भाग दो)

(1) विभिन्न प्रकार के वस्त्रों को काटते एवं सिलते समय सावधानियां(काटन, मखमल, नायलान, ऊनी वस्त्र)। 20 अकं

(2) आयु मौसम, विशेष अवसरों एवं सामान्य अवसरों पर पहनने वाले वस्त्रों से चुनाव का ज्ञान। 20 अंक

(3) सिलाई क्रिया में प्रयोग आने वाले शब्दों का ज्ञान। 20 अंक

ट्रिमिंग, गिदरी हाला, डाई, गिरह, टेप, प्लीट, ताबीज, कुटका, ले, स्केल्टन, वेस्टिंग, चों ट्रायल आदि।

पंचम प्रश्न–पत्र
(परिधान रचना एवं सज्जा)

(1) विभिन्न प्रकार की आस्तीनें, जेबों में नमूनों का ज्ञान तथा बटन, हुक, इलास्टिक तथा ग्रिप लगाने का ज्ञान। 26 अंक

(2) विभिन्न डाट्र्स, प्लेट्स, चुन्नटें और सिलाइयों का ज्ञान। 24 अंक

(3) परिधान रचना में फिटिंग, फिनिशिंग, प्रेसिंग एवं फोल्डिंग का महत्व तथा उपरोक्त क्रियाओं का ज्ञान। 10 अंक

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम
प्रयोगात्मक क्रिया–कलाप
(क)

(1) एप्रेन, बेबी तकिया, बेबी चादर, बेबी ब्लैंकेट एवं बिछाने की गद्दी।

(2) कैरिंग बैग, बेबी बाटल कवर।

नोट––उपरोक्त वस्त्रों को काट कर सिलना एवं सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

(ख)

शिशुओं के प्रयोग में आने वाले वस्त्र––

(1) झबला, शमीज।
(2) बेबी फ्राक।
(3) टोपी, मोजा (बुटीज)।

नोट––उपरोक्त वस्तुओं के रेखाचित्र बनाना, काटकर सिलना एवं सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

(ग)

बालक एवं बालिकाओं के वस्त्र––

(1) स्कर्ट टाप।
(2) सलवार, कुर्ता।
(3) चूड़ीदार पैजामा।
(4) बंगला कुर्ता (बालक एवं बालिकाओं हेतु)।

नोट––उपरोक्त वस्त्रों का रेखाचित्र बनाना, वस्त्र काटना, सिलना एवं सज्जा करना।

(घ)

महिलाओं के वस्त्र––

(1) ब्लाउज
(2) पेटीकोट
(3) नाइटी

नोट––उपरोक्त परिधानों का रेखाचित्र बनाना, काटना एवं सिलाई के साथ सिले वस्त्रों की सज्जा करना।

टिप्पणी––प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

प्रयोगात्मक परीक्षा का स्वरूप

(क) प्रयोगात्मक परीक्षा––

(1) वाह्य परीक्षा :

परीक्षार्थियों को चार प्रयोग दिये जायं :

प्रयोग नं0 1 (बड़ा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 2 (बड़ा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 3 (छोटा प्रयोग)।
प्रयोग नं0 4 (छोटा प्रयोग)।

(2) सतत् आन्तरिक मूल्यांकन––

(क) सत्रीय कार्य (सिले परिधान एवं रिकार्ड्स)।
(ख) कार्यस्थल पर प्रशिक्षण।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	परिधान रचना एवं सज्जा	श्रीमती इन्द्रजीत कौर विन्द्रा	स्वास्तिक प्रकाशन एवं पुस्तक विक्रेता, अस्पताल मार्ग, आगरा	30.00
2	परिधान रचना एवं सज्जा	श्रीमती इन्द्रजीत कौर विन्द्रा	भारत प्रकाशन मन्दिर, मेरठ	18.00
3	प्रौद्योगिक गृह विज्ञान	डा0 प्रमिला वर्मा एवं डा0 कान्ति पाण्डेय	हिन्दी प्रचारक संस्थान, चौक, वाराणसी	70.00
4	स्पीडली होम ऐण्ड कामर्शियल टेलरिंग कोर्स	––	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	40.00
5	कटिंग ऐण्ड टेलरिंग पार्ट (1)	––	तदेव	30.25

(4) ट्रेड–धुलाई तथा रंगाई

कक्षा–12

उद्देश्य––

(1) धुलाई एवं रंगाई को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास एवं अवस्था उत्पन्न करके स्वयं अर्जन करने की क्षमता उत्पन्न करना।

(2) विभिन्न प्रकार के तन्तुओं की विशेषतायें, बनावट, बुनाई की जानकारी देते हुये वस्त्रों की धुलाई एवं रंगाई तथा सुरक्षा का पर्याप्त ज्ञान देना।

(3) धुलाई एवं रंगाई से आधुनिक उपकरणों के प्रयोग द्वारा समय, श्रम एवं धन की बचत का ज्ञान देना।

(4) विभिन्न आयु, वर्ग एवं आयु के आधार पर वस्त्रों तथा रंगों के चयन का ज्ञान देना।

(5) बाजार से सम्पर्क स्थापित करने का कौशल एवं आधुनिकीकरण का ज्ञान कराकर निर्मित वस्तुओं का उचित वितरण करने का ज्ञान देना।

रोजगार के अवसर––

(1) ड्राई क्लीनर्स केन्द्र स्थापित किये जा सकते हैं।

(2) धुलाई तथा रंगाई प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किये जा सकते हैं।

(3) रंगसाज स्वतः रोजगार कर सकता है।

(4) किसी कारखाने/प्रतिष्ठान अथवा दुकान में काम कर सकता है।

(5) धुलाई तथा रंगाई हेतु आवश्यक यन्त्रों, छपाई, उपकरणों, विभिन्न प्रकार के रंगों एवं सामग्रियों की आपूर्ति करने का स्व–रोजगार चला सकता है।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

(1) व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ–– **20**

विकासशील भारत की आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व। व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज व देश को लाभ।

समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी से निर्णय लेने और स्त्रियों की शिक्षा और आर्थिक स्वतन्त्रता के अवसर।

रोजगार ढूंढ़ने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असन्तुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान।

मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिये मौलिक और भावात्मक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना।

(2) स्वास्थ्यवर्धक भोजन की जानकारी–– **20**

भोजन के विभिन्न तत्व, उनकी आवश्यकता, प्राप्ति के स्रोत और कमी से होने वाले रोग।

जीवन के विभिन्न अवस्था में भोजन की आवश्यकता, प्रकार एवं मात्रा––शिशु, बालक, स्त्री, पुरुष, वृद्धावस्था, गर्भावस्था, धात्री मां, रोगी, श्रमिक, किसान आदि।

(3) आत्म निर्भर बनाकर व्यवसाय द्वारा किये जाने वाले स्वरोजगार या विभिन्न कार्य क्षेत्रों में सवैतनिक रोजगार के अवसरों का ज्ञान–– **20**

अपने क्षेत्र में प्राप्त कच्ची वस्तुओं और उनसे निर्मित पदार्थों, जिनका अन्य स्थानों में मूल्य आदि का ज्ञान।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(वस्त्र निर्माण एवं तन्तु)

(1) विभिन्न धागों का ज्ञान––सूती, रेशमी, ऊनी, कृत्रिम। 12

(2) विभिन्न कपड़ों का ज्ञान––सूती, रेशमी, ऊनी, कृत्रिम। 12

(3) विभिन्न डाई (रंग) का विभिन्न कपड़े हेतु आवश्यकता। 16

(4) वस्त्र रसायन और तन्तु विज्ञान का सामान्य ज्ञान। 10

(5) कपड़ें की फिनिशिंग करना–– 10

माइनिंग, स्ट्रेचिंग, ब्लीचिंग, चरक।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(धुलाई तकनीक)

(1) विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की साधारण धुलाई के नियम–– 10

(क) सूती––रंगीन एवं सफेद (कच्चे एवं पक्के रंग)।

(ख) रेशमी––सफेद एवं रंगीन (कच्चे एवं पक्के रंग)।

(ग) ऊनी––सफेद एवं रंगीन (कच्चे एवं पक्के रंग)।

(घ) कृत्रिम––सफेद एवं रंगीन (कच्चे एवं पक्के रंग)।

(2) सूखी धुलाई तकनीक, उपकरण। 08

(3) सूखी धुलाई में काम आने वाले पम्प एवं मशीन। 06

(4) सूखी धुलाई द्वारा वस्त्रों को तैयार करना। 10

(5) विभिन्न प्रकार के क्लफ–– 06

आरारोट, साबूदाना, मैदा, चावल, आलू, गोंद, चरक।

(6) नील तैयार करना एवं लगाना तथा इस्त्री करना। 08

(7) विभिन्न प्रकार के धब्बे मिटाना–– 06

चाय, काफी, चाकलेट, घास, हल्दी, जैक, रक्त, मशीन का तेल, कालिख, स्याही, पेन्ट, पान, अण्डा।

(8) जर्बिल वाटर, आक्जेलिक एसिड, चोकर का पानी, सोप जैली, सर्फ तथा साबुन बनाना। 06

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(रंगाई तकनीक)

(1) विभिन्न प्रकार के रंग का अध्ययन एवं रंगों का कपड़ों पर प्रभाव और रंगों का स्थायित्व। 20

(क) न्यू डल डाइस (रंग)।

(ख) एसिड डाइस (रंग)।

(ग) प्रारम्भिक और डायरेक्ट (रंग)।

(घ) बाट डाइस (रंग)।

(ङ) रिपेटिव डाइस (रंग)।

(च) नेप्थान डाइस (रंग)।

(छ) माडेन्ड डाइस (रंग)।

(ज) मिनिरल डाइस (रंग)।

(2) सूती कपड़े के रंग और रंगने की विभिन्न तकनीक। 08

(3) रेशमी कपड़े का रंग और रंगने की तकनीक। 08

(4) ऊनी कपड़े के रंग और रंगने की तकनीक। 08

(5) सिन्थैटिक कपड़े के रंग और रंगने की तकनीक। 08

(6) रंगाई के बाद कपड़े की फिनिशिंग। 08

पंचम प्रश्न–पत्र

(धुलाई–रंगाई का प्रबन्ध)

(1) उद्योग और समाज। 12

(2) रंगाई–धुलाई इकाई की रूप–रेखा बनाने का ज्ञान। 12

(3) रंगाई–धुलाई इकाई में शेड कार्ड का स्थान। 12

(4) रंगाई–धुलाई द्वारा छोटे रोजगार। 12

(5) रंगाई–धुलाई इकाई को सफल बनाने हेतु मुख्य आवश्यक सुझाव। 12

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रयोगात्मक क्रिया–कलाप

(क)

(1) उपर्युक्त तन्तु और धागे के संग्रह का कलात्मक शैली में फाइल बनाना।

(2) विभिन्न प्रकार के वस्त्र एवं शेड कार्ड को संग्रहीत करके प्रोजेक्ट कार्य करना।

(ख)

(1) नील लगाना, कलफ लगाना, साबुन बनाना, सोप–जैली, आक्जेलिक एसिड, जैविल वाटर तैयार करना।

(2) विभिन्न प्रकार के रफू और मरम्मत करना।

(3) कच्चे रंग और पक्के रंग को धोने की तकनीक।

(4) सूखी धुलाई––

बनारसी व जरी वाले कपड़े, रेशमी और कढ़े एवं बने हुये कपड़े, ऊनी कोट, कम्बल, दरी, कालीन, शाल, स्वेटर।

(5) दाग छुड़ाना एवं चरक चढ़ाना एवं तह लगाना।

(6) दाग––चाय, काफी, हल्दी, जंक, रक्त, मशीन का तेल, कालिख/स्याही, पेन्ट, अण्डा, पान, इत्यादि।

(ग)

(1) विभिन्न कपड़ों को रंगना––

(क) सूती––

मारकीन, वायल, (मलमल), केम्ब्रिक, खादी, वाशिंग शीट, पापलीन, रूबिया।

(ख) रेशमी––

रेशमी धागे, साटन, शुद्ध रेशम के कपड़े।

(ग) ऊनी––

शुद्ध ऊन, नायलान, कैश्मिलान।

(घ) कृत्रिम वस्त्र––

टेरीकाट, टेरी रूबिया, नायलोन, पालिएस्टर, कृत्रिम रेशम (प्रत्येक डाइस में विद्यार्थियों को स्वयं सामग्री बनानी है)।

(2) विभिन्न शेड कार्ड (कैटलाग) का निर्माण––

(क) काटन शेड कार्ड।

(ख) सिल्क शेड कार्ड।

(ग) कृत्रिम शेड कार्ड।

(प्रत्येक शेड कार्ड में हल्के रंगों के दस टोन्स और गहरे रंग के दस टोन्स तैयार करें।)

(घ)

(1) रंगाई–धुलाई की विभिन्न इकाइयों में भ्रमण करना एवं उस पर प्रोजेक्ट कार्य दिखाना।

(2) क्राफ्ट शिल्प द्वारा रंगाई–धुलाई इकाई का प्रदर्शन।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूप–रेखा––

1––वाह्य परीक्षण––

परीक्षार्थियों को चार प्रयोग दिये जायेंगे––

(1) धुलाई (बड़ा प्रयोग),

(2) रंगाई (बड़ा प्रयोग),

(3) वस्त्र निर्माण एवं तन्तु,

(4) रंगाई–धुलाई इकाई का प्रबन्ध,

(5) मौखिक।

2––सतत् आन्तरिक मूल्यांकन––

(क) सत्रीय कार्य,

(ख) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण।

नोट––(1) प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(2) प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु 10 घण्टे का समय निर्धारित है।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम तथा पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान	प्रमिला वर्मा	प्रकाशक–बिहार हिन्दी ग्रंथी अकादमी, पटना, वितरक विश्वविद्यालय, प्रकाशन	55.00
2	वस्त्र विज्ञान एवं धुलाई कार्य	श्री आनन्द शर्मा	रिसर्च पब्लिकेशन्स, जयपुर––2, वितरक––विश्वविद्यालय, प्रकाशन	40.00
3	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान	नीरजा यादव	साहित्य प्रकाशन, आगरा, वितरक––विश्वविद्यालय, प्रकाशन	25.00
4	वस्त्र विज्ञान की रूपरेखा	श्रीमती लोकेश्वरी शर्मा	स्वास्तिक प्रकाशन, अस्पताल मार्ग, आगरा––3	15.00
5	वस्त्र धुलाई विज्ञान	श्रीमती लोकेश्वरी शर्मा	यूनिवर्सल बुक सेलर, हजरतगंज, लखनऊ	33.00

(5) ट्रेड––बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी
कक्षा–12

उद्देश्य––

(1) बोध कराना कि सामान्यतः नाश्ते में प्रयोग किये जाने वाले बिस्किट तथा केक आदि सरलता से कुटीर उद्योग स्थापित कर घर पर ही बनाये जा सकते हैं।

(2) कम पूंजी में बेकिंग, कन्फेक्शनरी उद्योग स्थापित करने के कौशल का विकास करना।

(3) बिस्किट, केक, पेस्ट्री, पावरोटी आदि बनाने का कौशल विकसित करना।

(4) जानकारी देना कि बेकिंग कन्फेक्शनरी उद्योग ऐसे उत्तम खाद्य पदार्थ का निर्माण करता है जो सामन्य परिस्थितियों में ब्रेकफास्ट के रूप में प्रयुक्त होता ही है, प्राकृतिक आपदाओं के समय तैयार लंच पैकेट्स के रूप में भी उपलब्ध कराया जाता है।

(5) जानकारी देना कि उचित ढंग से तैयार किया गया बिस्किट यदि सही ढंग से पैकिंग कर सीलनयुक्त स्थान पर सुरक्षित किया जाय तो वह पर्याप्त समय तक खाने योग्य रह सकता है।

रोजगार के अवसर––

(1) बेकिंग कन्फेक्शनरी उद्योग में नौकरी मिल सकती है।

(2) बेकिंग कन्फेक्शनरी उद्योग का कुटीर उद्योग स्थापित कर स्वरोजगार किया जा सकता है।

(3) बेकिंग कन्फेक्शनरी हेतु कच्चे माल के क्रय–विक्रय का धन्धा चलाया जा सकता है।

(4) बिस्कुट, केक, पेस्ट्री, पावरोटी आदि का होलसेल रिटेल सेल का व्यवसाय चलाया जा सकता है।

(5) बेकिंग कन्फेक्शनरी उद्योग का प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जा सकता है।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र (गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

(1) व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ–– 20

विकासशील भारत की आवश्यकतायें, आकांक्षायें और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व।

व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज एवं देश को लाभ।

समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी के निर्णय लेने और स्त्रियों की शिक्षा और आर्थिक स्वतन्त्रता के अवसर। रोजगार ढूढ़ने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असन्तुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान। मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिए मौलिक और भावनात्मक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना।

(2) स्वास्थ्य वर्धक भोजन की जानकारी–– 20

भोजन से विभिन्न तत्व, उनकी आवश्यकता, प्राप्ति के स्रोत और कमी से होने वाले रोग।

जीवन के विभिन्न अवस्था में भोजन की आवश्यकता, प्रकार एवं मात्रा, शिशु, बालक, स्त्री, पुरुष, वृद्धावस्था, गर्भावस्था, धात्री माँ, रोगी, श्रमिक, किसान आदि।

(3) आत्मनिर्भर बनाकर व्यवसाय द्वारा किये जाने वाले स्वरोजगार या विभिन्न कार्य क्षेत्रों में सार्वजनिक रोजगारों के अवसरों का ज्ञान। अपने क्षेत्र में प्राप्त कच्ची वस्तुओं और उनसे निर्मित पदार्थों जिसका अन्य स्थानों में अधिक मूल्य आदि का ज्ञान। 20

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(प्रारम्भिक बेकिंग)

(1) खाद्यान्न––गेहूँ की सरंचना––गेहूँ उत्पादक मुख्य देश––गेहूँ के विशिष्ट गुण। 12

(2) पीसना (मिलिंग)––पीसने की विविध प्रक्रिया का विस्तृत विवरण––रोलर मिक्स व स्टोन मिल्स की क्रियात्मक विशेषतायें। 12

(3) ब्रेड बनाने की विविध विधियां–– 12

[1] स्टेट डो विधि,
[2] डिलेड साल्ट विधि,
[3] नो टाइम डो विधि।
[4] स्पंज की विधि,

(4) ब्रेड बनाने की प्रक्रियायें–– 24

[1] फ्लाई फारमेन्ट,
[2] मिक्सिंग,
[3] मोल्डिंग एण्ड निडिंग,
[4] प्रथम फरमेन्टेशन,
[5] पंचिंग।
[6] डिवाइडिंग एण्ड राउडिंग,
[7] इण्टरमीडिएट प्रूफ,
[8] मोल्डिग एवं पैनिंग,
[9] प्रूफिंग,
[10] बेकिंग,
[11] कूलिंग,
[12] स्लाइसिंग,
[13] रैपिंग

तृतीय प्रश्न–पत्र
(बेकिंग विज्ञान)

(1) पदार्थों की विशिष्टता मापदण्ड–खमीरयुक्त डबलरोटी में पदार्थ की उत्तमता की वृद्धि में सहायक पदार्थ वसा, शक्कर, साल्ट, अण्डा, सोयाफ्लेर, ग्लाई मोनो स्टेरियेट (G.M.S.)का प्रयोग विभिन्न (ए0पी0पी0) मिश्रण। 10

(2) ब्रेड का बासीपन। 10

(3) ब्रेड में लगने वाली बीमारी, रोग और मोल्ड और इसके निवारण के उपाय। 10

(4) कच्चे माल का बेकरी में प्रयोग और उसका भण्डारण। 10

(5) बेकरी ले आउट। 10

(6) बेकरी एकाउण्ट्स जनरल। 10

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(पोषण विज्ञान)

(1) विटामिन––(जल में घुलनशील)–– 16
विटामिन की महत्ता, वर्गीकरण, उपयोगिता, स्रोत, दैनिक आवश्यकता।
विटामिन वसा में घुलनशील।

(2) जल––जल का संगठन, जल का वर्गीकरण, जल का कार्य, शरीर में जल का संतुलन, दैनिक आवश्यकता। 14

(3) खनिज लवण––मानव शरीर की रचना में खनिज लवण के कार्य, खनिज लवण की प्राप्ति के साधन, दैनिक आवश्यकता। 16

(4) व्यक्तिगत स्वच्छता–बीमारियां। उनके लक्षण तथा स्वास्थ्यवर्धक भोजन। 14

पंचम प्रश्न–पत्र
(फ्लोर कन्फेक्शनरी विज्ञान)

(1) कन्फैक्शनरी चीनी का प्रयोग। 8

(2) वसा एवं तेल (फैट एवं आयल)। 8

(3) पेस्ट्री बनाने के भिन्न–भिन्न प्रकार। 8

(4) रेस्पो बैलेन्स। 8

(5) चिकनाई (शार्टनिंग) का प्रयोग। 7

(6) कोको एवं चाकलेट। 7

(7) केक के चारित्रिक गुण ज्ञात करना। 7

(8) केक के दोष और उनको दूर करने की विधियां। 7

प्रयोगात्मक––पाठ्यक्रम

(क)

(1) मिल्क ब्रेड।
(2) रिजनिंग ब्रेड।
(3) लन्च रोल्स।
(4) बेसिक बन्स डी।
(5) सेवरिन डी।
(6) क्रेक फास्ट रोल।
(7) हाट क्रास बन्स।
(8) फ्रूट बन्स।

(ख)

(1) क्रिशन्ट रोल्ड
(2) मफिन्स
(3) क्रिशन्ट एवं वाटर रोल्स
(4) केसर रोल्स
(5) एच रोल्स
(6) रिफ्स्टेड रोल्स
(7) पिज्जा
(8) फ्रूट ब्रेड
(9) डेनिस पेस्टी
(10) बलका
(11) फीजन डी प्रोडक्ट

(ग)

(1) शार्टकस्ट पेस्ट्री––जैम वर्ड लेमन कस्टर्ड, अमेरिकन वालटन पाई।
(2) बिस्किट्स––चाकलेट मार्शल कुकीज, कोकोनट, कुकीज, जीरा बिस्किट काजू, बिस्किट मेल्टिंग मोमोन्टेंस।

(3) आइसिंग––बटर आइसिंग, ग्लास आइसिंग, रोयल आइसिंग, चाकलेट आइसिंग, फान्डेन्ट आइसिंग, अमेरिकन कास्टिंग मासमेली।

(घ)

(1) फैंसी केक्स––रोज बास्केट, मैनेस्वय बास्केट बट फ्लाई, दीवार घड़ी रैबिट।

(2) श्यू पेस्ट––चाकलेट, एकलेयर्स, प्रोफिट रोल शुचियड।

(3) बिस्किट कुकीज––टाइनर––बिस्किट, पाइपिंग बिस्किट, नान खटाई, पनीर बिस्किट, आलमाण्ड बिस्किट, ड्राई कलर बिस्किट, कोकोनेट मैकोन्स।

नोट––प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूप–रेखा

(1) प्रयोगात्मक परीक्षा––

परीक्षार्थी को चार प्रयोग दिये जायें––

प्रयोग––1 (बड़ा प्रयोग)––बेकरी (ईस्ट प्रोडक्ट)

प्रयोग––2 (बड़ा प्रयोग)––केक आइसिंग के साथ

प्रयोग––3 (छोटा प्रयोग)––बिस्किट बनाना

प्रयोग––4 (छोटा प्रयोग) केक बनाना

(5) मौखिक।

2––सतत् मूल्यांकन––

(क) सत्रीय कार्य,

(ख) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	टुडे कन्फेक्शनरी इण्डस्ट्रीज		युनिवर्सल बुक सेन्टर, लखनऊ	30.00
2	दी सुगम बुक आफ बेकिंग		तदेव	20.00
3	किचन गाइड		तदेव	70.00
4	बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी सिद्धान्त एवं विधियां	सुश्री अतिउत्तमा चौहान	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	

(6) ट्रेड–टेक्सटाइल डिजाइन
कक्षा–12

उद्देश्य––

(1) विद्यार्थियों को टेक्सटाइल डिजाइन से सम्बन्धित रोजगार की जानकारी देना।

(2) विद्यार्थियों को बुनने, रंगने और छापने की विधियों व तरीकों से अवगत कराना।

(3) शासकीय और अशासकीय टेक्सटाइल डिजाइन उद्योग से सम्बन्धित पदों हेतु कुशल कर्मकारों का निर्माण करना।

(4) इस उद्योग के द्वारा विद्यार्थियों को खेल–खेल में कार्य सिखाना एवं कार्य के प्रति एकाग्रता उत्पन्न करना।

(5) व्यावसायिक कोर्स पूरा करने के बाद विद्यार्थी इस योग्य हो जायें कि वह स्वतः रोजगार स्थापित कर सकें।

(6) विद्यार्थियों का विषय क्षेत्र में इस योग्य बनाना कि उसमें अपने ज्ञान, कौशल, अनुभव के आधार पर किसी विषय या विभिन्न रोजगारों को स्वतः संचालित करने की क्षमता का विकास हो सके।

रोजगार के अवसर––

(1) टेक्सटाइल डिजाइन की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् छात्र कताई–बुनाई, रंगाई व छपाई से सम्बन्धित लघु उद्योग धन्धें भी स्थापित कर सकता है।

(2) स्वतः उत्पादित वस्तुओं की पूर्ति कर सकता है।

(3) इस लघु उद्योग के द्वारा बेरोजगार लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकता है।

(4) व्यावसायिक शिक्षा हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों को उपलब्धि हो सकती है।

(5) उपभोक्ता की रुचि के अनुसार नये डिजाइन तैयार कर सकता है।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम
प्रथम प्रश्न–पत्र
(गृह विज्ञान का सामान्य ज्ञान)

(1) व्यावसायिक शिक्षा की आवश्यकता एवं लाभ–– 20

––विकासशील भारत की आवश्यकतायें, आकांक्षायें और अपेक्षाओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा का स्थान। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार व्यावसायिक शिक्षा का महत्व।

––व्यावसायिक शिक्षा से छात्र, समाज एवं देश को लाभ।

––समाज के गुणात्मक सुधार को सुनिश्चित करने हेतु पुरुष और स्त्री दोनों समान भागीदारी के निर्णय लेने और स्त्रियों की शिक्षा और आर्थिक स्वतन्त्रता के अवसर। रोजगार ढूंढने वाले और रोजगार के अवसरों के बीच असन्तुलन उत्पन्न करती जनसंख्या वृद्धि का ज्ञान।

––मानव मूल्य के साथ–साथ परिवार की खुशी और समाज कल्याण हेतु भविष्य के लिए मौलिक और भावात्मक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाना।

(2) स्वास्थ्य वर्धक भोजन की जानकारी–– 20

––भोजन के विभिन्न तत्व, उनकी आवश्यकता, प्राप्ति के स्रोत और कमी से होने वाले रोग।

––जीवन के विभिन्न अवस्था में भोजन की आवश्यकता, प्रकार एवं मात्रा, शिशु, बालक, स्त्री, पुरुष, वृद्धावस्था, गर्भावस्था, धात्री माँ, रोगी, श्रमिक, किसान आदि।

(3) आत्मनिर्भर बनाकर व्यवसाय द्वारा किये जाने वाले स्वरोजगार या विभिन्न कार्य क्षेत्रों में सार्वजनिक रोजगारों के अवसरों का ज्ञान। 20

अपने क्षेत्र में प्राप्त कच्ची वस्तुओं और उनसे निर्मित पदार्थों जिसका अन्य स्थानों में अधिक मूल्य का ज्ञान।

(द्वितीय प्रश्न–पत्र)
(टेक्सटाइल डिजाइन)
(प्रारम्भिक डिजाइन)

(1) विभिन्न प्रकार के डिजाइनों का विश्लेषण। 10

(2) परिप्रेक्ष्य के सिद्धान्त एवं वर्गीकरण। 10

(3) प्रारम्भिक टेक्सटाइल डिजाइन––उत्पत्ति एवं विभिन्न प्रकार की छपाई एवं बुनाई। 10

(4) विभिन्न प्रान्तीय डिजाइनों का अध्ययन––कढ़ाई, छपाई एवं बुनाई। 20

(5) विभिन्न प्रकार के प्लेसमेन्ट और उनका प्रयोग। 10

तृतीय प्रश्न–पत्र
(वस्त्रों के रेशे व कपड़ा निर्माण)

(1) विभिन्न प्रकार की प्रिटिंग की विधि : 10

साधारण प्रिटिंग,

डिस्चार्ज प्रिटिंग (आक्सीकरण व रेडक्शन द्वारा),

रोलर, प्रिटिंग (चूनी और मल्टी रोलर) विधि––लाभ–हानि, स्क्रीन प्रिटिंग विधि एनामल (फोटो ग्राफिक), विभिन्न प्रकार के ब्लाक एवं सामग्री।

(2) डाई का वर्गीकरण––डायरेक्ट, बेसिक सल्फर, वैट, डाईज ऐक्टर, डिस्पर्स, नेपथाल/क्रीम डेक्लब्ध डायरेक्ट डाईरिपमेन्ट। 10

(3) विभिन्न डाई की विभिन्न कपड़ों हेतु उपयोगिता। 10

(4) थिकनिंग एजेन्ट्स के बारे में सामान्य ज्ञान। 10

(5) टेक्सटाइल रसायन और फाइबर सांइस का प्रारम्भिक ज्ञान। 10

(6) रंग फेड (फीका) होने के कारण। 10

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(टेक्सटाइल क्राफ्ट)

(1) बुनाई का उपकरण। 10

(2) विभिन्न राज्यों की कढ़ाई का अध्ययन। 10

(3) छपाई का इतिहास एवं उत्पत्ति––बांधनी, ब्लाक वाटिक, स्क्रीन, हैण्ड पेन्टिंग, छपाई का महत्व, छपाई की विधियों के गुण व दोष। 15

(4) बुनाई––विभिन्न प्रकार के धागों का विस्तार से वर्णन। सब्जियों द्वारा, पशु द्वारा, खनिज द्वारा कृत्रिम विभिन्न धागों की जांच करना। 15

धागे––धागे सिंगिल, यार्न, प्लाई, फैन्सी यार्न।

टेबुल लूम और पेडल लूम की विशेषतायें।

विभिन्न प्रारम्भिक बुनाई ग्राफ पेपर पर बनायें।

(5) कपड़ा निर्माण का विस्तृत वर्णन। 10

पंचम प्रश्न–पत्र
(वस्त्र निर्माण इकाई का प्रबन्ध––नौकरी प्रशिक्षण)

(1) छात्रों का रोजगार के स्थान पर प्रशिक्षण। 15

(2) वस्त्र निर्माण इकाई का बजट निर्माण। 15

(3) वस्त्र निर्माण इकाई की योजना बनाना। 15

(4) विभिन्न प्रकार की इकाई का प्रभाव एवं रिपोर्ट। 15

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम
(प्रयोगात्मक क्रिया–कलाप)
(क)

(1) काटन, सिल्क, ऊन की उपयुक्त डाई से रंगाई, वस्त्रों का चयन, सूती, दुपट्टा सिल्क स्कार्फ, ऊनी स्वेटर या कोट।

(2) सेम्पल फाइल।

(3) रोलर प्रिन्टिंग करने वाली फैक्ट्री में शैक्षिक भ्रमण।

(ख)

(1) डिजाइनों का निर्माण (छपाई)––

(क) लंचेन सेट, (ख) टावेल सेट, (ग) एप्रन, (घ) सोफे और पर्दे (पेपर वर्क)।

विषयः फूल–पत्तियां, ज्योमितीय फल और सब्जी, अमूर्त।

टेक्सचर––पशु–पक्षी, पतंग और गुब्बारे, खिलौने, अक्षर का संयोजन, हाथ की लिखाई, संगीत के उपकरण, नाव और जहाज, धारियां और चेक, समुद्री वृक्ष, शेल और मछलियां।

विधि––स्टेन्सिल, स्प्रे, डबिंग, हैण्ड प्रिन्टिंग, ब्लाक प्रिन्टिंग, स्क्रीन प्रिन्टिंग।

(2) बुनाई––उपर्युक्त डिजाइन का निर्माण बुनाई के लिये करें।

(ग)

(1) करघे का प्रयोग।

(2) प्रारम्भिक बुनाई को ब्लेज कागज पर बनायें––प्लेन, ट्वील, साटन।

(3) तीन प्रारम्भिक बुनाई द्वारा कपड़े का नमूना तैयार करना।

(4) (अ) कपड़े की छपाई (प्रत्येक की पांच रफ डिजाइन)।
विषय––पुष्प (पर्दे के लिये),
विधि––स्क्रीन प्रिन्टिंग,
कपड़ा––काटन–साटन,
रंग––दो या तीन,
स्थान––आल ओवर।
(ब) विषय––सेण्टर लाइन (टेबुल क्लाथ),
रंग कपड़ा––केसमेन्ट,
रंग––दो (आउट लाइन सहित),
विधि––ब्लाक प्रिन्टिंग।
(स) विषय––ज्यामिति डिजाइन परिधान के लिये
कपड़ा––सूती (फाइन खादी),
रंग––एक रंगीय,
प्लेसमेन्ट––हाफ ड्राप,
विधि––पेपर कट स्क्रीन।
(द) विभिन्न राज्यों की कढ़ाई।

(घ)

(1) टेक्सटाइल इण्डस्ट्री छोटी–बड़ी बुनाई, ड्राइंग, प्रिन्टिंग, स्पिनिंग, उद्योग स्थानों का भ्रमण।
(2) इण्डस्ट्रीज की प्रोजेक्ट रिपोर्ट (प्रत्येक छात्र को बनाना है)।
(3) वर्क पोर्ट फोलियो को बनाना और दिखाना, बुनाइ एवं करघे के लिये।
नोट––(1) प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।
(2) प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु 10 घंटे का समय निर्धारित है।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूप–रेखा

(1) वाह्य परीक्षा––
परीक्षार्थियों को चार प्रयोग दिये जायेगें––
(क) प्रारम्भिक डिजाइन (बड़ा प्रयोग)।
(ख) टेक्सटाइल क्राफ्ट (बड़ा प्रयोग)।
(ग) वस्त्रों के रेशे व कपड़ों का निर्माण।
(घ) वस्त्र निर्माण, इकाई का प्रबन्ध (छोटा प्रयोग)।

2––सतत् आन्तरिक मूल्यांकन––
(क) सत्रीय कार्य,
(ख) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	वस्त्र विज्ञान के मूल सिद्धान्त	जे0 पी0 शेरी	विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा	20.00
2	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान (तृतीय संस्करण)	प्रो0 प्रमिला वर्मा	युनिवर्सल बुक डिपो, लखनऊ	20.00
3	हाउस होल्ड टैक्सटाइल	दुर्गादत्त	बुक कम्पनी, नई दिल्ली	75.00
4	भारतीय कसीदाकारी	श्रीमती शिन्दे एवं कु0 पंडित	प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द वल्लभ पंत, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, नैनीताल	27.00
5	Textile care and design Examlar Instructional material for Classes XI and XII.	N.C.E.R.T. New Delhi	N.C.E.R.T	4-85

(7) ट्रेड––बुनाई तकनीक
कक्षा–12

उद्देश्य––

(1) विद्यार्थियों को बुनाई तकनीक से सम्बन्धित रोजगार की जानकारी देना।
(2) शासकीय और अशासकीय बुनाई उद्योग से सम्बन्धित पदों हेतु कुशल कर्मचारी का निर्माण करना।
(3) इस उद्योग के द्वारा विद्यार्थियों को खेल–खेल (Play way) में कार्य सिखाना एवं कार्य के प्रति एकाग्रता उत्पन्न करना।
(4) बुनाई तकनीक की शिक्षा, विकलांग एवं आंखों के न रहने वाले विद्यार्थी भी प्राप्त कर सकेंगे।
(5) इस उद्योग से बेरोजगारी (Unemployment) की समस्या भी हल होगी।
(6) एक अच्छा नागरिक बन जायेगें।

रोजगार के अवसर––

(1) इस उद्योग की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात् विद्यार्थी नौकरी की तलाश में नहीं भटकेगा।
(2) थोड़ी पूंजी से अपना कार्य प्रारम्भ कर सकता है।
(3) अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं की खपत बाजार में कर सकेगा।
(4) अपने साथ अपने परिवार के अन्य सदस्यों को भी कार्य में लगाकर पूरे परिवार का जीविकोपार्जन कर सकेगा।
(5) सरकार इस उद्योग को चलाने हेतु अनुदान भी प्रदान करती है।
(6) इस उद्योग की शिक्षा के बाद विद्यार्थी किसी कपड़ा मिल या छोटे कारखाने में रोजगार प्राप्त कर सकेगा।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60		20	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
बुनाई सिद्धान्त

1––सूत पर माड़ी देना, विभिन्न प्रकार के माड़ी पदार्थ, लच्छी पर माड़ी लगाना तथा ताने पर माड़ी लगाना। 12
2––विभिन्न प्रकार के ऊन, वानस्पतिक प्राणिज, खनिज तन्तु आदि। 12
3––रेशम के उत्पादन, सिल्क रीडिंग। 12
4––खनिज, तन्तु, ऐस्वेस्टस, सोने–चाँदी, के तार आदि। 12
5––वस्त्र उद्योग में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के करघे। 12

द्वितीय प्रश्न–पत्र
बुनाई मैकेनिज्म

1––ताने को करघे पर चढ़ाना, पावड़ी, बधाव हील्ड को बांधना। 12
2––बाने की बाबिन भरना, उसे ढरकी में लगाकर कपड़ा बुनना। 12
3––शुद्ध किनारा, वस्त्र का अच्छा पोत, अच्छा दम बनाना, रोलर और बफर का कार्य। कपड़े की अशुद्धियां कारण एवं निवारण। 12
4––कपड़ा तैयार होने के पश्चात् उसे साफ करना और कुंदी करके बाजार में उपयुक्त करना। 12
5––करघे का मुख्य एवं गौड़ चाले। 12

तृतीय प्रश्न–पत्र
बुनाई आलेखन (Textile Design)

1––ग्राफ की उपयोगिता, ग्राफ पर आलेख, भराव और पावड़ी बधॉव दिखाना।	15
2––विभिन्न प्रकार के कपड़ों की तुलनात्मक विवेचना।	15
3––तौलिया का आलेखन, हनी कुम्ब, हल्का बैंक।	15
4––अतिरिक्त ताने की सहायता से अक्षर लिखना।	15

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(बुनाई–गणित)

1––वय और कंधी का अंक निकालना।	40
2––किसी कपड़े में ताने/बाने के सूतों का भार ज्ञात करना।	20

पंचम प्रश्न–पत्र
(सम्बन्धित कला)

(1) रंग––विभिन्न प्रकार के रंगों की पहचान करना।	10
(2) रंगों की संगति––एक रंग, समान रंग, विरोधी रंग, मन्यभूत रंग, उन्नत रंग, संगतियां	10
(3) टोन, टिन्ट, शेड आदि की विवेचना।	05
(4) आस्टवाल्ड रंग, वृत्त, प्रकाश एवं पदार्थ रंग।	15
(5) करघे के भाग एवं आलेखन की चित्र बनना।	20

प्रयोगात्मक कार्य

(1) ताने की बीम तैयार होने के पश्चात् बुनाई के लिये उसे करघे पर चढ़ाना, निर्धारित डिजाइनों को बुनना।
(2) पुली जक का प्रयोग, पावड़ी बधाव।
(3) बुनाई की प्रारम्भिक क्रियायें, दम बनाना, वाना फेकना, ठोकना।
(4) करघे के भाग और उनके कार्य जैसे पावड़ी, पैासार, लीज रीड आदि। शटल का बाहर भागना, कपड़े में मुख्य दोष व उनका निराकरण।
(5) विद्यार्थियों के किये गये प्रयोगात्मक कार्य का लेखा तैयार करना चाहिये जो प्रदर्शक द्वारा हस्ताक्षरित हो तथा बुनाई अध्यापक द्वारा भी हस्ताक्षरित हो जिसे प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष रखा जायें।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूप–रेखा

प्रत्येक छात्र, की वार्षिक परीक्षा हेतु प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष कम से कम तीन नमूने वाले बुने हुये रेशे पर बुनाई की विशेषताओं से युक्त चित्र संग्रही प्रधानाचार्य, बुनाई अध्यापक तथा प्रदर्शक के द्वारा हस्ताक्षरित और प्रमाणित होना चाहिये। वह कार्य बिना किसी सहायता के व्यक्ति विशेष द्वारा सम्पादित किया गया है।

जो मशीनें आधुनिक कारखाने में उपलब्ध हैं तथा पाठ्यक्रम में निर्धारित हैं उनके सम्बन्ध में विद्यार्थी के ज्ञान क्षेत्र को बढ़ाने के लिये उन्हें स्वयं पर्यटन द्वारा देखने का अवसर प्रदान करना चाहिये।

1––वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा के अंकों का विभाजन–– 200 अंक
- (1) तैयारी कार्य,
- (2) बुनाई,
- (3) मेकेनिज्म,
- (4) मौखिक।

2––आन्तरिक मूल्यांकन–– 200 अंक
- (1) सत्रीय कार्य
- (2) कार्य स्थल पर प्रशिक्षण।

नोट––प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान	डा0 प्रमिला वर्मा	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	55.00
2	वस्त्र विज्ञान एवं परिधान	डा0 प्रमिला वर्मा	युनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	55.00

3	बुनाई पुस्तक	श्री श्याम नारायण श्रीवास्तव	नवीन पुस्तक भण्डार, दारागंज, इलाहाबाद	08.00
4	हाउस होल्ड टैक्सटाइल	श्री दुर्गा दत्त	बुक कम्पनी, नई दिल्ली	75.00
5	भारतीय कशीदाकारी	श्रीमती सिन्द्रे एवं कु0 पंडित	प्रकाशन निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर, नैनीताल	02.00

(8) ट्रेड––नर्सरी शिक्षण का प्रशिक्षण एवं शिशु प्रबन्ध
कक्षा–12

उद्देश्य––

शिशु देश की सम्पत्ति हैं। प्रारम्भ से ही उनका उचित देख–भाल करना राष्ट्रीय कर्तव्य है। शिशु शिक्षा पर विशेष ध्यान देकर उसके प्रसार से इस लक्ष्य की पूर्ति सम्भव है। प्राथमिक शिक्षा हेतु सार्वजनीकरण के लिये भी शिशु शिक्षा आवश्यक है। शिक्षा के व्यावसायीकरण की दृष्टि सें भी इण्टरमीडिएट के पाठ्यक्रम में शिशु–शिक्षा विषय का समावेश कर हम छात्रों को स्वावलम्बी बनाने में सहायक होंगे इसके अतिरिक्त भावी माता–पिता अपनी संतान का लालन–पालन करने में इस विषय के अध्ययन में समर्थ होंगे।

इस पाठ्यक्रम का विशिष्ट उद्देश्य यह है कि छात्र/छात्रायें इस रूप में प्रशिक्षित हों कि वे शिशुशालाओं का संचालन स्वयं कर सके। पाठ्यक्रम का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि उनके शाला की गतिविधियों व कार्यक्रम के संचालन हेतु अपेक्षित ज्ञान क्षमता व सही दृष्टिकोण विकसित हो सके।

रोजगार के अवसर––

यह पाठ्यक्रम निश्चय ही छात्रों को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने व विभिन्न शिशुशालाओं में शिक्षण कार्य करने हेतु सक्षम बनायेगा। इस प्रकार यह विषय छात्रों को नौकरी के अवसर प्रदान करने तथा स्वयं शिशुशाला या बाल–बाड़ी खोलकर उसका संचालन कर स्वावलम्बी बनाने में समर्थ बनायेगा।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(शिशु शिक्षा तथा विद्यालय संगठन)
खण्ड (क)

(1) शिशुशाला में शिक्षकों व बालकों का सम्बन्ध व अनुशासन।	10
(2) शिशु समस्या व निदान।	10
(3) शिशु शिक्षण की प्रमुख पद्धतियां।	10

खण्ड (ख)

(1) शिशुशाला व समाज का पारस्परिक सहयोग।	10
(2) शिशुशाला के संघ।	10
(3) शिशुशाला के अभिलेख व प्रपत्र।	10

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(बाल मनोविज्ञान)

(1) आदत।	08

(2) सीखना। 08
(3) अवधान रुचि व रूझान। 13
(4) व्यक्तित्व। 08
(5) विसंतुलित व समस्या बालक। 09
(6) शैशव काल में खेल का महत्व, सिद्वान्त, प्रकार तथा प्रभावित करने वाले अंग। 14

तृतीय प्रश्न–पत्र
(शिशु स्वास्थ्य व शरीर विज्ञान)
खण्ड (क)

(1) स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले तथ्य। 14
(2) शिशुशाला में स्वच्छता की व्यवस्था व्यक्तिगत विद्यालयी व्यवस्था। 16

खण्ड (ख)

(1) शारीरिक विकृतियां––पोलियो और चपटा पैर कारण एवं लक्षण। 10
(2) शिशुओं के प्रमुख रोग––संवर्गी, सामान्य। 10
(3) प्राथमिक चिकित्सा। 10

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
मुख्य शिक्षण विधियां (भाषा, गणित)
खण्ड (क)

(1) भाषा शिक्षण की विधियां। 10
(2) शिशु साहित्य। 06
(3) भाषा दोष सुधारों के उपाय। 08
(4) शिशु पुस्तकालय। 06

खण्ड (ख)

(1) गणित शिक्षण की विधियां। 16
(2) शिशुशाला में गणित का विषय विस्तार। 14

पंचम प्रश्न–पत्र
(शिशु शिक्षा की सहायक शिक्षण विधियां)
खण्ड (क)––सामाजिक विषय

(1) शिशु का सामाजिक परिवेश––इतिहास, भूगोल। 08
(2) सामाजिक विषय शिक्षण की विधियां। 06

खण्ड (ख)––प्रकृति विज्ञान व विज्ञान

(1) शिशु का प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक परिवेश––उद्यान, बाल उद्यान विज्ञान उपकरण। 08
(2) शिक्षण विधियां। 06

खण्ड (ग)––कला एवं हस्तकला

(1) कला तथा हस्तकला के लिये उचित परिवेश, निर्माण। 08
(2) शिक्षण विधियां। 06

खण्ड (घ)
खेल व संगीत

(1) शिक्षण विधियां––खेल, संगीत। 08
(2) शिशु खेल एवं संगीत। 10

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम तथा प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

(क) कला शिक्षण।
(ख) कला, हस्तकला, सिलाई।
(ग) सहायक उपकरणों का निर्माण।
(घ) संगीत (भाव गीत, शिशु गीत) व खेल।
(ङ) शिशु––विकास का व्यक्तिगत व सामूहिक निरीक्षण लेखा––

(1) वाह्य परीक्षा . . . . 200 अंक
(2) आन्तरिक मूल्यांकन . . . . 200 अंक
(क) सत्रीय कार्य पर––
(ख) कार्य–स्थल पर परीक्षण––

नोट : प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	शिशुशाला में भाषा व गणित	वेदमणि दीक्षित	पंकज प्रकाशन, इलाहाबाद	30.00
2	बाल मनोविज्ञान बाल विज्ञान	डा0 श्रीमती प्रीति वर्मा, डा0 डी0 एन0 श्रीवास्तव	विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा	35.00
3	मातृ कला एवं शिशु कला	श्रीमती जी0 पी0 शेरी	तदेव	22.00
4	बाल मनोविज्ञान एवं बाल विज्ञान	––	यूनिवर्सल बुक सेन्टर, लखनऊ	52.50
5	स्वास्थ्य शिक्षा	––	तदेव	25.00

(9) ट्रेड––पुस्तकालय विज्ञान

कक्षा–12

1––उद्देश्य––

(1) एक ही पुस्तकालय कर्मी द्वारा चलाये जाने वाले पुस्तकालय की स्थापना करने, उसके संगठन, संचालन तथा व्यवस्था की योजना बनाने लायक दक्षता प्रदान करना।

(2) मध्यम आकार के पुस्तकालय में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के रूप में कार्य कर पाने की दक्षता प्रदान करना।

(3) किसी बड़े पुस्तकालय में पुस्तकालय सहायक के रूप में कार्य करने लायक दक्षता प्रदान करना।

(4) पुस्तकालय के विभिन्न अनुभागों में कार्य कर पाने लायक दक्षता प्रदान करना।

2––रोजगार के अवसर––

(क) वेतन भोगी रोजगार––

1––ग्रामीण पुस्तकालय कम्यूनिटी सेन्टर, प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र, अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र तथा पंचायत पुस्तकालयों में मुख्य हस्तान्तरण।

2––माध्यमिक विद्यालयों, ब्लाक, तहसील, तालुका पुस्तकालय में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष।

3––माध्यमिक विद्यालयों, ब्लाक, तहसील, तालुका पुस्तकालयों में वर्गीकरण सहायक।

4––कैटलागर।

5––पुस्तकालय सहायक।

6––लैंडिंग सहायक।

7––प्रतिछायांकन सहायक।

8––पुस्तकालय लिपिक।

9––पुस्तक प्रदाता।

10––जेनीटर।

11––पुस्तक संरक्षण सहायक।

(ख) स्वरोजगार––

1––पुस्तकालय लेखन–सामग्री निर्माता एवं पूर्तिकर्ता।

2––पुस्तकालय साज–सज्जा एवं उपकरण।

3––कीटनाशक दवाइयों के विक्रेता।

4––पुस्तकालय परामर्श सेवा।

5––शोध छात्रों के लिये वाङ्मय सूची तैयार करने का व्यवसाय।

6––प्रतिछायांकन का व्यवसाय।

7––पुस्तक विक्रय व्यवसाय।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	

(ख) प्रयोगात्मक––			
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200
वाह्य परीक्षा	200		

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र

पुस्तकालय संगठन एवं संचालन––सैद्धान्तिक

1–संचालन––विषय प्रवेश, पुस्तकालय संचालन के सामान्य सिद्धान्त, पुस्तकालय समिति, पुस्तकालय अध्ययन सामग्री, चयन एवं क्रयादेश, उपयोग के लिये सुनियोजन, वल्क व्यवस्था एवं प्रदर्शन, पुस्तकालय में निर्गम–आगम प्रणाली। 30

2––पत्र–पत्रिकायें एवं अन्य अध्ययन सामग्री, सन्दर्भ सेवा की व्यवस्था, संख्या सत्यापन, सांख्यिकी, आय–व्यय तथा आर्थिक विवरण, वार्षिक प्रतिवेदन। 30

द्वितीय प्रश्न–पत्र

संदर्भ सेवा/वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन (सैद्धान्तिक),

1–पुस्तकालय विज्ञान के पंच सूत्रों का संदर्भ सेवा, वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन में प्रयोग। 20

2–संदर्भ सेवा के प्रकार, अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन संदर्भ सेवा, सामयिक सूचना संदर्भ सेवा, संदर्भ प्रश्नों के प्रकार। 20

वाङ्मय सूचियों के विभिन्न रूप एंव प्रकार।

वाङ्मय सूची सेवा।

3–डाक्यूमेन्टेशन, इंडेक्सिंग, ऐब्सट्रैकिंग एवं रिप्रोग्रैफिक सेवायें। 20

तृतीय प्रश्न–पत्र

पुस्तकालय वर्गीकरण एवं सूचीकरण (सैद्धान्तिक)

1––पुस्तक वर्गीकरण, पद्धतियों का विकास, प्रमुख पुस्तक वर्गीकरण, पद्धतियों का संक्षिप्त परिचय तथा ड्युई दशमलव पद्धति एवं द्विबिन्दु का अध्ययन। 20

2––सूचीकरण––विषय प्रवेश, सूची का अर्थ एवं परिभाषा, आवश्यकता, महत्व एवं उद्देश्य, सूची के स्वरूप, सूची के भेद (प्रकार), सूची संलेख––अर्थ, आवश्यकता एवं महत्व, संलेख के प्रकार, विभिन्न संलेखों की प्रविष्टियां, प्रविष्टियों के सूचक स्रोत। 20

3––विषय शीर्षक संलेख, विश्लेषणात्मक संलेख, सूची संहिताओं का विकास एवं प्रमुख संहिताओं का संक्षिप्त अध्ययन, सूचीकरण के उपकरण, संलेखों का व्यवस्थापन, केन्द्रीयकृत एवं सहकारी सूचीकरण, संघ सूची। 20

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

1––(1) दशमलव वर्गीकरण प्रणाली का प्रायोगिक कार्य। 30

(2) दशमलव वर्गीकरण के अनुसार अंकों को जोड़ कर शीर्षक निर्माण।

(3) अंकानुक्रम बनाना।

2––(1) निर्धारित वर्गीकरण पद्धति द्वारा वर्गांक बनाना। 30

(2) वर्गांकों को चुन कर सही आकलन करना।

(3) तालिका एवं सारिणी द्वारा रूप रेखा तैयार करना।

पंचम प्रश्न–पत्र

इकाई–1 **30 अंक**

1–सूची पत्रक का प्रारूप तैयार करना।

2–एंग्लो अमेरिकन कैटलाग रुल्स–2 के अनुसार सूचीकरण।

3–लिस्ट आफ सब्जेक्ट हेडिंग का प्रयोग।

इकाई–2 **30 अंक**

1–लेखक का नाम मुख्य संलेख में इन्ट्री करना।

2–वर्गांकों की क्रमानुसार लिखना।

3–A.A.C.R.-2 द्वारा ट्रेसिंग ज्ञात करना।

प्रायोगिक सूचीकरण ए0ए0सी0आर0–2 संहिता के अनुसार कराया जायेगा। विषय शीर्षक के निर्माण हेतु शेयर लिस्ट आफ सब्जेक्ट ट्रेडिंग के अद्यतन संस्करण का प्रयोग किया जायेगा।

नोट–1––यह प्रश्न–पत्र भी अन्य प्रश्न–पत्रों की भांति होगा।

2––इस प्रश्न–पत्र हेतु उत्तर–पुस्तिका में एक ओर 3"×5" सूची–पत्र का प्रारूप मुद्रित होना चाहिये। प्रारूप का नमूना निम्नवत् है––

5"

3"		

यदि उपरोक्त प्रारूप को उत्तर–पुस्तिका पर मुद्रित कराना सम्भव न हो तो प्रत्येक परीक्षार्थी को वांछित संख्या से सूची–पत्रक उपलब्ध कराया जायेगा।

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	संस्करण पुनर्मुद्रण वर्ष	मूल्य
1	2	3	4	5	6
					रुपया
1	पुस्तकालय वर्गीकरण सिद्धान्त और प्रयोग	द्वारका प्रसाद शास्त्री	साहित्य भवन प्रा0लि0, इलाहाबाद (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1987	30.00
2	पुस्तक चयन और संदर्भ सेवा	″	″	1985	16.00
3	सूचीकरण के सिद्धान्त	गिरिजा कुमार, कृष्ण कुमार	वाणी एजूकेान बुक्स, दिल्ली (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1984	35.00
4	पुस्तकालय संगठन एवं प्रशासन	डा0 राम शोभित प्रसाद सिंह	बिहार ग्रन्थ अकादमी, पटना (वितरक–विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1987	40.00
5	प्रलेखीय ग्रन्थ वर्णन	एस0टी0 मूर्ति	मध्य प्रदेश हिन्दी अकादमी, भोपाल	1981	18.00
6	पुस्तकालय संगठन एवं संचालन	सुभाष चन्द्र वर्मा एवं श्याम नारायण श्रीवास्तव	राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी	1988	30.00
7	ग्रन्थालय संचालन तथा प्रशासन	श्याम सुन्दर अग्रवाल	श्रीराम मेहरा एण्ड कम्पनी, हास्पिटल रोड, आगरा	1989	70.00
8	पुस्तकालय विज्ञान कोष	प्रभु नारायण गौड़	बिहार राष्ट्र भाषा परिषद्	1961	13.50
9	विद्यालय पुस्तकालय	प्रभु नारायण गौड़	बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पटना	1977	09.50
10	पुस्तकालय विज्ञान परिचय	द्वारका प्रसाद शास्त्री	साहित्य भवन प्रा0लि0, इलाहाबाद (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1988	30.00
11	पुस्तक चयन एवं रचना	चन्द्र कान्त शर्मा	″	1975	25.00
12	वाङ्मय सूची और प्रलेखन	द्वारका प्रसाद शास्त्री	″	1983	25.00
13	पुस्तकालय वर्गीकरण सिद्धान्त एवं प्रयोग	भास्करनाथ तिवारी	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	1983	30.00
14	पुस्तक वर्गीकरण	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	30.00
15	पुस्तक सूचीकरण सिद्धान्त	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	25.00

16	संदर्भ सेवा	भास्करनाथ तिवारी	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	1983	15.00
17	पुस्तकालय परिचय	द्वारका प्रसाद शास्त्री	विश्वविद्यालय प्रकाशन, चौक, वाराणसी	1983	15.00

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की रूप–रेखा
प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

1––सन्दर्भ सेवा प्रायोगिक––

संदर्भ सामग्री का मूल्यांकन करना
विभिन्न प्रकार की वाङ्मय सूचियाँ तैयार करना
फिजिकल विविलियोग्राफीज का ज्ञान करना
डाक्यूमेन्टेशन के सोर्स मैटीरियल छात्रों को दिखाकर उनका परिचय कराना

2––सन्दर्भ सेवा "वाङ्मय सूची एवं डाकूमेन्टेशन (प्रायोगिक)"–– 200 अंक

डाक्यूमेन्टेशन लिस्ट तैयार करना
इन्डेक्सिंग करना
ऐक्सट्रेक्टिंग करना
विविलियोग्राफी तैयार करना
सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा आन्तरिक एवं वाह्य
आन्तरिक परीक्षा
सत्रीय कार्यों पर
कार्य स्थल (प्रयोगशाला)
परीक्षक द्वारा
वाह्य परीक्षा

प्रयोग एवं मौखिक–– 200 अंक

1––वर्गीकरण प्रायोगिक
2––सूचीकरण प्रायोगिक
3––सन्दर्भ सेवा, वाङ्मय सूची
4––मौखिक

नोट––(1) सत्रीय कार्यों का मूल्यांकन एवं मौखिक परीक्षा, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम प्रश्न–पत्रों में निर्धारित पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत ही ली जायेगी।

(2) प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

संस्तुत पुस्तकें––

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम एवं पता	संस्करण पुनर्मुद्रण वर्ष	मूल्य
1	2	3	4	5	6
					रुपया
1	ग्रन्थालय वर्गीकरण	डा0 जी0 डी0 भार्गव	मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1988	25.00
2	सन्दर्भ सेवा सिद्धान्त और प्रयोग	के0 एस0 सुन्दरेखन	मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल (वितरक––विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी)	1985	30.00

संदर्भ सामग्री, परिभाषा, प्रकार, श्रेणियाँ, विशिष्ट गुण।
संदर्भ सामग्री के मूल्यांकन का सिद्धान्त एवं मूल्यांकन।

विविलियोग्राफी (वाङ्मय सूचियाँ), परिभाषा, आवश्यकता, उद्देश्य, क्षेत्र, प्रकार, फिजिकल विविलियोग्राफी, परिभाषा, आवश्यकता, प्रकार, विधियां, डाक्यूमेन्टेशन, परिभाषा, आवश्यकता, प्रकार, शीर्ष–मेटेरियल, कार्यविधि, इन्फारमेशन सेन्टर–यूनेस्को, विनीत, आई0बी0, इफला, इल्सडाक।

2––पुस्तकालय विज्ञान के पंच सूत्रों का संदर्भ सेवा, वाङ्मय सूची एवं डाक्यूमेन्टेशन में प्रयोग।

संदर्भ सेवा के प्रकार, संदर्भ प्रश्नों के प्रकार, संदर्भ पुस्तकालयाध्यक्षों की योग्यतायें एवं गुण।

वाङ्मय सूचियों के विभिन्न रूप एंव प्रकार।

वाङ्मय सूची सेवा।

डाक्यूमेन्टेशन, इंडेक्सिंग, ऐब्सट्रैकिंग एवं रिप्रोग्रैफिक सेवायें।

(10) ट्रेड––बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक (मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक सहित)
कक्षा–12

उद्देश्य––

1––मानव शरीर की संरचना एवं कार्यिकी का ज्ञान प्राप्त करना।

2––स्वस्थ रहने के लिये स्वच्छता के नियमों का ज्ञान प्राप्त करना।

3––स्वास्थ्य रक्षा के क्रियाकलाप, प्राथमिक चिकित्सा सहायता और छोटे रोगों के उपचार का ज्ञान प्राप्त करना।

4––बीमारी के निदान व उपचार में चिकित्सक की सहायता करना।

5––प्रयोगशालाओं तथा चिकित्सा नीति शास्त्र के प्रबन्धन का ज्ञान प्राप्त करना।

6––विभिन्न परीक्षण करना एवं व्याख्या करना।

7––एक चिकित्सीय प्रयोगशाला व्यवस्थित कर चलाना।

8––स्वतन्त्र रूप से समस्याओं से निपटने के लिए सक्षमता एवं आरम्भिक चरणों को विकसित करना।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घंटे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा :

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक––				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक––				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट––परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण) 60 अंक

इकाई–1––प्राथमिक सहायता 20 अंक

परिभाषा, साधारण प्राथमिक चिकित्सा एवं किट सामग्री, आघात, कोमा तथा उसका प्रबन्धन, रक्तस्राव का नियंत्रण, रोगी की टूटी हड्डी को जोड़कर जमाये रखने के लिये खपच्ची बांधना, घायल को स्थानान्तरित करना, अचेत होते रोगी को तत्काल प्राथमिक सहायता।

इकाई–2–प्रयोगशाला प्रबन्धन एवं नीति शास्त्र 20 अंक

स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति में प्रयोगशाला की भूमिका––सामान्य मानव स्वास्थ्य व बीमारियां, प्रकार, निदान की प्रक्रिया, विभिन्न स्तरों की प्रयोगशालायें, कर्मचारियों के कर्तव्य व उत्तरदायित्व।

भारत में स्वास्थ्य रक्षा आपूर्ति तन्त्र की प्रयोगशाला सेवायें, भारत में स्वास्थ्य प्रशासन तन्त्र, राष्ट्रीय राज्य, जिला, ग्राम स्तर पर, भारत में स्वयंसेवी स्वास्थ्य संगठन, भारत में स्वास्थ्य कार्यक्रम।

प्रयोगशाला योजना––सामान्य सिद्धान्त, लक्ष्य, संचालन, आंकड़े, बाजार सामान्यतया, अस्पताल/प्रयोगशाला सम्बन्ध प्रतियोगिता प्रयोगशाला के रूल, विभिन्न स्तरों पर योजना, अस्पताल/प्रयोगशाला सेवाओं की योजना के लिए

निर्देशक सिद्धान्त, कारक कार्यकारी दृष्टिकोण संचालन मांग, अस्पताल/प्रयोगशाला के विभाग, सामान्य क्षेत्र, संकल्पना क्षेत्र स्थान की आवश्यकता, एक मूल स्वास्थ्य प्रयोगशाला की योजना।

प्रयोगशाला संगठन––सामान्य सिद्धान्त घटक एक कार्य, कर्मचारी कार्य विवरण; कार्य विशिष्टतायें, कार्य तालिका व्यक्तिगत पुनः व्यवस्था तथा कार्य भार, मूल्यांकन, कांच के सामानों, उपकरणों व रसायनों की देखभाल, कांच के सामान की देखभाल एवं सफाई, साधारण कांच के सामान बनाना, उपकरणों व उपस्करों की देखभाल, प्रयोगशाला रसायन, उनका उचित उपयोग व देखभाल, उचित भण्डारण व लेबिल लगाना।

इकाई–3 **20 अंक**

प्रतिदर्श हस्तन––सामान्य सिद्धान्त, संग्रहण तकनीक तथा रखने के पात्र, प्रतिदर्शों के प्रकार, प्रविष्टि स्थानान्तरण व वितरण एवं पुनः प्रतिदर्श निपटान, संरक्षण।

प्रयोगशाला सुरक्षा––सामान्य सिद्धान्त खतरे सुरक्षा कार्यक्रम, प्राथमिक सहायता सुरक्षा, उपाय यांत्रिक विद्युत रासायनिक, जीव वैज्ञानिक रेडियोधर्मिता।

संचार––जन सम्बन्ध, रोगी फिजिशियन, नर्सिंग कर्मचारी, बिक्री प्रतिनिधि, अन्य कर्मचारी निवेदन/प्रतिवेदन प्रपत्र निरन्तर शिक्षा विधि मूल्यांकन व चयन।

गुणवत्ता नियंत्रक––सामान्य सिद्धान्त, अविश्लेषक कार्य, अनुमति विशिष्टतायें, प्रतिदर्श विशिष्टतायें, परीक्षणों का विवरण, विश्लेषण कार्य विधि, उपकरण, अभिकर्मक व सामग्री, नियंत्रण क्षमता, परीक्षण।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(मानव शरीर क्रिया विज्ञान)

60 अंक

इकाई–1––शरीर क्रिया विज्ञान **40 अंक**

पाचन
श्वसन
संचरण
तंत्रिका तंत्र के कार्य एवं क्रिया विधि
अंतः स्रावी ग्रन्थियों की भूमिका
तापनियमन का शरीर क्रिया विज्ञान
प्रजनन (मूत्र प्रजनन तंत्र)
दृष्टि श्रवण और वाणी का शरीर क्रिया विज्ञान

इकाई–2––जैव विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान **10 अंक**

जैव विज्ञान––जैव विज्ञान की परिभाषा, आरम्भिक विचार/सम्पूर्ण दृश्य–कार्बोहाइड्रेट वसा, प्रोटीन के सामान्य चयापचय का, विभिन्न प्रकार के एन्जाइम व उनके कार्य।

सूक्ष्म जीव विज्ञान––सूक्ष्मदर्शी एवं सूक्ष्मदर्शिकी–परिचय, सूक्ष्म जीव वर्गीकरण, नमूनों का संग्रहण, महामारी का अध्ययन, स्थानान्तरण एवं संरक्षण।

इकाई–3–– **10 अंक**

रोग विज्ञान––रोग विज्ञान का परिचय, परिभाषा, ज्वलनशील, निओप्लास्टिक, चयापचयिक, जन्मजात प्रकारों का वर्गीकरण वर्णन।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(चिकित्सा एवं जैव रसायन)

60 अंक

इकाई–1–अंगों के कार्य परीक्षण 20 अंक

वृक्क कार्य परीक्षण–मूत्र–सामान्य संघटक, 24 घण्टों का संग्रहण, संरक्षण, भौतिक लक्षण, स्पष्टीकरण परीक्षण, यकृत कार्य परीक्षण, आमाशय कार्य परीक्षण, सी0 एस0 एफ0 के जैव रसायन परीक्षण, पैन्क्रिएटिक कार्य परीक्षण, चिकित्सीय एन्जाइम विज्ञान तथा संगठन।

इकाई–2–चिकित्सीय एन्जाइम विज्ञान–एन्जाइम एवं कोएन्जाइम, एन्जाइम गतिविधि निर्धारण के सिद्धान्त, महत्वपूर्ण सीरम एन्जाइम विज्ञान के सिद्धान्त (फास्फेटेज, ट्रान्सफेरेसेज, ग्लायकोसिलेटेड एन्जाइम, लैक्टिक डीहाइड्रोजिनस, क्रिएटिनाइज क्राइनेज), सीरम एन्जाइमों के चिकित्सकीय उपयोग। संगठन : प्रतिदर्शों का संग्रहण एवं स्थानान्तरण चिकित्सीय जैव रसायन में गुणवत्ता का विश्वास, स्वचालन, किटों का उपयोग तथा मूल्य नियंत्रण। 20 अंक

इकाई–3–विषाणु विज्ञान एवं सीरोलॉजी–वर्गीकरण, सामान्य गुण, विषाणुओं का संवर्धन तथा रोग।

कारकता, प्रतिरक्षी गुण, प्रतिजन, प्रतिकाय, प्रतिजन प्रतिक्रिया तथा बीमारी के निदान में इनका उपयोग। सिद्धान्त, विधि तथा कम्प्लीमेन्ट, स्थिरीकरण प्रतिक्रियायें, अतिसंवेदनशील प्रतिक्रियाओं का सिद्धान्त एवं वर्गीकरण, टीके–वर्गीकरण एवं टीकों का उपयोग। एग्लूटिनेशन, अवक्षेपण, उदासीनीकरण। 20 अंक

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(सूक्ष्म जैविकी)

60 अंक

इकाई–1–सीरोलॉजी एवं कवक विज्ञान **30 अंक**

(3) स्थानीय मिट्टी की स्लिप बनाना एवं स्थानीय मिट्टी की विभिन्न अवस्थाओं जैसे–रोलिंग स्टेज, प्लास्टिक स्टेज तथा लोवर लिमिट आफ फ्लुडिटी निकालने का सैद्धान्तिक ज्ञान। 17

(4) स्थानीय मिट्टी की नीडिंग एवं वर्जिग से सम्बन्धित जानकारी प्रदान करना तथा तत्सम्बन्धी नीडिंग मशीन एवं परानिल मशीन का सैद्धान्तिक ज्ञान। 17

(5) स्थानीय मिट्टी के माडल (Model) बनाने का सैद्धान्तिक ज्ञान। 16

(6) लचीली व्यवस्था में मिट्टी का उपयोग–दबाकर खिलौना बनाने से सम्बन्धित। 16

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(चीनी मिट्टी)

1–पैटर्न बनाने की विधियां–माडलिंग इन द राउन्ड, वर्किंग इन लोरिलांक, खराद मशीन एवं जिगर जाली मशीन पर माडल खरादने का सैद्धान्तिक ज्ञान। 17

2–प्लास्टर आफ पेरिस से सांचे बनाने की विधियों का सैद्धान्तिक ज्ञान। 17

3–मास्टर गोल्ड से प्रति रूप एवं कार्यकारी सांचा बनाने का सैद्धान्तिक ज्ञान। 17

4–अध्ययन की सुगमता की दृष्टि से बर्तनों का विभाजन–यथा सटेराकोटा अर्वेन वेयर, स्टोन वेयर, पोर्सलेन एवं अगीलनीय (वर्गीकरण के अन्तर्गत)। 17

5–चीनी मिट्टी के पात्रों के निर्माण में कच्चे मालों का उपयोग तथा अगालनीय द्रान्क, रंग विद्युत विश्लेष्य। 16

6–बाडी मिश्रण निर्माण की जानकारी एवं विभिन्न संगठक सूत्रों का ज्ञान, बाडी मिश्रण निर्माण हेतु कच्चे माल का तौलना बलन्जर मशीन का उपयोग, बालबिल का उपयोग। 16

तृतीय प्रश्न–पत्र
एनामिल

एनामिल–

1–इतिहास तथा वर्गीकरण–सीना तामचीनी। 14

2–कच्चे सीसा यथा एनामिल तैयार करना, आगालनीय, द्रावक, अपारदर्शीये रंग, प्लावक, विद्युत विश्लेषण व एनामिल के लिये धातु। 14

3–मीना के प्रकार, ताम्र चीनी के प्रकार, विभिन्न प्रकार के एनामिल की रचना, पाटमिल की संरचना एवं उपयोग। 14

4–धातुओं की सफाई तथा उस पर एनामिल चढ़ाना, एनामिल बनाने के लिये लोहे की चादरों को साफ करना, एनामिल चढ़ाने की विधियां। 14

5–भट्ठियां–पड़िया भट्ठी, डेक भट्ठी, मफिल भट्ठी, सुरंग भट्ठी, आदि में एनामिल पकाने का ज्ञान। 14

6–एनामिल पकाना–एनामिल करना आदि का सैद्धान्तिक ज्ञान। 14

7–एनामिल के दोष–छाले तथा एगशेल फिश स्केल्स तथा उच्चारण निर्धारण ताम्र चिन्ह, बट्कना तथा बाल रेखायें, सिमटना आदि की जानकारी। 16

प्रायोगिक कार्य सम्बन्धी पाठ्यक्रम

(1) लुक निर्माण से सम्बन्धित संगठन सूत्रों का शोध एवं परीक्षण।
(2) लुक करने की विधियों का क्रियात्मक ज्ञान।
(3) चीनी मिट्टी के पात्रों को पकाना एवं तापक्रप मापन का प्रयोगात्मक परीक्षण।
(4) प्रयोगशाला में सेंगर एवं फायर ब्रेक तैयार करना।
(5) चाक के निर्माण का क्रियात्मक ज्ञान।
(6) बालू का विश्लेषण व विभिन्न प्रकार की नम्बर वाली चलनियों से।
(7) काच्यक तैयार करना।
(8) रंगीन कांच बनाना।
(9) एनामिल से सम्बन्धित धातुओं की सफाई तथा उन पर एनामिल चढ़ाना।
(10) एनामिल के लिये स्टेंसिल काटना एवं एनामिल पट्टिका में ब्रश की सहायता से स्टेंसिल का उपयोग करना।
(11) भट्ठी में एनामिल पकाना।
(12) उत्पादन सम्बन्धी गणनाओं का प्रायोगिक ज्ञान।
(13) प्रयोगशाला में सेंगर एवं ईंट के टुकड़े की रन्ध्रता निकालना।
(14) प्लास्टर आफ पेरिस की सजावटी तस्वीरों का निर्माण।
(15) प्रयोगशाला में सेंगर शंकु तैयार करना।
(16) प्रयोगशाला में दर्पण का निर्माण एवं ऐचिंग विधि द्वारा कांच की सजावट करना।

नोट :–प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

पुस्तकें :–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। संस्था के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

(31) ट्रेड–कृत्रिम अंग अवयव तकनीक
(कक्षा– 12)

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के चार प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

(क) सैद्धान्तिक–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
प्रथम प्रश्न–पत्र	75	300	25	100
द्वितीय प्रश्न–पत्र	75		25	
तृतीय प्रश्न–पत्र	75		25	
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	75		25	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
बाह्य परीक्षा	200			

नोट–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 25 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम की रूप रेखा

प्रश्न–पत्र प्रथम–मानव शरीर एवं अस्थिशल्य (आर्थोपैडिक)

(क) मानव शारीरिकी
(ख) शरीर क्रिया विज्ञान
(ग) मानव रोग विज्ञान
(घ) अस्थि शल्य (आर्थोपैडिक)
(ङ) फिजिकल मेडिसिन एवं पुनर्वास

प्रश्न–पत्र द्वितीय–कार्यशाला (वर्कशाप)

(क) सामग्री, औजार एवं उपकरण कार्यशाला तकनीक
(ख) अप्लाइड मैकेनिक्स एवं स्ट्रेग्य आफ मटेरियल
(ग) कार्यशाला प्रशासन एवं प्रबन्ध

तृतीय प्रश्न–पत्र–आर्थोटिक

(क) आर्थोटिक लोवर
(ख) आर्थोटिक अपर
(ग) आर्थोटिक स्पाइन
(घ) काइनोसियालोजी एवं बायोमैकेनिक्स

चतुर्थ प्रश्न–पत्र–प्रोस्थोटिक

(क) प्रोस्थोटिक ऊपरी
(ख) प्रोस्थोटिक निचला
(ग) एम्प्यूटेशन सर्जरी एवं प्रोस्थीसेस

प्रथम प्रश्न–पत्र
(मानव शरीर एवं अस्थि शल्य)

(1) मानव रोग विज्ञान– 25

1–रोग विज्ञान का परिचय, सामान्य रोग विज्ञान।

2–इन्पलेमेशन के चिन्ह एवं लक्षण (सिस्टम), इन्पलेमेशन के प्रकार, एक्यूट और क्रोनिक।

3–संक्रमण वैक्टीरिया और वाइरसेज इम्येनिटी, प्रकार वर्गीकरण, संक्रमण पर नियंत्रण, संक्रमण के प्रभाव एवं उसके उपचार व रोक–थाम, एमीप्सिस, स्टरलाईजेशन, पायोजैनिक संक्रमण, फोड़े, जोड़ व हड्डी की टी0बी0 और प्रबन्ध इंगल इन्फेक्शन वैक्टीरियोमा इकोसिस और फाइलेरियोसिस संक्रमण, कोढ़ वाइरस का संक्रमण, पोलियोमा इलासिस प्रभाव।

4–घाव, घाव भरने के प्रकार और हड्डी से सम्बन्धित ट्यूमर्स।

5–परिसंचरण अव्यवस्था थोमवासिस इम्बेसिज्म थोमखी इनजाइटिस आपलिटरेन्स, अर्थास–सिलिटोसिस हाइपरटेंशन।

6–मैगाइन के प्रकार, कारण, चिन्ह, लक्षण और प्रबन्ध उपायचर्या (मेटाबोलिक), बेरी–बेरी, मधुमेह रोग, सूखा रोग, हावर और हाइपो पैरा थाइरोआडिज्म, आसटिओं पैरायिस।

7–जोड़ों के इम्फलेमेशन, आरथाराइटिस, वर्गीकरण और पैथोलोजी।

(2) अस्थिशल्य (अर्थोपेडिक)– 25

1– अर्थोपेडिक का परिचय एवं सिद्धान्त।
2–कन्जानिंटल विकृतियां।
3–तन्त्रिका तंत्र के रोग।
4–पोलियों मिलाइटिस।
5–प्रोब्स्टेड्रिल और स्पेस्टिक पैरा।
6–हैबी प्लीजिया एवं पैरा पिलोजिया।
7–पायोजेनिक इन्फेक्शन, क्षय रोग, कोढ़ (संक्रमण)।
8–क्रोमिक और रोमीलायड अर्थराइटिस।
9–आसटेर और न्यूरौपैथिक आरथराइटिस।
10–सूखा रोग (त्पबामजे)।
11–हड्डी का ट्यूमर।
12–ट्राउमा ऊपरी एवं निचले अंगों का टूटना एवं उसका प्रबन्ध (मैनेजमेन्ट)।
13–स्प्पाइन का टूटना एवं डिसलोकेशन।

(3) फिजिकल मैडिसन एवं रीहैवीलिएशन– 25

1–फिजिकल मैडिसिन एवं रीहैवीलिएशन का परिचय।
2–मांस पेशियों का चार्ट बनाना।
3–एलेक्ट्रोथिरेपी।
4–हाइड्रो–थिरेपी।
5–एम्प्यूट्रीज के प्रबन्ध में उपर लिखे प्रकरणों का प्रयोग।
6–न्यूरों मेसबुलर रोग, उनके प्रकार एवं प्रबन्ध।
7–जोड़ों के दर्द (आर्थराइटिस) उनके प्रकार एवं प्रबन्ध।
8–बैसाखी एवं उनका प्रयोग, चाल के विभिन्न प्रकार।
9–स्टीम्प वी0 के0/ए0के0, घुटने, कुहनियां, हाथ कलाई व टखने की वैन्डेजिम।
10–गार्टट्रेडिंग आर्थोसिस एवं प्रोथोसिस लगाये हुए मरीजों के विश्लेषण।
11–प्रयोग में आने वाले उपकरणों का उपयोग।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(कार्यशाला वर्कशाप)

1–व्यवहारिक यांत्रिकी (Applied mechanics and strength of materials) तथा पदार्थों की सामर्थ्य– 12

1–सरल प्रतिबल तथा विकृति (सिम्पल स्ट्रेप्स एण्ड स्ट्रेन), सरल प्रतिबल एवं विकृति की परिभाषाएं– प्रत्यास्थता गुणांक (Modnlous of Elasticity) अनुदर्ध्य (Longitudins) पार्श्वीय विकृति प्रतिबल, विकृति वक्र, विकृति तथा भार (Stress strain-cirve formula relating no load and strains) से सम्बन्धित सूत्र।

2–ज्यामितीय लक्ष्य (Geometrical Properties)–

ठोस की घूर्णन त्रिज्या (Relating Radius) तथा जड़त्व आघूर्ण (Moment of inertia) की परिभाषाएं, पटलों के केन्द्रक (Centre) तथा जड़त्व आघूर्ण की परिभाषाएं, नियमित पटलों जैसे आयत (Rectangular) त्रिभुज (Triangular) तथा वृत्त (Circle) के सूत्रों का सरल कथन, समान्तर (Paralled) तथा अभिलम्ब अक्षों (Vertical Axis) के नियम।

2–अपरूपण (Shear Movement)– 12

स्वतन्त्र तथा बन्धन (Banding) गतियां, दण्डों (Bars) का वर्गीकरण, भारों (Weights) के प्रकार, अपरूपण प्रतिबल तथा विकृति की परिभाषाएं, अपरूपण गुणांक (Co-efficient of Shear Force), अपरूपण बल (Shear Force) तथा बंकन (Bending) का सम्बन्ध।

3–सरल अंकन का सिद्धान्त (Therory of banding Movement)– 12

अंकन प्रतिबल (Banding Stress) की परिभाषा, उदासीन अंक (Natural Axis), सहायक तन्तु प्रतिबल का आधूर्ण (Moxement of assistant fivre stress), संकेन्द्रित भर (Co-centered weight), मुक्त क्रैन्टीलीवर एवं सरल आधारित दण्डों पर सरल प्रश्न (simple problems of cantiliver and simple supported becams)

4–मरोड़ अथवा ऐंठन (Tension and Twist)– 09

मरोड़ की परिभाषा, ऐंठन के कोण (Angle of Twist), ध्रुवीय जड़त्व आधूर्ण (Tolar moment of inertis), ठोसों एवं छड़ों में मरोड़ के संप्रेषण (Simple problems to determined Ironsmission in solids, bars only) ज्ञात करने से सम्बन्धित समस्यायें।

5–स्प्रिंग (Spring)– 08

स्प्रिंगों के विभिन्न प्रकार, प्रोस्थेटिक तथा आर्थोटिक्स में स्प्रिंगों का प्रयोग तथा समस्यायें।

6–रिबेट किये गये जोड़ (Rivetted Junction)– 07

रिबेट किये गये जोड़ों के प्रकार, जोड़ की सामर्थ (Strength of joints), होविंग का सूत्र (Howin's formula) सामान्य समस्यायें।

7–घर्षण (Friction)– 08

घर्षण के सिद्धान्त, स्थेटिक तथा गतिज घर्षण के गुणांक (Static and dynamic co-efficient) तथा सामान्य प्रश्न।

8–आरेखीय स्थतिकी (Graphic Station)– 07

वेक्टर (Vector) जो कि अंकन प्रणाली (Bow's Notation), समान्तर बलों हेतु रज्जू बहुभुज (Fornicular Polygen for parrallel forces)।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(आर्थोटिक)

(1) आर्थोटिक अपर– 25

1–हाथ की आन्तरिक क्रियात्मक रचना और उसकी विकृतियां, आरथोटिक द्वारा उसका प्रबन्ध (मैनेजमेन्ट)।

2–क्रियात्मक स्पिलन्ट और भुजाओं का प्रयोग करने हेतु मरीज को किस प्रकार का प्रशिक्षण देना चाहिए।

3–निम्नलिखित का मेजरमेन्ट, सामग्रियों का कम्पोनेन्ट एवं चुनाव–फैब्रिकेशन व फिटिंग।

(क) हाथ की स्टेटिक स्पिलिन्ट, अंगुलियों के स्पिलिन्ट।

(ख) हाथ के फेनल स्पिलिन्ट।

(ग) क्रियात्मक फैक्शनल आर्म ब्रासेज।

(घ) फीडर्स।

(ङ) विशिष्ट सहायक विधियां (डिवाइसेज)।

(च) मिलेट्रिक और अन्य बाहरी आरथोसिस के अंग।

4–फैक्शनल हाथ की जीव परिस्थिति की स्पिलिन्ट और आर्म आरथोसिस।

(2) आर्थोटिक स्पाइन– 25

1–ट्रैक की आन्तरिक रचना।

2–आरथोटिक विधि की शारीरिक विज्ञान के आधार।
3–लम्बर और फोरेंसिक दशा का आरथोटिक उपचार।
4–सरवाइकल दशा के आरथोटिक उपचार।
5–स्पाइनल आरथोसिस के सुझाव एवं नुस्खे।
6–स्कोलिओसिस के उपचार एवं वाह्य सहारे का प्रयोग।
7–एस0 डब्ल्यू0 प्रोसेस के प्रयोगकर्ताओं हेतु अभ्यास।
8–स्पाइनल केसेज के कम्पोनेन्ट।
9–कारसेट्म।
10–सरवाइकल उपकरण।
11–एम0 डब्ल्यू0 ब्रेसेज, बोस्टन ब्रेसेज।
12–स्याइत की जीव यांत्रिक (बायोमेकेनिकल)।
13–आरथोसिस से सम्बन्धित पूर्ण सूचना प्राप्त करने हेतु प्रकाशकों का अध्ययन।

(3) काइनिसियोलाजी एवं बायोमेकेनिकल– 25

1–काइनिसियोलाजी और बायोमेकेनिकल की परिभाषा।
2–काइनिसियोलाजी की उत्पत्ति एवं विकास।
3–काइनेटिक्स एवं काइनेमेटिक्स की परिभाषा।
4–मानव शरीर का गुरूत्वाकर्षण (आकर्षण का केन्द्र)।
5–सेगमेन्ट भासस और अंगों का घनत्व।
6–पूरे शरीर के गुरूत्वाकर्षण (केन्द्र का आकर्षण)।
7–आकर्षण केन्द्र का सेगमेन्ट।
8–मानव गतियों की उत्पत्ति एवं उनके महत्व।
9–परिस्थितियों का विश्लेषण।
10–शरीर के जोड़ और अंगों की गतिविधि।
11–ओपेन एवं ब्लीज्ड पेन सिस्टम।
12–फोर बार मेकेनिज्म।
13–जोड़ों की गतिविधियों का मापन।
14–स्पाइन की मेकेनिज्म।
15–लम्बर विशनमेन्टेरी।
16–लोकोमेशन अध्ययन।
17–पश्व छोर के अंगों की जीव यांत्रिकी (बायोमेकेनिज्म)।
18–अग्रछोर के अंगों की जीव यांत्रिकी (बायोमेकेनिज्म)।
19–पल्थी माने की जीव यांत्रिकी (बायोमेकेनिज्म)।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(प्रोस्थोटिक)

(1) प्रोस्थेटिक निचला– 40

1–एम्प्यूटेशन के लेबिल का वर्गीकरण।
2–केन्जिनाइटल स्केलेट्स लिम्ब का वर्गीकरण एवं उनकी कमियां।
3–प्रोस्थेटिक क्लीनिक प्रक्रिया (प्रोसीजर)।
4–प्रोस्थेटिक नुस्खे।
5–इमिजिएट एवं अर्ली प्रोस्थेटिक प्रबन्ध।
6–जी0 के0 एवं ए0 के0 प्रोस्थेटिक कम्पोनेन्ट।
7–स्टम्प नाप का परीक्षण कास्ट टेकिंग पी0 ओ0 पी0 सुधार फेब्रिकेशन एलाइनमेन्ट एवं फिटिंग।
8–प्रोस्थेसिस के साथ लगे हुये एम्प्यूटीज का चाल विश्लेषण।
9–प्रोस्थेसिस की जांच।
10–प्रोस्थेसिस की देखभाल एवं रख–रखाव।
11–हिप डिसआरटिक्येलेशन और सेमीपालिक्टामी।
12–प्रोस्थेसिस की बायोमैकेनिकल।
13–फलुइड नियंत्रण और माप्यूलर एवं आधुनिक प्रोस्थेसिस।
14–वक्यटिंग प्रोस्थेसिस का विकास।
15–निचले अंग की प्रोस्थेसिस के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु विभिन्न प्रकाशनों का अध्ययन।

(2) वाह्य शारीरिक अंगों को काटकर अलग करने की शल्य चिकित्सा– 35

1–एम्प्यूटेशन सर्जरी का परिचय एवं संकेत।
2–एम्प्यूटेशन के सिद्धान्त, प्रकार एवं तकनीक।
3–बच्चों एवं प्रौढ़ों में एक्प्यूटेशन निचली एवं ऊपरी अवयव।
4–निचले अवयव में एम्प्यूटेशन और इसकी विशेषतायें।
5–आपरेशन के बाद स्टम्प की देखभाल, अच्छे स्टम्प को बनाना।
6–परीक्षण एवं सलाह नुस्खे।
7–स्टम्प हरमोटोलोजी।
8–सामान्य चर्म रोग और उनके प्रबन्ध स्टम्प, हाइजीन, आधुनिक एम्प्यूटेशन।
9–आधुनिक एम्प्यूटेशन।
10–निचले अवयव के एम्प्यूटेशन के लिये आपरेशन के बाद प्रोस्थेसिस तुरन्त भरना।

(32) ट्रेड–इम्ब्राइडरी
(कक्षा– 12)

उद्देश्य–

1–विभिन्न प्रकार की यन्त्र कलाओं में प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों, साज–सामानों एवं सहायक सामग्री को चुनने में।
2–साज–सामान के रख–रखाव एवं उपयोग से सम्बन्धित कौशल के विकास में।
3–उपलब्ध स्रोतों के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने में।
4–हस्त कढ़ाई के लिये कल्पनात्मक सौन्दर्य के ज्ञान का विकास करने में।
5–बाजार की नवीनतम प्रवृत्ति के साथ सम्बन्ध स्थापित करने में।
6–योजना के निर्माण, संचालन, निर्देश और रख–रखाव में आत्म निर्भरता।
7–नियोजन ढंग से कार्य को विस्थापन करने में।
8–बण्डल के बांधने की विभिन्न विधियों का चुनाव करना।
9–पारस्परिक उद्योगों के विकास को समझना और उसे आत्मसात करना।
10–उपलब्ध साधनों और यन्त्र कलाओं से मूल डिजाइन की रचना करना।
11–आवश्यक सूचना देने के लिये साधारण संचार साधनों की तकनीक का प्रयोग करना।

रोजगार के अवसर–

1–स्वरोजगार एवं मजदूरी रोजगार–

निम्नलिखित व्यवसाय स्वरोजगार की श्रेणी में आतें हैं अर्थात् (पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद अपनी इकाइयां लगा सकते हैं), मजदूरी रोजगार अर्थात् (दूसरों के लिये रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं)–

(क) कढ़ाई करने वाला।
(ख) कढ़ाई के लिये डिजाइन बनाने वाला।
(ग) अभिरुचि कक्षायें चलाना (Hobby Classes)।

2–केवल मजदूरी रोजगार (Wage Employment)&

(क) संग्रहालय सहायक (टेक्सटाइल अनुभाग या कढ़ाई अनुभाग)।
(ख) निर्देश (कार्यानुभव के लिये/स्कूलों में हैण्ड इम्ब्राइडरी)।

इस पाठ्यक्रम की सफलता हेतु एक शिक्षक/प्रशिक्षण की आवश्यकता हो सकती है।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		**उत्तीर्णांक**	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400		200
बाह्य परीक्षा	200			

नोट–परीक्षार्थियों को लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न–पत्र

(टेक्सटाइल एवं डिजाइन)

1–रंग का प्रभाव, रोड, टिन्ट, टोन रंग की वैल्यू, गर्म एवं ठंडे रंग।	8
2–भारतीय डिजाइन की उत्पत्ति एवं प्रारम्भिक डिजाइन का अध्ययन।	8
3–चिकन एवं अन्य कढ़ाई में प्रयोग किये जाने वाले डिजाइनों से अवगत कराना।	8
4–अन्य कढ़ाई की डिजाइन एवं चिकन वर्क की भिन्नता का अध्ययन।	8
5–लोक कला व आदिवासी लोक कलाओं का परिचय एवं ज्ञान।	10
6–कढ़ाई के डिजाइनों की विशेषता एवं महत्व।	10
7–विभिन्न प्रकार के वस्त्र एवं उन पर की जाने वाली आधुनिक कढ़ाइयां।	8

द्वितीय प्रश्न–पत्र

(इम्ब्राइडरी)

1–कश्मीर का कसीदा–नमदा का डिजाइन, वस्त्र रंग योजना।	6
2–कश्मीर का जायेदार डिजाइन, रंग योजना, वस्त्र स्टिच।	8
3–पैचवर्क कढ़ाई के प्रकार, तकनीकी विशेषता।	6
4–ज्यामितीय डिजाइन, स्टिच, रंग योजना, विषयवस्तु, वस्त्र।	8
5–कढ़ाई के स्टिच एवं उनका वस्त्र पर प्रयोग।	8
6–भारतीय लोक कला और इस पर आधारित डिजाइनों का अध्ययन।	6
7–चिकन द्वारा बनाये गये वस्त्रों का अध्ययन।	8
8–कढ़ाई करने से पहले की तैयारी एवं सावधानी।	4
9–कढ़ाई करने के बाद वस्त्र की धुलाई एवं देखभाल का ज्ञान।	6

तृतीय प्रश्न–पत्र

(हैण्ड इम्ब्राइडरी व चिकन वर्क)

1–चिकन कढ़ाई की प्रमुख कसीदाकारी।	8
2–चिकन कढ़ाई के लिये उपकरण का ज्ञान एवं उसकी मरम्मत तथा सावधानियां।	6
3–चिकन कढ़ाई में प्रयोग होने वाले सामग्रियों का विस्तृत अध्ययन।	6
4–चिकन कढ़ाई के कसीदाकारों की आर्थिक एवं व्यावसायिक स्थिति का ज्ञान।	6
5–चिकन कढ़ाई के प्रमुख तकनीक का विस्तृत अध्ययन।	8
6–तैयार वस्त्र की फिनिशिंग प्रक्रिया का अध्ययन।	8
7–तैयार वस्त्र का मूल्य निर्धारित करना।	10
8–चिकन कढ़ाई पर अन्य डिजाइनों का प्रभाव एवं परिवर्तनशीलता।	8

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

(एडवांस डिजाइन एवं इम्ब्राइडरी)

1–उत्सव पार्टी के उपयुक्त कढ़े हुये स्पेशल वस्त्रों का अध्ययन, तकनीक डिजाइन, विश्लेषण।	10
2–आकर्षक कढ़ाई के लिये कारीगर की विशेषतायें।	8
3–कढ़ाई के लिऐ धागों की विशेषतायें।	6
4–कढ़ाई का धुलाई में महत्व एवं विधि।	6
5–विभिन्न प्रकार के स्टिच एवं मिले–जुले स्टिच पर आधारित एडवांस कढ़ाई डिजाइन।	10
6–आधुनिक कढ़ाई के डिजाइनों का विश्लेषण एवं महत्व।	10
7–पुराने कढ़े वस्त्रों का आधुनिक फैशन पर प्रभाव।	10

पंचम प्रश्न–पत्र

(इम्ब्राइडरी उद्योग एवं प्रबन्ध)

1–स्वरोजगार करने के लिये व्यक्ति का आन्तरिक एवं वाह्य विकास करना।	6
2–मार्केटिंग मैनेजमेन्ट का विस्तृत अध्ययन।	6
3–इम्ब्राइडरी उद्योग में मार्केटिंग मैनेजमेन्ट की भूमिका।	8

4–इम्ब्राइडरी उद्योग में उत्पादित वस्त्र को बाजार में बेचने में आवश्यक सावधानी का अध्ययन। 8
5–कढ़े हुये वस्त्रों का एक्सपोर्ट करने की विधियों का अध्ययन करना। 8
6–सफल इम्ब्राइडरी उद्योग लगाने के लिये आवश्यक सुझाव। 8
7–इम्ब्राइडरी के छोटे–छोटे रोजगार की रूपरेखा तैयार करना। 8
8–प्रत्येक रोजगार का अनुमानित बजट तैयार करना। 8

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–कढ़ाई के डिजाइनों में रंग का प्रभाव दिखाना।
2–डाट्स, लाइन एवं ज्यामितीय आकारों पर आधारित डिजाइन का निर्माण करना।
3–विभिन्न प्रकार के डिजाइन का अवलोकन करना।
4–स्केच करना, फूल पत्तियां, पेड़, मकान, प्राकृतिक दृश्य, पशु–पक्षी आदि की ड्राइंग अभ्यास करना।
5–सभी ड्राइंग से कढ़ाई से डिजाइन का निर्माण करना।
6–लोक कला पर आधारित डिजाइनों का निर्माण करना।
7–डिजाइनों के ऊपर एलबम का निर्माण करना।
8–विभिन्न प्रकार के स्टिच एवं टांकों का अभ्यास करना।

द्वितीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–(1) शीशेदार फुलकारी के लिये डिजाइन का निर्माण।
(2) बनी हुई डिजाइन का कपड़े का प्रयोग।
2–कैनवस कढ़ाई से छोटे कैनवस का निर्माण।
3–नमदा की डिजाइन बनाकर वस्त्र का प्रयोग।
4–सामान्य पैच–वर्क कढ़ाई।
5–मैटी पर डिजाइन व कढ़ाई का कार्य।
6–विभिन्न प्रकार के स्टिच का नमूना तैयार करना।
7–एप्लीक वर्क, कढ़ाई का प्रयोग।
8–कढ़ाई द्वारा बाल वेसिंग का निर्माण करना।
9–संयोजित कढ़ाई द्वारा आकर्षक वस्त्रों का निर्माण करना।

तृतीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–उल्टी बखिया शेडो वर्क, जाली के द्वारा कुर्ते या नाइटी और चिकन कढ़ाई करना।
2–साड़ी के लिये पारम्परिक चिकन की कढ़ाई करना, पेजली या अन्य डिजाइन का प्रयोग।
3–सीधी बखिया द्वारा कुर्ते की डिजाइनदार चिकन कढ़ाई।
4–टेबुल मैट्स पर चिकन कढ़ाई करना।
5–मुर्री वर्क से लेडीज कुर्ते की डिजाइन करना।
6–साड़ी पर कामदानी चिकन का प्रयोग।
7–लेडीज सूट पर कामदानी चिकन का प्रयोग।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–एप्लीक वर्क की कढ़ाई का डिजाइन निर्माण करना (पेपर कोलाज वर्क)।
2–शादी–विवाह के लिये कढ़ाई की डिजाइन का निर्माण कर प्रस्तुत करना।
3–एडवांस डिजाइनों का संग्रह करना एवं उस पर आधारित डिजाइनों का निर्माण करना।
4–माडल पर कढ़ाई के वस्त्रों को डिस्प्ले करना।
5–कढ़े हुये कपड़ों की प्रदर्शनी करना।
6–एडवांस डिजाइन को पेपर कोलाज द्वारा डिस्प्ले करना।
7–आधुनिक कढ़ाई के फैशन डिजाइनों का मैगजीन कटिंग कलेक्शन कर एलबम तैयार करना।
8–पुराने डिजाइन और आधुनिक कढ़ाई डिजाइन का अन्तर डिजाइनों द्वारा प्रस्तुत करें।

पंचम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–पंजाबी कटे हुये वस्त्रों की पोर्ट फोलियो तैयार करना।
2–कश्मीर के प्रमुख डिजाइनों का पोर्ट फोलियो तैयार करना।
3–कश्मीरी कसीदा का पोर्ट फोलियो तैयार करना।
4–भारतीय कढ़े हुये कारपेट की डिजाइन का पोर्ट फोलियो तैयार करना।
5–कढ़े हुये बाल हैंगिंग की डिजाइन की फाइल तैयार करना।
6–विभिन्न प्रकार के कसीदा डिजाइनकारों से बात करके डिजाइनिंग रिपोर्ट तैयार करना।
7–कसीदाकारों से मिलकर विशेष तकनीक का अध्ययन करना एवं रिपोर्ट तैयार करना।
8–(क) उद्योग में ले जाकर विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना।
(ख) बनाई गयी वस्तुओं की बिक्री प्रदर्शन आयोजित करना।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

इम्ब्राइडरी विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा का विभाजन निम्नवत् होगा–

आन्तरिक मूल्यांकन	200 अंक
वाह्य परीक्षक मूल्यांकन	200 अंक
	400 अंक

बाह्य परीक्षा की रूपरेखा–

नोट–समय 10 घंटा दो दिनों में (लघु प्रयोग दो दिये जांय, प्रत्येक का समय 2+2=4 घण्टे। दीर्घ प्रयोग एक दिया जाय, प्रयोग का समय 6 घण्टे)।

लघु प्रयोग–

प्रयोग नं0 1	20 अंक	2 घण्टे
प्रयोग नं0 2	20 अंक	2 घण्टे
मौखिक	10 अंक	–
	योग .. 50 अंक	

दीर्घ प्रयोग–

प्रयोग नं0 1	130 अंक	6 घण्टे
मौखिक	20 अंक	–
	योग .. 150 अंक	
	कुल योग .. 200 अंक	

प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

दीर्घ प्रयोग–

1–कढ़ाई के लिये रंगीन डिजाइन निर्माण करना कागज एवं कपड़े पर।
2–डाट्स, लाइन एवं ज्यामितीय आकारों पर आधारित डिजाइन का निर्माण करना एवं कपड़े का प्रयोग।
3–लोक कला पर आधारित डिजाइन की कढ़ाई करना।
4–पारम्परिक कढ़ाई परिधानों पर करना।
5–जरी की कढ़ाई के साथ गोटे की डिजाइन बनाना।
6–सलमा, सितारा, सीप, मोती की कढ़ाई करना।
7–मुकेश की कढ़ाई करना।
8–कैनवस कढ़ाई से छोटे कैनवस बनाना।
9–संयोजित कढ़ाई करना।
10–उल्टी बखिया, गैण्डो वर्क जाली के द्वारा कुर्ता या अन्य वस्त्र पर कढ़ाई करना।
11–दुपट्टा पर पारम्परिक चिकन की कढ़ाई करना।
12–ब्लाउज पर शीशे की सजावटी कढ़ाई करना।
13–एप्लीक वर्क की कढ़ाई दुपट्टा या मेजपोश पर करना।

लघु प्रयोग–

1–कढ़े हुये वस्त्रों की कढ़ाई एवं टांके की पहचान तथा टांका बनाना।
2–कलर स्कीम तैयार करना, कागज और कपड़े पर।
3–गोटा लगाकर वस्त्र पर डिजाइन तैयार करना।
4–चिकन की कढ़ाई के लिये वस्त्र को तैयार करना।
5–चिकन की कढ़ाई के लिये मुर्री, शैडो वर्क की डिजाइन तैयार करना।
6–जरीदार चिकन का नमूना बनाना (छोटा)।
7–कामदार चिकन का छोटा नमूना बनाना।
8–फैन्सी कढ़ाई के डिजाइन का निर्माण कागज पर करना।
9–फैन्सी सलवार सूट की आकर्षक कढ़ाई की डिजाइन का नमूना तैयार करना एवं कढ़ाई के टांकों और रंग को निश्चित करना।
10–माडल पर कढ़ाई के वस्त्र को डिस्प्ले करना।
11–तैयार पोर्ट फोलियो को दिखलाना।

नोट–परीक्षक पाठ्यक्रम से अन्य दीर्घ एवं लघु प्रयोग परीक्षार्थियों को दे सकते हैं।

पुस्तकों की सूची–

(1) Indian Embroidary--Phylls Ackerman.
(2) Phulkari--T. N. Mukarjee.
(3) Indian Embroidary--Victoria Albert Museum.
(4) Himanchal Embroidary--Subhashni Arya.
(5) Phulkari from Bhatinda--Baljit Singh Gill.

(33) ट्रेड–हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग एवं वेजिटेबुल डाइंग (कक्षा– 12)

उद्देश्य–

1–विभिन्न प्रकार के तन्तुओं, धागों एवं वस्त्रों की पहचान एवं उनका चुनाव करने के योग्य बनाना।
2–रंगाई और हस्त ब्लाक छपाई की विभिन्न तकनीकों के लिये विभिन्न प्रकार के रंजकों, रंगों, धागों एवं कपड़ों की पहचान कराना तथा उनका चुनाव करने में सहायता प्रदान करना।
3–विभिन्न प्रकार की यंत्र कलाओं में प्रयोग किये जाने वाले साज–सज्जा उपकरणों तथा सहायक सामग्री का चुनाव करने में दक्ष बनाना।
4–साज सामान की रख–रखाव एवं उनके उपयोग के लिये दक्षता का विकास करना।
5–उपलब्ध उपकरणों के स्रोतों के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करना।
6–रंगाई, छपाई एवं डिजाइन के लिये कल्पनात्मक सौन्दर्य का विकास करना।
7–बाजार की प्रचलित नवीनतम फैशन प्रवृत्ति का परिचय करना।
8–योजना को स्थापित करने में उसके निर्देशन एवं रख–रखाव में आत्म–निर्भरता प्राप्त करना।
9–नियोजित ढंग के कार्य का विस्थापन करना।
10–कार्य को पूरा करने और बण्डल बांधने की विधियों से अवगत कराना।
11–उद्योग धन्धों के विकास को समझना और उसे बुद्धिमत्ता से ग्रहण करने की क्षमता का विकास करना।
12–उपलब्ध साधनों और यंत्र कलाओं के मूल डिजाइन का निर्माण करने की कला का विकास करना।
13–सम्बन्धित व्यवसाय में कार्य करने वाले अन्य लोगों के साथ सहयोग करने की प्रवृत्ति का विकास करना।
14–सूचना देने के लिये प्रभावशाली एवं साधारण संचार साधनों की तकनीक से अवगत कराना।

स्वरोजगार के अवसर–

1–स्वरोजगार के अन्तर्गत अपनी इकाई स्वयं लगाकर व्यवसाय कर सकता है।
2–मजदूरी रोजगार जिसमें लोग दूसरे के लिये कार्य करते हैं, उसके लिये वह पारिश्रमिक पाते हैं।
3–रंगसाज बन सकते हैं।
4–डिजाइनर–(1) रंगाई का डिजाइनर।
(2) ब्लाक छपाई का डिजाइनर।
5–हाबी कोर्स (अभिरुचि कक्षायें) केन्द्र खोला जा सकता है।
6–संग्रहालय सहायक (टेक्सटाइल अनुभाग) बन सकता है।
7–निर्देशक (कार्यानुभव हेतु स्कूल टेक्सटाइल क्राफ्ट हेतु)।
8–समापन तकनीशियन बन सकते हैं।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(टेक्सटाइल विज्ञान एवं डिजाइन)

इकाई–1

1–प्रारम्भिक डिजाइन, लाइन डाट्स, धारियां एवं प्रयोग। 20

2–आलेखन के मूल तत्व–

(क) रंग, (ख) आकार, (ग) हारमनी, (घ) वैलेन्स, (ङ) डिजाइन के मूल तत्वों की भूमिका।

3–डिजाइन में उपकरणों का अध्ययन एवं प्रयोग प्रक्रिया का वर्णन।

इकाई–2

1–डिजाइन प्रयोग सामग्री की सूची एवं उसका प्रयोग तथा सावधानियां। 10

2–प्रागैतिहासिक, मध्यकालीन, आधुनिक कशीदाकरी, कालीन फुलकारी वाली डिजाइनों का अध्ययन।

इकाई–3

1–लोक कला और लोक कला पर आधारित वस्त्र डिजाइन का अध्ययन। 10

इकाई–4

1–मध्यकालीन वस्त्र डिजाइन का अध्ययन। 20

2–आधुनिक कालीन वस्त्र डिजाइन का अध्ययन एवं इससे निर्मित कसीदाकारी डिजाइन।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(ड्राइंग एवं कलर स्कीम)

इकाई–1

(क) डाई तैयार करने में प्रयोग होने वाले उपकरणों का अध्ययन। 20

(ख) डाई तैयार करने में उपयोगी सामग्री एवं उसे प्रयोग करने की तकनीक।

इकाई–2

(क) प्रिंटिंग में प्रयोग किये जाने वाले रंग को पक्का करने की तकनीक एवं स्थायित्व सम्बन्धी विशेष जानकारी। 20

(ख) प्रिंटिंग के बाद कपड़े की फिनिशिंग करना।

इकाई–3

(क) डाई में प्रयोग होने वाले केमिकल का प्रयोग एवं प्रभाव, गोंद, सकेफिक्स, बाउन्डर एसिड, यूरिया इत्यादि। 10

इकाई–4

(क) वनस्पति रंगों से रंगाई एवं छपाई। 10

तृतीय प्रश्न–पत्र
(एडवांस ब्लाक डिजाइनिंग)

इकाई–1

(क) अधिक रंगों वाले ब्लाक छपाई की विशेषता और उसका मार्केट वैल्यू। 20

(ख) चंदेरी फैन्सी साड़ियों पर की गयी ब्लाक डिजाइनों का अध्ययन एवं विशेषता।

शिफान तथा जार्जेट साड़ी और दुपट्टों पर बनी हुयी चुनरी पर आधारित ब्लाक डिजाइन–रंग योजना तकनीक।

इकाई–2

(क) रेशमी सलवार कुर्ते पर की गयी ब्लाक प्रिंटिंग डिजाइनों की विशेषता। 16

सिल्क साड़ी की आधुनिक ब्लाक डिजाइनों का विश्लेषण, अन्य तकनीक का प्रभाव एवं महत्व।

इकाई–3

(क) ब्लाक प्रिंटिंग में ब्लाक की डिजाइन के अनुसार तैयार करना एवं ब्लाक की छपाई के लिये तैयार करना। 14

इकाई–4

(क) डिजाइन में पशु–पक्षी का प्रयोग एवं ब्लाक प्रिंटिंग में इस प्रकार की डिजाइनों का महत्व। 10
मानव आकृति पर आधारित ब्लाक डिजाइन का प्रयोग एवं महत्व।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग)

इकाई–1

(क) ब्लाक बनाने में उपयोगी उपकरणों का ज्ञान। 10

इकाई–2

(क) छपाई करने से पहले कपड़े की छपाई के लिये तैयार करना। 20
(ख) छपाई के बाद ब्लाक का रख–रखाव व सफाई।

इकाई–3

(क) छपाई मेज की सावधानी एवं छपाई मेज की विशेषतायें। 20
(ख) ब्लाक प्रिंटिंग में रंग योजना के नियमों का विस्तृत अध्ययन।

इकाई–4

(क) ब्लाक प्रिंटिंग डिजाइन में रंग योजना की भूमिका। 10

पंचम प्रश्न–पत्र
(ब्लाक प्रिंटिंग उद्योग एवं प्रबन्ध)

इकाई–1

(क) विद्यार्थी को रोजगार करने हेतु आन्तरिक मनोबल एवं वाह्य विकास करना। 20
(ख) उत्पादन एवं उत्पादन की विशेषता का ज्ञान।

इकाई–2

(क) प्रबन्ध की परिभाषा एवं मार्केटिंग मैनेजमेण्ट का परिचय। 10

इकाई–3

(क) विपणन का अध्ययन, मार्केट का व्यावहारिक अनुभव। 10

इकाई–4

(क) उद्योग प्रारम्भ करने हेतु ऋण प्राप्त करने के नियमों का अध्ययन करना। 05
(ख) उत्पादित वस्तु के एक्सपोर्ट विक्रय की नियमावली का अध्ययन। 05

इकाई–5

(क) डिस्प्ले करने के लिये आवश्यक बातों का अध्ययन। 05
(ख) डिस्प्ले करने हेतु आवश्यक उपकरणों की सूची एवं इनका प्रयोग। 05

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–प्रारम्भिक डिजाइन का निर्माण एवं इनका वस्त्र डिजाइन में प्रयोग।
2–(क) इन्टेन्सिटी रंग का प्रयोग एवं चार्ट।
(ख) डिजाइन में इन्टेन्सिटी रंग का प्रयोग।
3–डिजाइन में अनेक माध्यमों का प्रयोग–क्रयान आयल रंग, निब वर्क स्याही आदि।
4–टेक्चर निर्माण, पेपर, वेबंस पेपर तथा पेपर पर बनी डिजाइनों को लकड़ी के ब्लाक पर उतारना।
5–ब्लाक से इन डिजाइनों के सैम्पुल छापना या कागज पर बनाकर दिखाना।
6–बार्डर और खुली चेक की रिपोर्ट करना।
7–आल ओवर डिजाइन को रिपोर्ट करना।
8–धारियों पर आधारित डिजाइन का निर्माण एवं रिपीट।

द्वितीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–कई तरह के कपड़ों की ब्लीचिंग करना।
2–चादर के लिये ब्लाक डिजाइनों/डिजाइन में दो रंग का प्रयोग।
3–रजाई के खोल के लिये ब्लाक डिजाइन का निर्माण।
4–गोटा की साड़ी के लिये ब्लाक डिजाइन को तैयार करना।
5–छपे कपड़ों को हैण्ड फिनिश करके दिखाना।
6–इनको बनाने की प्रयोगात्मक विधि।
7–इन रंगों से सूती कपड़ा रंगकर तथा छापकर सैम्पुल निकालना।

तृतीय प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–वायल या आरगंडी वस्त्र के लिये आकर्षक और आधुनिक डिजाइन का निर्माण कार्य। वायल जाली वाले वस्त्र पर छापने योग्य डिजाइन का निर्माण।

2–5 या 6 रंग योजना वाले सुन्दर ब्लाक डिजाइन का निर्माण।

3–चंदेरी साड़ी के लिये सुन्दर डिजाइन का निर्माण पूरे सेट के साथ करना, आल ओवर आंचल, बार्डर चुनरी डिजाइन पर आधारित शिफान या जार्जेट साड़ी के लिये ब्लाक डिजाइन का निर्माण कागज पर करना।

4–रेशम वस्त्र के लिये आल ओवर डिजाइन का निर्माण कागज पर करना। रेशमी साड़ी के लिये बार्डर आल ओवर आंचल का ब्लाक डिजाइन का निर्माण कागज पर करना।

5–पशु और पक्षी पर आधारित वाल हैंगिंग के लिये ब्लाक डिजाइन का निर्माण कार्य। मानव आकृति पर आधारित सुन्दर डिजाइन का निर्माण (कागज पर प्रयोग)।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–आसान डिजाइनों का ब्लाक तैयार करना।

2–सिल्क का दुपट्टा या साड़ी छापना।

3–प्रयोगात्मक रूप से कार्य करना।

4–पारस्परिक ब्लाक छपाई पर आधारित बेड कवर की छपाई करना।

5–आल ओवर डिजाइन के ब्लाक द्वारा टैपेस्ट्री हेतु वस्त्र की छपाई।

6–आकर्षक फैशन के अनुसार ब्लाक छपाई द्वारा साड़ी तैयार करना।

पंचम प्रश्न–पत्र के सन्दर्भ में–

1–ड्राइंग उद्योग की छोटी रूपरेखा तैयार कर प्रयोग करना।

2–मार्केट में तैयार माल की सप्लाई करना और लगाये गये मूल्यों से लाभ की सूची तैयार करना।

3–बनाये वस्त्रों का मूल्य बाजार भाव से निर्धारित करना।

4–बनाये गये रंगों का मूल्य निर्धारित करना।

5–तैयार वस्तुओं को डिस्प्ले करना।

6–डिस्प्ले करने के लिये 8–12 वर्ष का माडल तैयार करना।

7–डिस्प्ले हेतु 13 से 25 वर्ष का माडल तैयार करना।

प्रयोगात्मक परीक्षा की रूपरेखा

हैण्ड ब्लाक प्रिंटिंग विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा का विभाजन निम्नवत् होगा–

आन्तरिक मूल्यांकन	200 अंक
वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन	200 अंक
योग ..	400 अंक

वाह्य परीक्षा की रूपरेखा–

नोट–समय 10 घंटा (दो दिनों में)

(क) लघु प्रयोग दो दिये जायें, प्रत्येक का समय 2+2=4 घण्टे।

(ख) दीर्घ प्रयोग दो दिये जायें, प्रत्येक का समय 3+3=6 घण्टे।

लघु प्रयोग–

		समय
प्रयोग नं0 1	20 अंक	2 घण्टे
प्रयोग नं0 2	20 अंक	2 घण्टे
मौखिक	10 अंक	–
योग ..	50 अंक	

दीर्घ प्रयोग–

		समय
प्रयोग नं0 1	65 अंक	3 घण्टे
प्रयोग नं0 2	65 अंक	3 घण्टे
मौखिक	20 अंक	–
योग ..	150 अंक	
सम्पूर्ण योग ..	200 अंक	

प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

(अ) दीर्घ प्रयोग–

1–डिजाइन में पांच या छः रंगों का प्रयोग।
2–फैन्सी साड़ी के लिये ब्लाक डिजाइन का निर्माण करना।
3–फैन्सी प्रान्तीय डिजाइनों का कागज पर निर्माण करना एवं कपड़े पर छापना।
4–मोटे कपड़े की डिजाइन का कागज पर निर्माण एवं कपड़े पर छपाई करना।
5–सिल्क के कपड़े के लिये कागज पर डिजाइन निर्माण करना एवं कपड़े पर छापना।
6–अत्यन्त आधुनिक नये डिजाइनों का कागज पर निर्माण करना एवं फैन्सी वस्त्रों पर छपाई करना।

(ब) लघु प्रयोग–

1–विभिन्न प्रकार के रंग संयोजन करना।
2–सिल्क की छपाई के लिये रंग को तैयार करना।
3–इंडिगो सेल, डिस्पर सील रंग तैयार करना।
4–ब्रेन्थाल रंग तैयार करना।
5–एसिड तथा एसिड मारडेन्ट डाई तैयार करना।

नोट–परीक्षक पाठ्यक्रम से अन्य दीर्घ एवं लघु प्रयोग परीक्षार्थियों को दे सकते हैं।

पुस्तकें–

1. Chemical I Processing of Cotton and Polyester Cotton Blends	J. R. MODI Research Associate and A. R. GARDE, Assistant Director	ATIRA ATIRA	
2. Chemical Technology of Fibrous Materials	F. SADOV M. RORCHAGIN A. MATETSKY		Rs. 20.00
3- lwrh oL= NikbZ	ys[kd&Hkwnso 'kekZ		
4. Principles of Cotton Printing	By--D. G. KALE Pub.--Mahajan Bros. Super Market Ahmedabad.		Rs. 25.00
5. Technology of Textile Processing vol. IV, Technology of Printing	By--Dr. V. A. SHENAI Pub.--Mahajan Bros. Super Market Ahmedabad.		Rs. 15.00

(34) ट्रेड–मेटल क्राफ्ट
(कक्षा– 12)

उद्देश्य–

1–दैनिक जीवन में धातु शिल्प के महत्व एवं उपयोगिता से छात्रों को परिचित कराना।
2–धातु चादर के कार्य एवं अलौह धातुओं के ढलाई के कार्यों में दक्षता प्राप्त करना।
3–छात्रों के मस्तिष्क में कलात्मक धातु शिल्प के द्वारा सौन्दर्यानुभूति को विकसित करना।
4–भारतीय संस्कृति एवं परम्परा में कलात्मक धातु शिल्प के महत्व से परिचित कराना।
5–छात्रों की सृजन शक्ति का विकास करना।
6–छात्रों में श्रम के प्रति निष्ठा एवं आदर की भावना उत्पन्न करना।

स्वरोजगार के अवसर–

1–स्व–रोजगार स्थापित करने के पूर्व किसी धातु शिल्प के उद्योग में एप्रेन्टिसशिप का जाब कर धनोपार्जन करना तथा वहां पर उद्योग के वातावरण में रहकर सम्बन्धित ज्ञान एवं अनुभव प्राप्त करना।
2–धातु चादर से कलात्मक वस्तुओं की निर्माणशाला स्थापित कर सकता है।
3–अलौह धातुओं की कलात्मक ढलाई द्वारा वस्तुओं के निर्माण हेतु कुटीर उद्योग स्थापित कर सकता है।
4–इस शिल्प से सम्बनिधत वस्तुओं का बिक्रय केन्द्र खोल सकता है तथा सेल्समैन का कार्य कर सकता है।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
आन्तरिक परीक्षा	200	400	200	
वाह्य परीक्षा	200			

नोट–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र

(धातुओं का सामान्य ज्ञान)

1–मिश्र धातु की परिभाषा, मिश्र धातु बनाने के उद्देश्य और उसके गुण तथा उपयोग, विभिन्न प्रकार की पीतल, उनके गुण उपयोग। 12

2–विभिन्न प्रकार की धातु चादरों का ज्ञान। 12

3–अल्यूमीनियम, तांबा व पीतल के व्यावहारिक कार्य हेतु विभिन्न रूप–तार, चादर, पटरी, ट्यूब, गोल व चौकोर पाइन, ऐंगिल आदि। 12

4–धातु की लम्बाई, क्षेत्रफल, आयतन, परिमिति की गणना, आपेक्षित घनत्व की सहायता से मात्रा ज्ञात कर मूल्य निकालना। 12

5–भारत में कलात्मक धातु कला का महत्व एवं कलात्मक धातु कला के प्रमुख कार्य स्थल, मुरादाबाद का विशेष सन्दर्भ और उनके निर्यात की सम्भावनायें। 12

द्वितीय प्रश्न–पत्र

(धातु शिल्प के सामान्य यंत्र व उपकरण एवं प्रक्रियाएं)

भाग–अ

1–स्क्रेपिंग। 10

2–पैचिंग व ड्रिलिंग। 10

3–शेप मेकिंग–हाइलोइंग, रेजिंग, क्रीजिंग व शिकिंग। 10

4–ज्वाइंटिंग–रिवेटिंग, सोल्डरिंग, ब्रेजिंग, वेल्डिंग, नट–बोल्ट या सीम जोड़। 10

5–तापीय क्रियाएं–एनीयलिंग, टैम्परिंग, नारमलाइजिंग व केसहाडिनिंग का ज्ञान। 10

6–इलेक्ट्रोप्लेटिंग। 10

तृतीय प्रश्न–पत्र

(डिजाइनिंग एवं साजवट का कार्य)

भाग–अ

1–अलंकरण की विधियां–स्क्रेपिंग, इंग्रेविंग, इनेमलिंग, एचिंग, एम्बालिंग, वुलीवर्क, मीनाकारी, लकरिंग रिपाउच वर्क, टेम्पर कलर की विधियों का ज्ञान कराना। 30

उपर्युक्त क्रियाओं में प्रयुक्त उपकरणों की जानकारी व सही प्रयोग विधि।

2–धातु वस्तु पर पॉलिशिंग का कार्य व प्रयुक्त सामग्री तथा क्रियाविधि की जानाकरी–वफ, एमरो से फलगविपालिंग कम्पाउण्ड। 30

विशेष–चतुर्थ एवं पंचम प्रश्न–पत्र के लिये निम्नलिखित ग्रुप (अ) अथवा ग्रुप (ब) का चयन करना होगा।

ग्रुप (अ)

चतुर्थ प्रश्न–पत्र

(अलौह धातुओं का ढलाई कार्य)

1–अलौह धातुओं की ढलाई में प्रयुक्त उपकरणों की सही प्रयोग विधि का ज्ञान धरिया (क्रसिबुल), विभिन्न प्रकार की सड़सी, हथौड़ा, पैथर या पोडली, सब्बल, धौंकनी (ब्लोवर), हाथ का ब्लोवर, बिजली का ब्लोवर। 12

2–ढलाई कार्य में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार की बालू का ज्ञान। 12
3–बालू मिक्स्चर तैयार करने की विधि। बालू मिक्स्चर तैयार करने की वस्तुओं का ज्ञान–जैसे शीरा, बिरोजा तेल आदि, फेलिंग सैण्ड, पाटिंग पाउडर। 12
4–माल गलाने की विधियां–धरिया द्वारा माल गलाने की विधि। 12
5–गले माल की सफाई का ज्ञान–फ्लेक्स का कार्य एवं प्रयोग। 12

प्रोजेक्ट वर्क–

1–ढलाई कार्य के इतिहास के ऊपर चित्र सहित एक रिपोर्ट लगभग आठ सफों की लिखें।
2–ढलाई के विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में आठ से दस सफों का चित्र सहित वर्णन कीजिये।

ग्रुप (अ)
पंचम प्रश्न–पत्र
(अलौह धातुओं का ढलाई कार्य)
भाग–दो

1–पीतल के अन्दर अशुद्धियों का प्रभाव, ढली हुई वस्तुओं में पायी जाने वाली विभिन्न प्रकार की खराबियों व उनको दूर करने की विधियां। 10
2–ढली हुई वस्तुओं की चिपिंग का ज्ञान 10
3–ढली हुई वस्तुओं पर रासायनिक फिनिशिंग का ज्ञान। 10
4–ढली हुई वस्तुओं का मूल्य निर्धारण। 10
5–ढली हुई अलौह धातु को कलात्मक वस्तुओं के प्रमुख कार्य स्थल की जानकारी। 10
6–लास्ट वैक्स प्रोसेस, आइसनोग्राफी एवं ढोकरा क्राफ्ट। 10

प्रोजेक्ट वर्क–

1–कम से कम दो अलौह धातु की ढलाई से पांच–पांच माडल का निर्माण।
2–लास्ट वैक्स प्रोसेस/आइसनोग्राफी/ढोकरा क्राफ्ट के द्वारा एक वस्तु का निर्माण।
3–ढलाई, लास्ट वैक्स प्रोसेस, आइसनोग्राफी, ढोकरा क्राफ्ट में से किसी एक से सम्बन्धित क्षेत्र का ज्ञान करना और उस पर सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

ग्रुप (ब)
चतुर्थ प्रश्न–पत्र
नक्कासी कार्य व रंग भराई का कार्य
भाग–एक

1–नक्कासी के उपयोग एवं लाभ। 12
2–नक्कासी के लिये विभिन्न नमूनों के निर्माण। 12
3–नक्कासी की फिनिशिंग। 12
4–निर्मित धातु वस्तुओं का मूल्य निकालना तथा लागत बचत का ब्यौरा बनाना। 12
5–निर्मित धातु वस्तुओं के विक्रय केन्द्रों की जानकारी। 12

प्रोजेक्ट वर्क–

1–बच्चे दो साइज के कम से कम 5 गमलों तथा 5 प्लेटों को नक्कासी की विधि द्वारा तैयार करेंगे।
2–नक्कासी से सम्बन्धित किन्हीं दो स्थलों के बारे में 6 से 7 सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

ग्रुप (ब)
पंचम प्रश्न–पत्र
(नक्कासी एवं रंग भराई का कार्य)
भाग–दो

1–स्प्रे पेन्ट की जानकारी। 10
2–फिनिशिंग (छपाई) करने की विधि। 10
3–तैयार वस्तुओं के रख–रखाव व पैकिंग का ज्ञान। 10
4–निर्मित वस्तुओं का मूल्य निकालना। 10
5–निर्मित धातु की वस्तुओं के बिक्रय केन्द्रों की जानकारी। 10
6–फैन्सी आइटम का ज्ञान तथा उनके सजावट का तरीका। 10

प्रोजेक्ट वर्क–

1–बच्चे दो साइज के कम से कम पांच गमलों व पांच प्लेटों को इनमिलिंग द्वारा तैयार करेंगे।
2–इनमिलिंग से सम्बन्धित किन्हीं दो स्थलों के बारे में छः–सात सफों की रिपोर्ट तैयार करना।

प्रयोगात्मक कार्य का पाठ्यक्रम

प्रयोगात्मक परीक्षा दो भागों में होगी। भाग (क) का प्रयोगात्मक कार्य धातु शिल्प के सभी छात्रों के लिये भाग (ख) का प्रयोगात्मक कार्य विशिष्ट ट्रेड से सम्बन्धित होगा।

विशिष्ट ट्रेड–अलौह धातुओं का ढलाई कार्य अथवा नक्कासी का कार्य व रंग भराई का कार्य।

भाग (क) का पाठ्यक्रम–

भाग (ख) (I) का पाठ्यक्रम–

(I) अलौह धातुओं का ढलाई कार्य–

1–अलौह धातुओं की ढलाई कार्य में प्रयुक्त यंत्रों/उपकरणों के सही नाम जानना और पहचानना।

2–बालू मिक्चर तैयार करना।

3–फेसिंग सैण्ड तैयार करना।

4–मोल्डिंग वैक्स का सही प्रयोग करना।

5–कोर सैण्ड तैयार करना।

6–कोर द्वारा मोल्डिंग करना।

7–भट्ठी में माल गलाना।

8–माल गलते समय धातु की गन्दगी साफ करना।

9–ढली हुई वस्तु की चिपिंग करना।

10–इन्ग्रेन्ड पैटर्न की महीन बालू द्वारा ढलाई करना।

11–ढली हुई वस्तु की फिनिशिंग करना।

नोट–1–प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में कम से कम दो अलौह धातु से पांच मॉडलों/वस्तुओं का पूर्ण रूप से निर्माण किया जाना चाहिये तथा इसे वाह्य परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिये।

2–प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में किये गये अन्य प्रयोगात्मक कार्य/निर्मित वस्तुओं का विस्तृत लेखा/रिपोर्ट विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष रखा जाय।

3–विषय अध्यापक एवं प्रधानाचार्य द्वारा यह प्रमाण–पत्र दिया जाना चाहिये कि मॉडल/वस्तु का निर्माण अमुक छात्र द्वारा ही किया गया है।

भाग (ख) (II) का पाठ्यक्रम–

1–स्प्रे पेंटिंग करना।

2–सफाई करना।

3–निर्मित वस्तुओं का मूल्य निकालना।

4–निर्मित वस्तुओं की पैकिंग करना।

नोट–1–पूर्ण सत्र में प्रत्येक छात्र द्वारा दो साइज के कम से कम 5 गमले तथा 5 प्लेटें जो नक्कासी व रंग भराई की विधि से तैयार की गयी हो, वाह्य परीक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

2–प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा पूरे सत्र में किये गये प्रयोगात्मक कार्य/निर्मित वस्तुओं का विस्तृत लेखा/रिपोर्ट विषय अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कराकर प्रयोगात्मक परीक्षक के समक्ष रखा जाये।

3–विषय अध्यापक एवं प्रधानाचार्य द्वारा यह प्रमाण–पत्र दिया जाना चाहिये कि मॉडल/वस्तु का निर्माण अमुक छात्र द्वारा ही किया गया है।

प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन–

	अंक
आन्तरिक मूल्यांकन . .	200
वाह्य परीक्षक द्वारा मूल्यांकन . .	200
योग ..	400

वाह्य परीक्षा की रूपरेखा

समय–10 घण्टा दो दिनों में

मूल्यांकन–

(1) लघु प्रयोग–

	अंक
(अ) प्रयोगात्मक कार्य भाग (क) की परीक्षा का मूल्यांकन	40
(ब) मौखिक प्रश्न	10
योग ..	50

(2) दीर्घ प्रयोग–

	अंक
प्रयोगात्मक कार्य भाग (ख) की परीक्षा का मूल्यांकन	.150
जिसमें मौखिक प्रश्न सम्मिलित है	50
योग ..	200

प्रयोगात्मक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिये 50 प्रतिशत अंक पाना आवश्यक है।

पुस्तकें–

कोई पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं है। संस्था के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से उपयुक्त पुस्तक का चयन करा लें।

(35) ट्रेड–कम्प्यूटर तकनीक एवं मेन्टेनेन्स (कक्षा– 12)

उद्देश्य–

आज के विज्ञान जगत में कम्प्यूटर का एक ऐसा स्थान है जो अद्वितीय है। चाहे कारखाना हो, शोध संस्थान हो, राजकीय अथवा निजी कार्य स्थान हो, कम्प्यूटर ने अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। बैंकों में हिसाब–किताब, रेल आरक्षण–कार्य, परीक्षा कार्य आदि आज सामान्य बात हो गयी हैं अतः यह आवश्यक है कि हर शिक्षित नागरिक को कम्प्यूटर का ज्ञान हो। इस ट्रेड का मुख्य उद्देश्य कम्प्यूटर के बारे में जानकारी देना तथा कम्प्यूटर को बनाने व सुधारने के लिये अधिक संख्या में मानव संसाधन उपलब्ध कराना है।

स्वरोजगार के अवसर–

1–कम्प्यूटर मैकेनिक के रूप में
2–कम्प्यूटर आपरेटर के रूप में
3–कम्प्यूटर टेस्टर्स के रूप में
4–D.T.P. आपरेटर्स के रूप में
5–प्रिंटिंग मैकेनिक के रूप में
6–कम्प्यूटर सुधारक के रूप में
7–डाटा एन्ट्री के रूप में
8–स्व व्यवसाय।

पाठ्यक्रम–

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पांच प्रश्न–पत्र और प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक–				
(1) प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
(2) द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(3) तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
(4) चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
(5) पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	

(ख) प्रयोगात्मक–कुल 400 अंकों की होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् रहेगा–

आन्तरिक परीक्षा	200 अंक
वाह्य परीक्षा	200 अंक

- 75–साफ्टवेयर प्रयोग
- 75–हार्डवेयर प्रयोग
- 50–मौखिक (Viva)

नोट–1–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50 प्रतिशत उत्तीर्णांक पाना आवश्यक है।

2–प्रयोगात्मक के आन्तरिक परीक्षा में सत्रीय मूल्यांकन तथा दो प्रोजेक्ट (एक साफ्टवेयर व एक हार्डवेयर) का होना अनिवार्य है। प्रोजेक्ट्स का मूल्यांकन आन्तरिक परीक्षण द्वारा होगा, परन्तु इन प्रोजेक्ट्स को वाह्य परीक्षक को भी दिखाया जायेगा।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर परिचय)

पूर्णांक 60

1–बाइनरी अर्थमेटिक (Binary Arithmetic) **20 अंक**

बिट्स निबल्स, बाइट्स बर्ड लेन्थ, कैरेक्टर रिप्रेजेन्टेशन आस्की (ASCII)] कैरेक्टर्स कोड्स, साधारण बाइनरी अर्थमेटिक (जोड़, घटाना, गुणा, भाग) कम्प्यूटर लॉजिक, बूलियन आपरेशन्स।

2–लॉजिक गेट्स (Logic Gate) **40 अंक**

लॉजिकल आपरेटर्स, NOT.AND.OR.NOR.NAND.EXOR गेट्स एवं उनके Truth टेबिल्स।

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(आपरेटिंग सिस्टम) **पूर्णांक 60**

1–ट्रान्सलेटर्स (Translaters) **10 अंक**

एसेम्बलर्स (Assemblers)] इण्टरप्रेटर्स (Interpreters)] कम्पाइलर्स (Compilers) का अध्ययन करना।

2–कम्प्यूटर नेटवर्क (Computer Network) **20 अंक**

कम्प्यूटर नेटवर्किंग परिचय, प्रकार LAN, WAN, MAN नेटवर्क टॉपोलॉजी–स्टर, रिंग, बस, ट्री, नेटवर्क टॉपोलॉजी, कम्प्यूटर नेटवर्किंग का प्रयोग।

3–इन्टरनेट (Internet) **30 अंक**

इन्टरनेट का परिचय, इतिहास, HTTPका परिचय,का परिचय एवं वेबसाइट पहचान, विभिन्न प्रकार के प्रोटोकाल (TCX/IP) उपयोग, इन्टरनेट से जुड़ना, वेब ब्राउसिंग, E-Mail और अटैचमेन्ट (ई–मेल एकाउन्ट, पढ़ना, भेजना, बाहर आना), User ID का परिचय प्रयोग।

तृतीय प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर हार्डवेयर)

पूर्णांक 60

1–हार्ड–डिस्क ड्राइव (Hard Disk Drive) **24 अंक**

हार्ड–डिस्क टेक्नालॉजी, संकल्पना, क्षमता, रोटेशन, स्पीड एण्ड डाटा–ट्रान्सफर रेट्स, मीडिया, R/W हेड्स, FAT फारमेटिंग, पार्टीशनिंग, एच0 डी0डी0 का इन्स्टालेशन कलसटर्स H/D के प्रकार (IDE, EIDE, SCSI)A

2–फ्लापी एण्ड CD ड्राइव (Floppy and CD Drive) **16 अंक**

फ्लापी के प्रकार, क्षमता एवं बचाव–एफ0डी0डी0 का परिचय–इन्स्टालेशन और ट्रबलशूटिंग ब्क ड्राइव–उनके लाभ और क्षमता, डी0वी0डी0 का परिचय।

3–मॉनिटर्स (Monitors) **20 अंक**

मॉनिटर्स का परिचय, प्रकार (VGA, EGA, SVGA) प्रमुख पैरामीटर, वीडियो RAM, AGP, 3D एक्सिलरेटर्स, मॉनिटर्स का ट्रबलशूटिंग, फ्लैट स्क्रीन डिस्प्ले–एक परिचय, प्रकार।

चतुर्थ प्रश्न–पत्र
(डी0टी0पी0 एवं ई0डी0पी0)

पूर्णांक 60

1–एम0 एस0 एक्सेल **20 अंक**

एम0 एस0 एक्सेल का परिचय, इसकी शुरुआत, वर्कशीट की संरचना, इसको सेव करना, खोलना और इसकी फाइल पर विभिन्न प्रकार के आपरेशन्स जैसे एडीटिंग, प्रिंटिंग सूत्रों एवं फलन का प्रयोग, ऐरेज और नामांकित रेन्जेस का प्रयोग करना। चार्ट्स बनाना, मेक्रोज तथा फार्म्स का उपयोग करना।

2–ई0डी0पी0 **40 अंक**

डेटा का परिचय, डेटाबेस का परिचय, रिलेशनल डेटाबेस कापरिचय एवं लाभ, फाक्स प्रो का परिचय, फाक्स प्रो द्वारा कार्य करना, डेटाबेस संरचना, डेटाबेस की फाइल्स बनाना, इनको सेव करना एवं खोलना, फाइल में संशोधन–संरचना एवं विषयक संशोधन, सम्पादन तथा डेटा जोड़ना, डेटा समीक्षा, इन्डेक्सिंग एक्सप्रेशन एवं क्वेरी का उपयोग, रिपोर्ट बनाना, लेबल्स तैयार करना, आर0 डी0 (Relational Database) के प्रयोग, स्मृति, वैरियबिल (Variable)] फंक्शन एवं फाक्स प्रो के उपयोग द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयोग।

पंचम प्रश्न–पत्र
(कम्प्यूटर मेन्टेनेन्स एण्ड नेटवर्किंग)

पूर्णांक 60

इकाई–1–प्रिन्टर्स– **20 अंक**

डाट मैट्रिक्स प्रिन्टर्स–विभिन्न पार्ट्स की पहचान व क्लीनिंग
बबल–जेट तथा इंकजेट प्रिन्टर्स–इसके पार्ट्स की पहचान
काट्रिज (Cartridge) की रिफिलिंग व पुनर्स्थापन
लेजर प्रिन्टर्स–टोनर काट्रिज का पुनर्स्थापन, इन्स्टालेशन एवं ट्रबलशूटिंग

इकाई–2–मोडेम्स– **10 अंक**

सिद्धान्त, कार्यविधि, प्रकार एवं उपयोग
पैरामीटर्स (गति, त्रुटियों एवं उनका संशोधन) इन्स्टालेशन तथा ट्रबलशूटिंग

इकाई–3–बेसिक्स आफ नेटवर्किंग– **20 अंक**

नेटवर्किंग का परिचय, नेटवर्क मीडिया, केबलिंग, नेटवर्क इन्टरफेस कार्ड (NIC)
मीडिया एक्सेस मेथड्स
कनेक्टिविटी डिवाइसेज, रिपीटर्स, हब्स/स्विचेज
क्लाएन्टसरवर की संकल्पना

इकाई–4–टेस्टिंग टूल्स– **10 अंक**

मल्टीमीटर, लाजिक टेस्टर, क्लिपिंग टूल्स, आसिलोस्कोप

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम की सूची
(हार्डवेयर प्रयोग)

पूर्णांक 400
उत्तीर्णांक 200

1–प्रतिरोधों को श्रेणीक्रम व समान्तर क्रम में लगाना।
2–Capacitor व Inductors को Testing करना।
3–डायोड व ट्रांजिस्टर का अभिलाक्षणिक वक्र खींचना।
4–पावर सप्लाई का परीक्षण करना।
5–UPS & CVT का परीक्षण करना।
6–की–बोर्ड का परीक्षण करना।
7–माउस का परीक्षण करना।
8–DMP (Dot Matrix Printer) का अध्ययन करना।
9–मल्टीमीटर व लाजिक टेस्टर्स से प्रयोग करना।
10–ट्रबलशूटिंग व PC की मरम्मत करना।

(साफ्टवेयर प्रयोग)

1–पेज ले आउट सेट करना।
2–टेबल ऑफ कन्टेन्ट्स को तैयार करना।
3–सेलेक्टेड व सम्पूर्ण शीट प्रिन्ट करना।
4–Excelमें Number, Text Date and Timeके प्रयोग से वर्कशीट बनाना। सेल्स (Cell), रास (Rò) एवं कालम्स (Columns) को इन्सर्ट व डिलीट करना, फारमूला प्रयोग करना जिसमें रिलेटिव (Relative) एबसोल्यूट (Absolute) व मिक्स्ड (Mixed) रिफरेसिंग का उपयोग हो।
5–चार्ट बनाना, सुधारना, इन्सर्ट डिलीट करना।
6–साधारण एवं मीनू मेक्रोस को बनाना व चलाना।
7–सेलेक्टेड व सम्पूर्ण वर्कशीट को प्रिन्ट करना। चार्ट को प्रिन्ट करना।
8–डाटाबेस स्ट्रक्चर बनाना, सुधारना व कापी करना। डाटा जोड़ना, सम्पादन एवं समीक्षा।
9–डाटाबेस को क्वेरी (Query) करना व इन्डेक्सिंग करना।
10–रिपोर्ट फाइल बनाना।
11–मेलिंग–लेबल बनाना।
12–फाक्स–प्रो (Fox Pro) का इस्तेमाल करते हुए साधारण प्रोग्रामों का निर्माण करना व परीक्षण।

प्रोजेक्ट की सूची
(साफ्टवेयर प्रोजेक्ट)

1–एक्सेल व लोट्स 1–2–3 की तुलना।
2–फलन एवं माइक्रोस का विस्तृत अध्ययन।
3–एक्सेल का प्रयोग करके चार्ट व ग्राफ की तुलना।
4–विभिन्न प्रकार के फाइल और उनका प्रयोग।
5–फाइल प्रोटेक्शन।
6–रिपोर्ट तैयार करना।
7–लेबल तैयार करना।
8–स्पेल–चेक के प्रकार व गुणवत्ता।
9–विभिन्न प्रकार के डाटाबेस।
10–Fox Proव अन्य Data baseकी तुलना।
11–विभिन्न प्रकार की लो–लेवल भाषायें और उनकी आवश्यकता।
12–हाई–लेवल भाषायें और उनके विभिन्न लाभ।

(हार्डवेयर प्रोजेक्ट)

1–DMP की कार्यविधि।
2–लेसर प्रिन्टर्स का प्रयोग व लाभ।
3–मोडम में गुणवत्ता एवं गति का प्रभाव।
4–LAN,MAN, WANकी तुलना।
5–हब्स व स्विच का अध्ययन।
6–मल्टीमीटर की कार्यविधि।
7–आक्सिलोस्कोप का सिद्धान्त।
8–फ्लैट स्क्रीन मानीटर्स।
9–लॉजिक एनालाजर्स।
10–इन्ट्रानेट व इन्टरनेट।

उपकरणों की सूची एवं मूल्य निर्धारण

क्र0 सं0	उपकरण	संख्या	अनुमानित मूल्य
1	2	3	4
			रु0
1	पी0 सी0	3	60,000.00
2	यू0 पी0 एस0	3	8,000.00
3	मल्टीमीटर	3	600.00
4	डिजीटल मल्टीमीटर	3	1,200.00
5	लॉजिक टेस्टर	5	1,000.00
6	एक्सपेरीमेन्टल माडयूल्स		9,000.00
	(क) रेजिस्टर (Resistor)	3	
	(ख) डायोड	3	
	(ग) ट्रांजिस्टर	3	
	(घ) पावर सप्लाई	3	
	(ङ) I. C.	3	
7	टूल्स		5,000.00
	(क) शोल्डरिंग आयरन	5	
	(ख) पेंचकस	5	
	(ग) प्लास	5	
	(घ) कटर	5	
	(ङ) डी–शोल्ड पम्प	5	
	(च) विभिन्न कनेक्टर्स	5	
	(छ) फ्लैट केबिल्स	5	
8	ऑसिलोस्कोप	1	10,000.00
9	फर्नीचर्स, बिजली कनेक्शन, नेट कनेक्शन इत्यादि व अन्य		20,000.00
		कुल योग (लगभग) . .	**1,24,800.00**
		(एक लाख चौबीस हजार आठ सौ मात्र)	

(36) ट्रेड–घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं रख–रखाव

कक्षा– 12 **पूर्णांक–60**

उद्देश्य :––

(1) विद्युत उपकरणों की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
(2) उपकरणों के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का ज्ञान प्राप्त करना।
(3) घरेलू विद्युत उपकरणों की मरम्मत एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित पदार्थों की जानकारी प्राप्त करना।
(4) विद्युत मोटर एवं जनरेटर की सामान्य जानकारी प्राप्त करना।
(5) बैटरी के बारे में जानकारी एवं उसका रख–रखाव का सामान्य ज्ञान प्राप्त करना।
(6) स्वतंत्र रूप से घरेलू उपकरणों का परीक्षण करना एवं उनको सुधारने का ज्ञान प्राप्त करना।
(7) विद्युत उपकरणों पर कार्य करते समय सुरक्षा सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त करना।

रोजगार अवसर–

1––स्वरोजगार एवं मजदूरी रोजगार :––

निम्नलिखित व्यवसाय स्वरोजगार की श्रेणी में आते हैं अर्थात् (पाठ्यक्रम को पूरा करने के बाद अपनी इकाइयां लगा सकते हैं) मजदूरी रोजगार अर्थात् दूसरों के लिये रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

1–मोटर बाइन्डिग करने वाला।
2–जनरेटर मरम्मत करने वाला।
3–अभिरुचि कक्षायें चलाने वाला।
4–घरों की वायरिंग करने वाला।
5–स्वयं द्वारा उत्पादित सामग्री को बाजार में बेचने अथवा सप्लाई करने वाला।
6–सभी प्रकार के विद्युत उपकरणों की मरम्मत तथा रख–रखाव करने वाला।

2–केवल मजदूरी रोजगार :––

1–इलेक्ट्रीशियन (कार्यालय तथा उद्योग में) घरों की वायरिंग के लिए।
2–स्कूल या प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षक के सहायक के रूप में।
3–सेल्समैन के रूप में।
4–उपकरणों के एसेम्बलर एवं सुधारक मिस्त्री के रूप में।

पाठ्यक्रम––

इस ट्रेड में तीन–तीन घण्टे के पाँच प्रश्न–पत्र और उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा।

	पूर्णांक		उत्तीर्णांक	
(क) सैद्धान्तिक				
(1) प्रथम प्रश्न–पत्र	60		20	
(2) द्वितीय प्रश्न–पत्र	60		20	
(3) तृतीय प्रश्न–पत्र	60	300	20	100
(4) चतुर्थ प्रश्न–पत्र	60		20	
(5) पंचम प्रश्न–पत्र	60		20	
(ख) प्रयोगात्मक–				
(1) आन्तरिक परीक्षा	200 अंक			
(2) वाह्य परीक्षा	200 अंक	400		200

नोट :–परीक्षार्थियों को प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र में न्यूनतम उत्तीर्णांक 20 तथा योग में 33 प्रतिशत अंक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में 50% अंक पाना आवश्यक है।

प्रथम प्रश्न–पत्र
(प्रारम्भिक विद्युत अभियांत्रिकी प्रथम–सी0सी0)

पूर्णांक–60

इकाई

1–दिष्ट धारा परिपथ–श्रेणी परिपथ एवं समान्तर परिपथ, किरचाफ का नियम, अधिकतम शक्ति स्थानान्तरण प्रमेय, गणना के सामान्य प्रश्न। 30

2–स्थिर वैद्युतिकी–कुलम्ब के नियम, विद्युत् आवेश, गाउस के नियम, संघनित्र, बनावट, कार्य विधि धारिता (कैपीसिटेन्स)। 16

3–डी0सी0 मशीन–दिष्ट धारा जनित्र का सिद्धान्त, डी0सी0 मशीनों की संरचना, डी0सी0 मोटर की बनावट एवं कार्य विधि, उपयोग, किस्म तथा अनुरक्षण, स्टार्टर। 14

द्वितीय प्रश्न–पत्र
(ए0 सी0 फन्डामेंटल एवं ए0 सी0 मशीनें)

पूर्णांक–60

इकाई

1–**प्रत्यावर्ती धारा मशीनें**–ट्रान्सफारमर का कार्य सिद्धान्त, बनावट, उपयोग एवं किस्में/सिनक्रोनस मोटर, संरचना, कार्यविधि एवं उपयोग, रोटेटिंग मोटर, प्रेरण मोटर–सिंगल फेज एवं तीन फेज मोटर का सामान्य ज्ञान, ए0सी0 मोटर के स्टार्टर का ज्ञान। 30

2–विद्युत वितरण एवं संचारण व्यवस्था का सामान्य परिचय। 16

3–विद्युत सुरक्षा एवं प्राथमिक उपचार–नियम एवं सावधानियां। 14

तृतीय प्रश्न–पत्र
(घरेलू वायरिंग एवं मोटर वाइन्डिंग)

इकाई **पूर्णांक–60**

1–**फ्यूज**–विद्युत परिपथ में फ्यूज का महत्व, फ्यूज के प्रकार, फ्यूज बनाने में प्रयुक्त पदार्थ, परिपथ में फ्यूज न होने की स्थिति में हानियाँ, फ्यूज की रेटिंग, फ्यूज बाँधना। 16

2–**विद्युत् प्रकाश स्रोत**–आर्क लैम्प, तापदीप्त बल्ब, गैसीय विसर्जन बल्ब, नियोजन बल्ब, सोडियम वाष्प बल्ब, मरकरी पेपर लैम्प, फ्लूरोसेन्ट ट्यूब, बनावट–सहायक सामग्री एवं परिपथ आरेख। 14

